# संक्षिप्त खबरें

## बोनट से गिरे किसान की ट्रैक्टर ने कुचलकर मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव



**भीटी।** बोनट से गिरे किसान को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भीटी के गांव बेला महमूदपुर के राम आशीष विश्वकर्मा घर पर रहकर खेती-किसानी करते थे। गत सोमवार को दोपहर वह भाड़े की ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गन्ना लादकर मिझौड़ा स्थित अकबरपुर चीनी मिल बेचने आए थे। ट्रैक्टर को उनके गांव का अंकित चला रहा था। रात करीब ढाई बजे गन्ना बेचकर वह ट्रैक्टर के बोनट पर बैठकर घर के लिए निकले थे। रात करीब सवा तीन बजे ट्रैक्टर मिझौड़ा-महरुआ मार्ग पर प्रतापीपुर गांव के पास भगवानपट्टी मोड़ पर पहुंची थी। इसी दौरान राम आशीष को अचानक झपकी आ गयी। वह असंतुलित होकर बोनट से नीचे गिर गए और ट्रैक्टर-ट्राली का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। एम्बुलेंसकर्मियों की मदद से चालक उन्हें लेकर कटेहरी सीएचसी पहुंचा। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अहिरौली पुलिस ने पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष बीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## हमीरपुर में खौफनाक मंजर: 4 दिन से घर में बंद सफाई कर्मी का शव मिला, बदबू से खुला राज



**हमीरपुर।** हमीरपुर के मौदहा कस्बे में चार दिन से घर में बंद नगर पालिका के सफाई कर्मी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घर से बदबू आने पर मोहल्लेवासियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौदहा कस्बे के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय अनिल उर्फ बबलू नगर पालिका मौदहा में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि वह चार दिन से घर के अंदर बंद बताया था।घर के अंदर से आ रही बदबू के कारण मोहल्ला वासियों ने पुलिस को दी सूचना। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय व कोतवाली पुलिस ने मृतक के भाई रमेश को सूचना दी और पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ सड़े शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था, मृतक की पत्नी मीना व बच्चे फैजाबाद में रहते थे। इस संबंध में सीओ राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सोनभद्र: दुद्धी के जंगल में मिला अज्ञात महिला का शव, चेहरे पर चोट के निशान

**सोनभद्र।** दुद्धी क्षेत्र के धनौरा व जपला गांव के जंगल के बीच सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात महिला का शव मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। साड़ी ब्लाऊज पहनीं महिला के पास राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिंदुआरी स्थित पेट्रोल पंप की पर्ची बरामद किया है। पुलिस उस आधार पर मामले की जांच कर रही है। चर्चा है कि रविवार की शाम करीब पांच बजे एक चरवाहा पशुओं को चराकर लौटते वक्त महिला को मृत अवस्था में झाड़ियों के बीच पड़ा देखा था, वह डर कर भाग निकला। चूंकि शाम ढल रही थी। चरवाहा जब गांव लौटा तो अगल बगल के लोगों को बताया कि एक महिला का शव जंगल के बीचों बीच पड़ा है।

सोमवार की सुबह मोबाइल से धनौरा के प्रधान को सूचना दी। उसके बाद ग्राम प्रधान ने दुद्धी पुलिस को घटना के बारे में बताया। दुद्धी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह व कस्बा इंचार्ज जंगल के बीच में घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। मौके पर डीजल पर्ची शव के पास मिली जो दो दिन पहले राबर्ट्सगंज के हिंदुआरी पेट्रोल पंप के नाम से पर्ची निकली। उस पर एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर मिला। पुलिस ने उस नंबर पर फोन कर बात की। उसे कोतवाली तलब किया है।

# भारत का आधार कार्ड, वोट डालने नेपाल जा रहा युवक गिरफ्तार; SSB ने दर्ज कराया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** 20 वर्ष से भारत में रहकर मजदूरी करने वाला नेपाली युवक वोट डालने के लिए नेपाल जाते समय सीमा पर पकड़ लिया गया। सशस्त्र सीमा बल नौवीं वाहिनी ने उसके पास भारत के पटियाला गांव का आधार कार्ड व नेपाल का भी नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने पर उसे जरवा पुलिस के हवाले कर दिया। युवक की पहचान सुंदर केसी पुत्र प्रेम बहादुर निवासी अंगलुंग, थाना पुरुकोतदा, जिला गुलमी, नेपाल के तौर पर हुई है। जारवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पाल ने बताया कि नेपाल में चुनाव के दृष्टिगत कोयलाबास सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया गया था। चेकिंग के दौरान एसएसबी कोयलाबास चौकी के सहायक उपनिरीक्षक रंजीत नाथ ने नेपाल सीमा में प्रवेश का प्रयास कर रहे युवक को रोक लिया।

संदिग्ध प्रदीप होने पर नेपाल जाने का कारण पूछा। युवक ने बताया कि वह नेपाल का रहने वाला है, वोट डालने के लिए जा रहा है। पहचान पत्र मांगने पर उसने पहले भारत के पटियाला गांव का आधार कार्ड दिखाया। नेपाल में वोट डालने की बात पूछने पर वहां का नागरिकता प्रमाण पत्र भी दिखाया। दो में से एक अभिलेख फर्जी होने की आशंका पर एसएसबी ने जांच की। भारत का आधार कार्ड फर्जी होने का आरोप लगाते हुए जारवा कोतवाली में सुंदर केसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। जारवा कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में जारवा कोतवाली के उपनिरीक्षक महेंद्र नाथ सिंह, एसएसबी के हेड कांस्टेबल अभिजीत टुले, कांस्टेबल शोभित शुक्ल, सीबू टी, पुलिस कांस्टेबल प्रेमचंद्र व अखिलेश गौतम शामिल रहे।

# जबरन रंग डालने पर होगी कार्रवाई, मिश्रित व मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस की विशेष नजर, होली पर अलीगढ़ में कड़ी सुरक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगढ़।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की है। जबरन रंग डालने, अभद्रता करने या माहौल बिगाड़ने की आशंका को देखते हुए मिश्रित व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को विशेष रूप से चिन्हित कर वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के साथ लगातार पैदल गश्त कर निगरानी रखी जाएगी।

**संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त फोर्स, सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात**

एसएसपी नीरज जादौन के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थानों का चिन्हांकन कर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। जबकि प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। इसके अलावा सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे



और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोकेंगे।

**जबरदस्ती रंग डालने की ना करें कोशिश**

एसएसपी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर उसकी इच्छा के विरुद्ध रंग डालना, अभद्र व्यवहार करना या धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास करना गंभीर अपराध माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सोशल मीडिया पर भी निगरानी रख रही। अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**पुलिस ने विशेष अभियान चलाया**

होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में विशेष गश्त अभियान चलाया जाएगा। पीआरवी, डायल-112, थाना पुलिस और अन्य सुरक्षा इकाइयों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी, जिससे भीड़ और गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

**होली से पहले एसएसपी ने शहर में किया फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था परखी**

होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अलीगढ़ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने थाना कोतवाली नगर व देहलीगेट क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

**एसएसपी ने दिए चौकस रहने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात पुलिस बल को सतर्क रहने, गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान मृगांक शेखर पाठक, मयंक पाठक व सम्यक चौधरी मौजूद रहे।

# कैसे चूड़ी के तीन टुकड़ों और बिंदी से खुला महिला की हत्या का राज? महोबा हत्याकांड में नौकरानी और बेटा निकले कातिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महोबा।** शहर के मुहल्ला खोया मंडी निवासी 65 वर्षीय किरन पुरवार की 25 फरवरी को हत्या कर दी गई। घटनास्थल पर मिले चूड़ी के तीन टुकड़ों और तकिया में लगी बिंदी से पुलिस को दिशा मिली और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की मदद ली गई। इसके बाद घटना का राजफाश हो गया। घर में लगी नौकरानी को छोटी-छोटी बातों पर डांटने और बेइज्जती करने से आहत होकर उसने बेटे के साथ मिलकर पैरालिसिस (लकवा) ग्रसित मालकिन की तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी। उनके कान के टाप्स नोंचे, जिससे लगे कि किसी ने लूट के इरादे से हत्या की है। पुलिस ने आरोपित मां व बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शहर के मुहल्ला खोयामंडी निवासी 65 किरन पुरवार पत्नी संतोष पुरवार की 25 फरवरी बुधवार की देर रात सूने घर में संदिग्ध हालातों में मृत्यु हो गई थी। दिवंगत के दामाद प्रयागराज निवासी विशाल ने बताया था कि घर पर केवल पति पत्नी ही रहते थे। उनके ससुर घर के पास ही किराना की दुकान चलाते हैं। रात करीब नौ बजे उन्होंने और उनकी पत्नी आकांक्षा ने मां से वीडियो काल पर बात हुई थी। ससुर दुकान पर थे। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं थी। कुछ ही देर बाद ससुर का फोन आया कि मां बेसुध पड़ी हैं कुछ बोल नहीं रहीं हैं। हालांकि सास का आधा धड़ लकवाग्रस्त था और वह ज्यादा चल फिर नहीं पाती थीं।

इसके बाद ससुर का फिर फोन आया कि उनकी मौत हो गई है। ऊसास के कान के बाले खींचकर निकाले गए थे, जिससे उनके कान पर छेद भी हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिंक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। मौके पर चूड़ी के तीन टुकड़े और तकिया में बिंदी लगी मिली। जिससे पुलिस को शक हुआ कि किसी महिला ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने दिवंगत किरन के यहां खाना बनाने आने वाली युवती से पूछताछ की पर उसकी शादी ही नहीं हुई थी और वह चूड़ी नहीं पहनती थी। इसके बाद दूसरी नौकरानी आशा रैकवार निवासी नयापुरा बंधानवार्ड की चूड़ियों से टुकड़ों को मिलाया गया तो वह मिल गई। कड़ाई से पूछा गया तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आशा ने बताया कि मालकिन उसे बात-बात पर टोकती थी और डांटकर बेइज्जत करती थीं। समय पर उसे तनख्वाह नहीं दी जाती थी। इससे आहत होकर उसने अपने बेटे 27 वर्षीय सोनू के साथ उनकी तकिये से मुंह दबाकर हत्या कर दी। उनके कान के टाप्स नोंचे, जिससे किसी को लगे के लूट के बाद हत्या की गई। एएसपी वंदना सिंह ने बताया कि आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**घटना के दिन चार बजे ही काम करके चली गई थी आशा –**

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपित आशा रैकवार रोजाना शाम को छह बजे दिवंगत किरन के यहां काम करने जाती थी। लेकिन उस दिन वह शाम 4 बजे ही पूरा काम करके निकल गई। ताकि उस पर किसी को शक न हो। पड़ोसियों ने भी बताया कि वह उस दिन जल्दी चली गई थी। इससे पुलिस का शक गहराया। पूछताछ में उसने बताया कि वह दोबारा रात्रि में अपने बेटे के साथ मालकिन के घर गई और तकिया से मुंह दबाकर दोनों ने मिलकर उनकी हत्या कर दी।

# केक से युवक की मौत के बाद बस्ती-गोंडा खाद्य विभाग की बभनान में बड़ी छापेमारी, दुकान से लिया नमूना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** केक खाने से युवक के मृत्यु के बाद आखिरकार खाद्य विभाग की नींद टूट ही गई। बस्ती व गोंडा के खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने गोंडा जनपद के हिस्से में पड़ने वाले स्टेशन रोड पर स्थित बभनान के उस गोदाम पर छापेमारी की, जहां से आरोपित दुकानदार केक खरीद कर लाने की बात बताई है। छापेमारी से पूरे बभनान बाजार में हड़कंप मच गया। फास्ट फूड सहित चाय पानी की दुकानों का शटर भी धड़ाधड़ गिरने लगा। सोमवार दोपहर बाद गोंडा के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकुर मिश्रा ,संतोष कुमार व बस्ती के सहायक आयुक्त खाद्य चितरंजन, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह , मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश वर्मा की टीम बभनान पहुंची। उन्होंने पश्चिम बंगाल के एक कंपनी द्वारा बनाए गए केक का नमूना लिया। जिस कंपनी के केक खाने से रविवार को गौर थाना क्षेत्र के महुआ डाबर गांव निवासी अमन की मृत्यु हो गई थी। गोंडा के सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि गोदाम मालिक ने बताया है कि वह दक्षिण दरवाजा स्थित केक एजेंसी से केक लाया था। वहां पहुंचकर भी मामले की छानबीन की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक चैन के माध्यम से केक के निर्माता तक पहुंच जाएगा। उन्हें नोटिस दी जाएगी। गौर थाना क्षेत्र के महुआ डाबर गांव के 18 वर्षीय अमन सिंह ने गांव की ही एक दुकान से केक खरीदा। जैसे ही केक खाया कुछ देर बाद पेट दर्द के साथ उल्टी होने लगी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया था। इसी गांव के ओंकार प्रजापति के चार वर्षीय बेटे दुर्गेश ने भी केक का एक टुकड़ा खाया था कुछ देर बाद उसकी भी तबीयत भी बिगड़ गई। उसे बभनान के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज कैली अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है ।हालांकि ग्रामीण बता रहे हैं कि वह खतरे से बाहर है।

**खाद्य पदार्थों की नियमित जांच ना होने से बढ़ रही फूड प्वाइजनिंग की घटना**

खाद्य पदार्थों के नियमित जांच ना होने व



जागरूकता के अभाव में गौर ब्लाक क्षेत्र में लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो रहे हैं। आलम यह है कि लोग न सिर्फ डिब्बा बंद दूषित खाद्य पदार्थो का सेवन कर लें रहे हैं बल्कि ठेले पर बेची जा रहे सड़ी-गली, टिकिया ,बर्गर, चना छोला को भी खा कर बीमार हो जा रहें हैं। गौर क्षेत्र में महज 6 माह के भीतर ही दो बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। बीते सितंबर माह में गौर थाना क्षेत्र के गोनहा गांव में दुर्गा पूजा के दौरान एक दुकानदार से मसालेदार चना छोले खाकर लगभग 24 बच्चे बीमार पड़ गए थे। फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए इन बच्चों में से अधिकांश को जान बचाने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

वहीं दूसरी घटना महुआ डाबर गांव की है। केक खाने से अमन की मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बभनान ,गौर सहित स्थानीय बाजारों में नियमित चेकिंग ना होने से अमानक खाद उत्पादन की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिससे कई बार लोग फूड प्वाईजनिंग के शिकार हुए हैं। बाजारों में मिलावट की भरमार है। बाजारों में यदि छापेमारी की भी जाती है तो महा खानापूर्ति ही रहती है। छापेमारी के नाम पर छोटे दुकानदारों का सैंपल भरकर इतिश्री कर ली जाती है।

**गांव के बाहर हुआ अंतिम संस्कार फफक उठे लोग**

पोस्टमार्टम के बाद अमन सिंह का शव सोमवार को घर पहुंचा तो एक बार फिर कोहराम मच गया। उसके पिता संतोष सिंह ने गांव के बाहर उसका अंतिम संस्कार किया। इस बीच मौके पर गौर पुलिस भी मौजूद रहीं। थानाध्यक्ष गौर संतोष कुमार ने बताया कि मामले में फूड सेल से लेकर पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

# बस्ती में बरामदे में सो रही किशोरी की गोली मारकर हत्या, प्रेम प्रसंग का शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** घर के ओसारे (बरामदे) में अपने छोटे भाई के साथ सो रही 17 वर्षीय किशोरी की अज्ञात बदमाश ने गोली मारकर हत्या कर दी। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला की जांच शुरू कर दी है और आरोपित की तलाश में एसओजी व अन्य टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। घटना कलवारी थाना क्षेत्र के बैड़ारी एहतमाली गांव के मदरहवा पुरवा की है। मृतका की मां अनीता देवी के अनुसार, सोमवार की रात बेटी अनुष्का और 14 वर्षीय बेटा अनीश घर के ओसारे में एक ही तख्त पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे, जबकि वह बाहर जानवरों की देखभाल के लिए सो रही थीं। आधी रात को एक अज्ञात युवक घर में चढ़ आया और सो रही अनुष्का के माथे व जबड़े में असलहा सटाकर दो गोलियां मार दीं। इसके बाद उसने अनीता देवी पर भी निशाना साधा, लेकिन गोली नहीं चली। शोर मचाने पर हमलावर सड़क किनारे खड़ी



मोटरसाइकिल से फरार हो गया। वह पीठ पर एक छोटा बैग भी रखा हुआ था।

**गोली की आवाज से भाई का कान हुआ सुन्न**

बगल में सो रहे भाई अनीश ने बताया कि गोली की आवाज इतनी तेज थी कि उसके कान सुन्न हो गए। उसे समझ ही नहीं आया कि पास में सो रही बहन को गोली लगी है। जब मां ने एहतियातन उसे अनुष्का को अपने पास बुलाने को कहा और वह नहीं उठी, तब रजाई हटाने पर उसका चेहरा खून से लथपथ दिखा। एक गोली माथे पर और दूसरी जबड़े में लगी थी। इसके बाद परिजन एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। स्थानीय थाना पुलिस के साथ नगर व दुबौलिया के सहित अन्य थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए हैं। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है। अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मृतका की मां ने गांव के ही एक युवक पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि तीन माह पूर्व उक्त युवक ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल की थी, जिस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। हाल ही में पीड़िता का न्यायालय में बयान भी हुआ था। बताया कि युवक जबरदस्ती मेरी बेटी से शादी व संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। जिसको लेकर वह कई बार धमकी भी दे चुका था। बताया जा रहा है कि मृतका ने हाल ही में इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी, जबकि उसके पिता पंजाब में मजदूरी करते हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# रामजानकी मंदिर से 2.40 लाख की मूर्तियां चोरी के मामले में तीन बदमाश गिरफ्तार, 25 हजार का था इनाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महोबा।** जिले के थाना अजनर के ग्राम पुरवा पनवाड़ी स्थित रामजानकी मंदिर से पीतल की तीन मूर्तियां, सिंहासन व श्रृंगार चोरी होने की घटना में पुलिस ने 25-25 हजार के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन लोगों ने पहली बार अपराध किया और धरे गए। 50 साल पुरानी बरामद मूर्तियों की कीमत 2 लाख 40 हजार बताई जा रही है। सोमवार को भी घटना में शामिल दो आरोपित जेल भेजे जा चुके है। आरोपितों को गांव के दो युवकों ने बताया था कि मूर्तियां अष्टधातु की है या फिर सोने की। इसी लालच में उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। लेकिन मूर्तियां पीतल की निकलीं।

**पुलिस टीम को मिलेगा 25 हजार का इनाम**

एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने सीओ कुलपहाड़ रविकांत गोंड के नेतृत्व वाली थाना अजनर टीम को 25 हजार के इनाम की घोषणा की है। थाना क्षेत्र के ग्राम पुरवा पनवाड़ी स्थित रामजानकी मंदिर के पुजारी रमेश चंद्र सेन ने बताया कि उनके पिता नाथूराम ने 18 साल पहले राम जानकी का मंदिर बनवाया था और यहां पर मूर्तियां स्थापित कराई।

**27 फरवरी को दिया था वारदात को अंजाम**



उसके मुताबिक 27 फरवरी की रात्रि 8 बजे वह मंदिर की चैनल का ताला डालकर गांव स्थित अपने घर में चला गया। सुबह करीब चार बजे वह मंदिर पहुंचा तो ताले टूटे थे और राम जानकी व लक्ष्मण की पीतल की डेढ़-डेढ़ फिट की तीन मूर्तियां, सिंहासन व श्रृंगार का सामान गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की।

टीम ने मुखबिर की सूचना पर बेलाताल-श्रीनगर रोड स्थित ग्राम पुरवा पनवाड़ी मोड़ के पास से घटना को अंजाम देने वाले 25-25 हजार रुपये के इनामिया आरोपितों सचिन राजपूत उर्फ सच्चू, जितेंद्र राजपूत व श्यामसुंदर राजपूत निवासीगण ग्राम बमरारा थाना चरखारी को गिरफ्तार किया।

इनके कब्जे से रामजानकी मंदिर से चोरी गई श्रीराम, मां जानकी एवं लक्ष्मण की करीब 2.40 लाख कीमत की तीन पीतल की मूर्तियां, श्रृंगार व सिंहासन बरामद किया। आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया। सोमवार को इसमें शामिल हल्लू व भगवानदास निवासीगण पुरवा पनवाड़ी को जेल भेजा गया था। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि इन लोगों ने पहली बार अपराध किया है। हल्लू व भगवानदास ने उनकी चोरी करने में मदद की।

**आरोपियों पर घोषित था 25-25 हजार का इनाम**

मूर्तियां पीली धातु होने के चलते इनको लग रहा था कि ये सोने या अष्टधातु की हैं। पकड़े गए तीनों आरोपितों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। घटनाक्रम के दिन ये लोग गांव शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इन लोगों ने गांव के पास ही स्थित खेत में पकड़े से लपेटकर ढक दी थी। ग्राम स्थित पंचायत सचिवालय पार्क के पास से उन्होंने पकड़ा गया और मूर्तियां बरामद हुईं। आरोपितों द्वारा ऐसे मंदिरों को चिह्नत किया जाता था, जहां कोई सेवादार देखरेख करने वाला मौजूद नहीं रहता था और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी नहीं थे।

ऐसे मंदिरों की पूर्व में रेकी करने के बाद सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया। हल्लू व भगवानदास को धनुष दिए गए थे। घटना में शामिल पांचों आरोपित जेल भेजे गए। एसपी ने सीओ कुलपहाड़ रविकांत गोंड व थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चंद्र सहित टीम को 25 हजार इनाम की घोषणा की है।

# बदला लेने के लिए की गई थी चार युवकों की हत्या, सेप्टिक टैंक में फेंक दिया था शव, छह आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के बरगवां थाना के ग्राम बड़ोखर में चार युवकों करण साहू, पप्पू उर्फ जोगिंदर महतो, राकेश सिंह उर्फ सोनू, सुरेश प्रजापति की हत्या कर उनके शवों को सेप्टिक टैंक में फेक दिया गया था। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने जांच कर इस मामले में छह आरोपितों राजा रावत, बुद्धसेन साकेत, हरिशचंद्र उर्फ शुभम साकेत, रोहित साकेत, नीरज साकेत व एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी आइजी साकेत पांडे ने बताया कि तीन मृतकों को पांच गोलियां मारी गई थीं जबकि एक युवक की गला घोंटकर हत्या की गई थी। उन्होंने बताया कि जैतपुर स्थित नार्दन कोल फील्ड लिमिटेड (एनसीएल) की जमीन पर कब्जा करके जोगिंदर महतो उर्फ पप्पू ने वर्ष 2018 में घर बना लिया था। उसी के बगल में घटना के मुख्य आरोपित राजा रावत ने घर बना लिया था। इससे नाराज जोगिंदर महतो ने अगले ही दिन राजा का घर मशीन से गिरवा दिया था। इस बेइज्जती से नाराज राजा ने पप्पू को मारने की साजिश रच ली थी। मुख्य आरोपित राजा ने चारों युवकों के साथ सुरेश के घर में नव वर्ष की पार्टी की थी। इसके बाद उसने अपने पांचों साथियों के साथ मिलकर चारों युवकों की रात करीब 11 बजे सुरेश के घर में हत्या कर दी।

राजा, रंजिश के चलते जोगिंदर उर्फ पप्पू को मारने के लिए गया था। गेट सुरेश ने खोला तो आरोपितों ने कट्टे से दो गोलियां मारीं। गोली की आवाज सुनकर करण आया तो उसे एक गोली मारी। अंदर मौजूद राकेश घबराकर भागा तो दो गोलियां उसको भी मारीं। कुल पांच गोलियां चलाईं। इसी बीच राजा के सामने जोगिंदर आया तो उसे पहले उठाकर पटका, फिर राड से हमला किया। फिर उसका गला दबा कर हत्या कर दी। इसके बाद चारों के शव दस कदम दूर स्थित सेप्टिक टैंक में फेंककर भाग गए।

# चित्रकूट में हवन के धुएं से मधुमक्खियों ने किया हमला, दुल्हा-दुल्हन समेत 12 लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट।** सदर कर्वी कोतवाली क्षेत्र के बनाडी गांव के सिद्धबाबा स्थल पर सोमवार दोपहर देवी पूजन के दौरान हवन से उठते धुएं के बीच मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। हवन की धार्मिक आहुति और धुएं के बीच मौजूद लोग बचाव की कोशिश करते हुए इधर-उधर भागने लगे, लेकिन 12 लोग घायल हो गए, जिनमें दुल्हा-दुल्हन भी शामिल हैं। घटना के समय मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे, लेकिन मधुमक्खियों ने उन पर हमला करना जारी रखा। कई लोगों के शरीर पर कई डंक लगे। किसी तरह नौ लोगों ने एक बोलेरो में घुस कर जान बचाई और जिला अस्पताल पहुंचे, जबकि बाकी तीन घायल अपने परिवार के साथ गांव लौट गए।

**दूल्हा-दुल्हन समेत 12 लोग हुए घायल**

थाना मानिकपुर के गढचपा गांव निवासी विमल कुमार ने बताया कि उनकी शादी के बाद पहली बार पूजन के



लिए दुल्हन सपना के साथ परिवार सिद्धबाबा स्थल पहुंचे थे। पूजन शुरू होते ही मंदिर के पास लगे पेड़ के छत्ते से मधुमक्खियां हवन स्थल तक आ गई। जैसे ही लोग संभलने लगे, मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। दुल्हन सपना पर भी हमला हुआ, जिससे वह बेसुध हो गई और उन्हें कई डंक लगे। घायलों में गांव की पूजा पुत्री कल्लू, नथिया पत्नी कल्लू, संतोषिया पत्नी बच्छराज, अर्चना पुत्री बच्छराज, नेहा पत्नी रोहित, रोहित पुत्र रामेश्वर और गुलबिया पत्नी सुरेश शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। विमल कुमार ने बताया कि अन्य तीन घायल अपने साधन से गांव चले गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर जामा मस्जिद में जलसा आयोजित



**बिसवां।** मोहल्ला शेख सराय में स्थित जामा मस्जिद में तरावीह की नमाज़ के दौरान कुरान-ए-पाक मुकम्मल होने के अवसर पर एक जलसे का आयोजन किया गया। तरावीह की नमाज़ में कुरान हाफिज खालिद रज़ा ने कुरान-ए-पाक मुकम्मल किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाज़ी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सदारत मस्जिद के सदर हाजी मोहम्मद रफी अहमद ने की। वहीं बयान करते हुए हाफिज मोहम्मद अय्यूब खान ने कहा कि कुरान-ए-पाक इंसानियत के लिए हिदायत की किताब है। इसे पढ़ना, समझना और उस पर अमल करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने बच्चों को दीनी तालीम से जोड़ें और उन्हें हाफिज-ए-कुरान बनाने का प्रयास करें। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद रफी अहमद, सेक्रेट्री हाफिज मोहम्मद अय्यूब खान, नायब सदर मोहम्मद अय्यूब खान, सरपरस्त हाजी कामिल खां सहित बड़ी संख्या में नमाज़ी व अन्य लोग मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक मौत, ट्रक के नीचे दबा ड्राइवर, तीन की हालत गंभीर



**निंदूरा (बाराबंकी)।** किसान पथ पर स्थित कुर्सी के गंगौली में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। वहीं, शीतल पेयजल लेकर मैनपुरी जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर किसान पथ किनारे पलट गया। दबे चालक को निकालने में पुलिस को करीब एक घंटा लग गया। गंभीर रूप से घायल चालक-परिचालक को लखनऊ में भर्ती कराया गया है। कुर्सी के गंगौली निवासी किशन लाल का 20 वर्षीय पुत्र श्रवण एक मार्च की शाम अपने मित्र विवेक के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। किशन लाल ने बताया कि गांव के पास ही किसान पथ पर तेज रफ्तार वाहन से पुत्र श्रवण की बाइक में टक्कर मार दी। दोनों घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां श्रवण को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल विवेक का उपचार चल रहा है। गंगौली में ही सोमवार करीब 11 बजे शीतल पेय लेकर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर किसान पथ किनारे पलट गया। ट्रक का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें एटा के कल्याणपुर निवासी धर्मेंद्र और फिरोजाबाद एका कोड़वा निवासी खलासी लल्लन बाबू फंस गए। उमरा पुलिस चौकी इंचार्ज अखिलेश प्रजापति ने लल्लन को बाहर निकाल लिया, लेकिन दबे हुए चालक धर्मेंद्र को निकालने के लिए क्रेन बुलानी पड़ी। करीब एक घंटे बाद पुलिस चालक को बाहर निकाला। दोनों को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है।

# युवक पर जानलेवा हमला 12-15 बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटा, जान से मरने का किया प्रयास

● यह घटना शहर में बढ़ती गुंडागर्दी की ओर इशारा करती है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जाए।

पीड़ित ने थाना विकास नगर में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विकास नगर, अलीगंज लखनऊ** राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में एक युवक पर 12-15 बदमाशों के गिरोह ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज का हवाला दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित सूर्यांश अवस्थी ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना बीती रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच हुई। वह अपने ऑफिस से एक बच्चे को उसके घर छोड़ने अलीगंज सेक्टर एम में अपने चाचा के घर जा रहे थे। इमामबाड़े के पास पहुंचते ही 12-15 युवकों ने उनकी स्कूटी को धक्का मारा, जिससे वह गिरते-गिरते बचे।

शिकायत के अनुसार, जब सूर्यांश ने धक्का मारने का विरोध किया तो हमलावरों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। एक युवक ने उन्हें कोने की ओर ले जाकर घेर लिया और साथियों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों में से कुछ लाठी-डंडों से लैस थे, जबकि एक ने पास की होलिका से डंडा उठाकर हमला किया। पीड़ित ने बताया कि हमलावर उन्हें पटक-पटक कर पीटते रहे और 'इन्हें जान से मार डालो' जैसी धमकियां दे रहे थे। सूर्यांश ने किसी तरह खुद को छुड़ाया और चाचा के घर की ओर भागे, लेकिन हमलावरों ने ईट-पत्थर लेकर उनका पीछा किया। घर पहुंचने पर सूर्यांश ने चाचा को फोन किया, जिन्होंने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल की। घटना का इवेंट आईडी P02032626058 दर्ज किया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उनकी स्कूटी तोड़ दी, डिग्गी खोलकर बैग का सामान बिखेर दिया और बैग को होलिका पर फेंक दिया। सूर्यांश को सिर, हाथ, पैर, पीठ और आंतरिक चोटें आई हैं, जिसके कारण वह रात भर दहशत में रहे और नींद नहीं आई।

शिकायत में हमलावरों के नाम राहुल, पिल्ली उर्फ़ अनुराग ,पवन गुप्ता, लालजी, विशाल फूलवाला और अन्य 7 से 8 अन्य बताए गए हैं। पीड़ित ने दावा किया कि घटना इमामबाड़े और चाचा के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है, जो जांच में सहायक साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर सूर्यांश ने आरोप लगाया कि ये युवक इमामबाड़े के कोने पर रोजाना जुआ, शराब और अराजकता फैलाते हैं, जिससे आसपास के निवासी परेशान हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायत पर प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पीड़ित ने पुलिस से अपील की है कि हमलावरों पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई अन्य व्यक्ति उनका शिकार न बने। दूसरे पक्ष से कोई ब्यक्ति अभी तक सामने आकर किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दिया है। यह घटना शहर में बढ़ती गुंडागर्दी की ओर इशारा करती है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जाए।


### होली के बाद मेरठ का सोहराब गेट बस डिपो हो जाएगा शिफ्ट, जगह भी हो गई फाइनल

**मेरठ।** सोहराबगेट रोडवेज बस अड्डे को पीपीपी माडल के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं को लैस किया जाना है। सोहराब गेट के वर्तमान बस अड्डे को विकसित करने के पहले इसे लोहिया नगर में बिजली उपकेंद्र के पास शिफ्ट किया जाएगा। बिजली बंबा पुलिस चौकी के सामने खाली पड़ी भूमि उप्र परिवहन निगम ने मेरठ विकास प्राधिकरण से किराए पर ली है। अब होली के पर्व के बाद यहां भूमि को समतल करने और शेड डालने का कार्य शुरु किया जाएगा। सोहराबगेट से लखनऊ, मुरादाबाद, आगरा, बुलंदशहर, हापुड़, राजस्थान आदि स्थानों के लिए 260 बसें चलती हैं। नया बस अड्डे का निर्माण शुरू होने से पहले वर्तमान इमारत को को गिराया जाएगा। सोहराबगेट डिपो की बसों का रखरखाव के लिए वर्क शाप को स्थानांतरित करने का कार्य शुरु हो गया है। सोहराब गेट डिपो के एआरएम राजीव कुमार ने कहा कि मेडा को भूमि के किराए साढ़े छह लाख रुपये जमा कर दिया गया है। जल्द यहां पर कार्य शुरु होगा।

## खामेनेई के निधन पर पुराने लखनऊ में सन्नाटा, बाजार बंद; हाई अलर्ट पर पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ** ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के निधन की खबर के बाद पुराने लखनऊ में सोमवार को गहरा शोक और सन्नाटा देखने को मिला। शहर के कई प्रमुख बाजार बंद रहे, जबकि पर्यटकों के लिए ऐतिहासिक स्थलों के द्वार अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए। बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और रूमी दरवाजा समेत आसपास के इलाकों में गतिविधियां सीमित रहीं। कई स्थानों पर शोक संदेश वाले पोस्टर लगाए गए और समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।



**इंटरनेट मीडिया पर कड़ी निगरानी**

त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। निगरानी के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से 11 विशेष टीमें गठित की गई हैं।

साइबर क्राइम सेल और स्थानीय पुलिस इकाइयों को भी सक्रिय किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, वाट्सएप ग्रुप या अन्य प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक सामग्री साझा करने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के साथ-साथ ग्रुप एडमिन की भी जवाबदेही तय की जाएगी।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

रविवार को खबर सामने आने के बाद पुराने शहर में प्रदर्शन हुए थे, हालांकि वे शांतिपूर्ण रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी और अन्य इकाइयों की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों से संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### देवरिया पेट्रोल पंप लूट: पुलिस ने छह संदिग्धों को उठाया, छापेमारी जारी

**रुद्रपुर।** नरायनपुर मार्ग स्थित डहरौली पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से पेट्रोल भराने के बाद बैग लूटकर फरार होने के मामले में पुलिस ने शनिवार की रात कई स्थानों पर छापेमारी कर छह लोगों को उठाया। उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि घटना में लोकल बदमाश शामिल रहे हैं। पेट्रोलपंप पर सीसी कैमरे में घटना का अवलोकन कर बदमाशों की तलाश पुलिस कर रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए थाना की तीन टीमें व एक सर्विलांस टीम को लगाया गया है। घटना के बाद पेट्रोल पंप के प्रबंधक मऊ जनपद के घोसी थाना क्षेत्र के पकड़ी बुजुर्ग गांव के रहने वाले आकाश निषाद पुत्र हरिराम निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि सेल्समैन सचिन साहनी पेट्रोलपंप पर वाहनों में पट्रोल भर रहे थे। उस समय उनके बैग में 8440 रुपये था। इसी दौरान बाइक में पेट्रोल भराने बदमाश पहुंचे । कैश से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि पेट्रोल पंप के प्रबंधक की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज किया गया है। लुटेरों की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने पेट्रोल पंप लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए पर्दाफाश के लिए एसओजी समेत चार टीमों का गठन किया है। पुलिस मार्ग पर पड़ने वाले करीब 24 से अधिक सीसी कैमरे को खंगाला उनके फुटेज के आधार पर लुटेरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### सीतापुर में खाना बनाते वक्त फटा गैस सिलेंडर, छह झुलसे; रेगुलेटर में रिसाव की वजह से हुआ हादसा

» सीतापुर के मानपुर में गैस सिलेंडर फटा।

» हादसे में छह लोग झुलसे, दो घर जले।

» रेगुलेटर में रिसाव से लगी भीषण आग।

**बिसवां देहात (सीतापुर)।** मानपुर के अलउदीपुर में रविवार रात करीब आठ बजे गैस सिलेंडर में रिसाव होने से आग लग गई और वह फट गया। इससे उनके घर के साथ ही पड़ोसी के घर में भी आग लग गई और छह लोग झुलस गए। साथ ही गृहस्थी का सामान भी जल गया। फायर ब्रिगेड ने आग को काबू किया। ओम प्रकाश कन्नौजिया की पत्नी इंद्रानी भोजन बना रहीं थीं। इसी दौरान हादसा हो गया। इसमें इंद्रानी, ओमप्रकाश, शोभित, अजय, अमित यादव और प्रदीप यादव को झुलस गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप और अमित को छुट्टी दे दी गई है। अन्य लोगों का उपचार चल रहा है। उप जिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला ने बताया कि राजस्व टीम भेजी गई है। थानाध्यक्ष मानपुर ने बताया अभिषेक मिश्र ने बताया झुलसे लोगों की हालत खतरे से बाहर है। आग को बुझाने में लोग आंशिक रूप से झुलसे हैं।

## गोरखपुर रंगोत्सव में दिखेगा खास उल्लास, सीएम योगी करेंगे भगवान नृसिंह शोभायात्रा का नेतृत्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** होली के पावन अवसर पर गोरखपुर का रंगोत्सव इस बार भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में भगवान नृसिंह की पारंपरिक रंगभरी शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगे। घंटाघर से निकलने वाली यह शोभायात्रा श्री होलिकोत्सव समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से आयोजित होती है। सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संदेश के साथ निकलने वाली यह परंपरा दशकों से गोरखपुर की पहचान बनी हुई है।

**दशकों पुरानी परंपरा, सामाजिक समरसता का संदेश**

भगवान नृसिंह की यह शोभायात्रा वर्ष 1944 में नानाजी देशमुख द्वारा शुरू की गई थी। बाद में गोरक्षपीठ से इसका गहरा संबंध जुड़ गया। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के निर्देश पर महंत अवेद्यनाथ ने इसमें पीठ का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1996 से 2019 तक योगी आदित्यनाथ ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। कोरोना काल में 2020 और 2021 में वह शामिल नहीं हुए, लेकिन



2022 से फिर परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

**पांच किलोमीटर लंबी शोभायात्रा**

पांच किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाली यह शोभायात्रा गोरखपुर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती है। भगवान नृसिंह के रथ पर सवार गोरक्षपीठाधीश्वर रंगों में सराबोर होकर लोगों का अभिवादन करते हैं।रंगोत्सव की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में होलिकादहन की भस्म से तिलक लगाकर होगी। मंदिर परिसर में फाग गीत गाए जाएंगे और दोपहर बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।गोरखपुर की यह शोभायात्रा अब देशभर में अपनी अलग पहचान बना चुकी है और इसकी तुलना मथुरा-वृंदावन की होली से की जाती है।

# राष्ट्र विरोधी शक्तियों के विरुद्ध भारत को दिखानी होगी 'निर्णायक सजगता': राजपुरोहित मधुर जी

● .....वैश्विक उथल-पुथल के बीच आंतरिक एकता को बनाए रखने और अफवाहों से बचने का आह्वान; सांस्कृतिक समरसता को बताया देश का सबसे मजबूत सुरक्षा कवच।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली:** वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गहराते संघर्ष और बढ़ती अस्थिरता को देखते हुए प्रख्यात ज्योतिषाचार्य एवं धर्ममार्गदर्शक राजपुरोहित मधुर जी ने देश की सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया है कि जब विश्व के कई हिस्से युद्ध और अशांति की आग में झुलस रहे हों, तब भारत जैसे उभरते और महत्वपूर्ण राष्ट्र के लिए आने वाला समय अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मधुर जी ने दोटूक शब्दों में कहा कि इस नाजुक समय का लाभ उठाकर राष्ट्र विरोधी ताकतें देश के भीतर सक्रिय हो सकती हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य समाज में भ्रम की स्थिति पैदा करना, वैचारिक विभाजन को बढ़ावा देना और नागरिकों के बीच अविश्वास का बीज बोना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते 'निर्णायक सजगता' नहीं दिखाई गई, तो ये बाहरी और आंतरिक शक्तियां देश में अशांति का वातावरण निर्मित करने में सफल हो सकती हैं।

राजपुरोहित मधुर जी ने राष्ट्र की शक्ति के मूल मंत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की असली सामर्थ्य उसकी सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता में निहित है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि सीमा पार की चुनौतियों से कहीं अधिक खतरनाक वे परिस्थितियाँ होती हैं, जो समाज को भीतर से खोखला और कमजोर करने लगती हैं। उनके अनुसार, देश की सहनशीलता को किसी भी सूरत में कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता की दिशा में कठोर और सतर्क कदम उठाने की अपेक्षा की, साथ ही आम नागरिकों को भी इस 'सूचना युद्ध' में सैनिक की भांति सजग रहने को कहा। उन्होंने जनता से भावुकता के बजाय राष्ट्रहित में तर्कसंगत निर्णय लेने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, उकसावे या भ्रामक प्रचार का हिस्सा बनना देश की नींव को कमजोर करने जैसा है।

अंत में, भविष्य की चुनौतियों के प्रति सचेत करते हुए राजपुरोहित मधुर जी ने एक सशक्त संदेश दिया कि यदि भारत की एकता पर कोई आघात करने का दुस्साहस करता है, तो पूरा राष्ट्र एक स्वर में खड़ा होकर उसका उत्तर देगा। उन्होंने देशवासियों से 'सतर्क, सजग और संगठित' रहने का संकल्प लेने का आग्रह किया, क्योंकि आने वाले समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यही एकजुटता है।

## लिव-इन पार्टनर पर सुसाइड के लिए उकसाने का केस, बहन का आरोप- हत्या कर आत्महत्या का रंग दिया

● प्रेमी पर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

● बहन ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया

● पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली अंतर्गत रोज टावर गार्डन सिटी-एक में लिव-इन में रहने वाली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मृतका की बहन का आरोप है कि आरोपित ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने के बाद आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई थी।

पूर्वी दिल्ली निवासी युवती का कहना है कि राहुल वैसला के साथ उसकी बहन वर्ष 2021 से लिव-इन में रह रही थी। आरोपित ने उसकी बहन को शादी का झांसा देकर शोषण किया। 12 दिसंबर 2025 को आरोपित की बुआ और बहन ने धमकाने का प्रयास किया था। इसके बाद भी बहन व आरोपित संपर्क में थे। आरोपित उसकी बहन के साथ रोज टावर गार्डन सिटी के फ्लैट में लिव-इन में रहने लगा था। घटना वाले दिन 28 फरवरी को राहुल वैंसला भी बहन के साथ फ्लैट पर था। उसी ने सूचना दी कि बहन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जबकि वह घटना स्थल पर पहुंची तो बहन का शव फर्श पर पड़ा था। आरोप है कि प्रेमी ने ही बहन की हत्या कर शव फंदे से लटकाया।

उन्होंने कहा कि उनकी बहन स्वभाव से खुशमिजाज और जीवन के प्रति उत्साही थी। वह आत्मघाती कदम नहीं उठा सकती। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में अनुरोध किया कि घटनास्थल की वैज्ञानिक ढंग से जांच कराई जाए। सीसीटीवी फुटेज, काल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया जाए। मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया मामला संज्ञान में है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## देवरिया में नसबंदी के बाद महिला हुई गर्भवती, स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

● नसबंदी के डेढ़ साल बाद महिला हुई गर्भवती।

● स्वास्थ्य विभाग सकते में, महिला ने कार्रवाई मांगी।

● एसीएमओ ने नसबंदी विफलताओं पर मुआवजे का आश्वासन दिया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तरकुलवा, (देवरिया)।** ऑपरेशन होने के डेढ़ साल बाद महिला ने गर्भवती हो गई है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग सकते में है। उधर, पीड़ित महिला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 5 मार्च 2024 को अपना नसबंदी कराया। इसके बाद महिला डेढ़ साल के बाद पुनः गर्भधारण कर ली है। जानकारी होने के बाद घर वालों



सहित महिला काफी परेशान है। इसको लेकर महिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जहां पर उसने अपने प्रमाण पत्र पर सक्षम अधिकारियों से हस्ताक्षर करने के लिए कही। जिस पर उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद वह मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास गई और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसीएमओ एके शाही ने बताया कि नसबंदी आपरेशन के बाद एक से दो प्रतिशत ऐसी शिकायतें मिल जाती हैं। यदि पीड़ित महिला की ओर से समय से जानकारी दी जाती है तो उसे मुआवजा के लिए पत्राचार किया जाता है। विभाग से जो संभव होगा वह मुआवजा दिलाया जाएगा।

## बाराबंकी में 3.35 करोड़ से चमकेंगी सड़कें, चार मार्गों के चौड़ीकरण को मिली मंजूरी; विकास को मिलेगी नई रफ्तार

● चार प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण को मिली स्वीकृति।

● 3.35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

● ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आवागमन को मिलेगा बल।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाराबंकी।** प्रमुख चार मार्गों के चौड़ीकरण के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिल गई है। होली में क्षेत्रवासियों के लिए यह उपहार के तौर पर देखा जा रहा है। करीब 3.35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी, जिससे आवागमन सुगम होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी।

शासन स्तर से मिली मार्गों को स्वीकृति में गाजीपुर-दरियाबाद से पांडेयपुरवा संपर्क मार्ग है, जिसकी लागत 65.35 लाख रुपये है। यह मार्ग एक किलो मीटर बनेगा। पूरेबलवंत से मऊ-देवीगंज, सुबेहा संपर्क मार्ग 94 लाख रुपये की लागत से 1.50



किमी बनेगा।

**82.23 लाख से 1.20 किलो मीटर बनेगी सड़क**

बंधा मार्ग से सुबेदार का पुरवा होते हुए कोठरी गोरिया संपर्क मार्ग 94.06 लाख रुपये से 1.50 किमी सड़क बनेगी। पूरेजोगा-गोबरे का पुरवा संपर्क मार्ग 82.23 लाख रुपये से 1.20 किलो मीटर बनेगा। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि इन मार्गों की हालत लंबे समय से खराब थी, जिससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती थी।

## इकाना स्टेडियम में भारत बनाम अफगानिस्तान वनडे, रोहित-कोहली का दिखेगा जलवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने अफगानिस्तान के भारत दौरे का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित कर दिया है। दौरे के तहत एक टेस्ट मैच और तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेली जाएगीवनडे सीरीज का दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित होगा। इस मुकाबले में टीम इंडिया का सामना अफगानिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से होगा।

**रोहित-कोहली की बल्लेबाजी का मिलेगा रोमांच**

लखनऊ के दर्शकों को एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी देखने का मौका मिलेगा। साथ ही जसप्रीत बुमराह की सटीक यॉर्कर भी मुकाबले को रोमांचक बनाएगी। सीरीज का पहला वनडे धर्मशाला और तीसरा चेन्नई में खेला जाएगा।



**पिछली बार कोहरे में रद्द हुआ था मुकाबला**

इकाना स्टेडियम में पिछले वर्ष भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच प्रस्तावित वनडे मुकाबला घने कोहरे के कारण शुरू नहीं हो सका था। दृश्यता बेहद कम होने से मैच रद्द करना पड़ा था। ऐसे में इस बार दर्शकों को पूरे रोमांच की उम्मीद है।

**पहली बार लखनऊ में भारत-अफगानिस्तान भिड़ंत**

अब तक दोनों टीमों के बीच चार वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें भारत ने तीन जीते हैं और एक मैच टाई रहा है। हालांकि इकाना स्टेडियम अफगानिस्तान का घरेलू मैदान भी रह चुका है, लेकिन लखनऊ में भारत और अफगानिस्तान के बीच यह पहला आधिकारिक वनडे मुकाबला होगा।अफगानिस्तान टीम में राशिद खान जैसे स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी मैच को और दिलचस्प बनाएगी। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह मुकाबला खास आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# भारत कनाडा संबंधों का नया स्वर्णिम अध्याय

भारत और कनाडा के रिश्तों में हालिया उच्चस्तरीय वार्ता के बाद एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बैठक ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने का काम किया है। इस मुलाकात में ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, कृषि और वैश्विक शांति जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई और कई अहम समझौतों पर सहमति बनी। विशेष रूप से सिविल न्यूक्लियर एनर्जी के क्षेत्र में यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति को लेकर हुआ समझौता इस वार्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

यह मुलाकात दोनों नेताओं के बीच औपचारिक द्विपक्षीय बैठक के रूप में महत्वपूर्ण रही। पिछले वर्षों में भारत और कनाडा के संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिले थे, किंतु इस बैठक ने यह संकेत दिया कि दोनों देश परिपक्व कूटनीतिक दृष्टिकोण के साथ भविष्य की ओर बढ़ना चाहते हैं। बातचीत में पारस्परिक विश्वास, आर्थिक सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती देने पर बल दिया गया।

यूरेनियम आपूर्ति समझौता इस यात्रा का केंद्रीय बिंदु रहा। करीब 2.6 अरब डॉलर यानी लगभग 23,784 करोड़ रुपए के इस करार के तहत कनाडा अगले दस वर्षों तक भारत को यूरेनियम की आपूर्ति करेगा। कनाडा विश्व के प्रमुख यूरेनियम उत्पादक देशों में से एक है और भारत की बढ़ती परमाणु ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए यह समझौता ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में यह कदम निर्णायक साबित हो सकता है। भारत पहले से ही 2013 में लागू हुए न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट के तहत कनाडा से यूरेनियम प्राप्त करता रहा है, किंतु इस नई दीर्घकालिक व्यवस्था से स्थिरता और भरोसे की नई नींव पड़ी है।

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग केवल कच्चे यूरेनियम की आपूर्ति तक सीमित नहीं रहेगा। दोनों देशों ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर तकनीकों के विकास में भी सहयोग की बात कही है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तकनीकी लाभ मिलेगा और ऊर्जा मिश्रण में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य साकार हो सकेगा। जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन में कमी की वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बीच यह सहयोग भारत की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है।

रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में भी साझेदारी को नई गति देने का निर्णय लिया गया है। समुद्री क्षेत्र जागरूकता, रक्षा उद्योगों में सहयोग और सैन्य आदान-प्रदान जैसे पहलुओं पर सहमति जताई गई। बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में यह सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक महत्व रखता है। आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता को मानवता के सामने गंभीर चुनौती बताते हुए दोनों नेताओं ने इनसे निपटने के लिए घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

आर्थिक दृष्टि से भी यह बैठक अहम रही। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। जनवरी से अक्टूबर 2025 के दौरान दोनों देशों के बीच लगभग 8 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जो भविष्य में और तेजी से बढ़ सकता है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और कनाडा प्राकृतिक संसाधनों, प्रौद्योगिकी और निवेश क्षमता के लिए जाना जाता है। ऐसे में दोनों की पूरक अर्थव्यवस्थाएं व्यापक अवसर पैदा कर सकती हैं।

फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर भी बातचीत शुरू करने की घोषणा की गई है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है तो व्यापार और निवेश के नए द्वार खुलेंगे। भारतीय उद्योगों को कनाडाई बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी और कनाडाई कंपनियों को भारत के विशाल उपभोक्ता बाजार में अवसर प्राप्त होंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में मूल्यवर्धन पर सहयोग से किसानों और कृषि उद्योग को लाभ हो सकता है। भारत में दालों की मांग को देखते हुए कनाडा के पल्स प्रोटीन क्षेत्र में सहयोग विशेष महत्व रखता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में क्रिकेट के टी20 प्रारूप का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे टी20 में त्वरित निर्णय और मजबूत साझेदारी से मैच जीते जाते हैं, वैसे ही भारत और कनाडा मिलकर भविष्य का निर्माण करेंगे। यह टिप्पणी केवल सांकेतिक नहीं थी, बल्कि इस बात का संकेत थी कि दोनों देश तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों में सक्रिय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहते हैं।

वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों देशों की समान सोच सामने आई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत ने स्पष्ट किया कि वह विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है तथा हर समस्या का समाधान संवाद के माध्यम से निकाला जाना चाहिए। यह रुख भारत की पारंपरिक विदेश नीति के अनुरूप है, जो संतुलन और कूटनीतिक समाधान पर जोर देती है।

द्विपक्षीय संबंधों की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो 2008 के भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के बाद भारत के लिए वैश्विक परमाणु व्यापार के रास्ते खुले थे। उसी क्रम में 2013 का भारत-कनाडा परमाणु सहयोग समझौता लागू हुआ। हालिया करार उसी प्रक्रिया की अगली कड़ी है, जिसने दोनों देशों के संबंधों को और गहराई दी है।

कुल मिलाकर यह बैठक केवल एक आर्थिक समझौते तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने राजनीतिक विश्वास, रणनीतिक साझेदारी और दीर्घकालिक सहयोग की नई दिशा तय की है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग, व्यापार विस्तार और वैश्विक शांति के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत और कनाडा भविष्य में बहुआयामी संबंधों को और सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बदलते वैश्विक परिदृश्य में यह साझेदारी दोनों देशों के लिए अवसरों और स्थिरता का नया मार्ग प्रशस्त कर सकती

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## संयम का सामर्थ्य : भारतीय विदेश नीति का आधुनिक दर्शन

कूटनीति की जटिल दुनिया में शब्दों का चयन अक्सर एक तलवार की धार पर चलने जैसा होता है, परंतु वास्तव में कूटनीति का वास्तविक सार उन शब्दों में नहीं होता जो कहे जाते हैं, बल्कि उन अनकहे अर्थों और मौन में छिपा होता है जिसे केवल एक प्रशिक्षित और परिपक्व दृष्टि ही पढ़ सकती है। आज जब हम इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के भयावह साये में वैश्विक राजनीति का अवलोकन करते हैं, तो भारत की विदेश नीति एक ऐसे दार्शनिक और रणनीतिक संतुलन के रूप में उभरती है, जो आधुनिक यथार्थवाद के सिद्धांतों पर आधारित है। भारत का दृष्टिकोण एक ऐसे जटिल मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक द्वंद्व को प्रतिबिंबित करता है जहाँ राष्ट्रीय हित, विदेशों में बसे अपने नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता एक-दूसरे के साथ एक नाजुक संतुलन में बँधे हैं - यही कारण है कि हमारी नीति केवल संधियों और समझौतों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि मानवीय सुरक्षा के संवेदनशील धरातल पर भी काम करती है। हमारा मौन विदेशों में कार्यरत भारतीय समुदाय के लिए एक 'सुरक्षा कवच' का कार्य करता है, जो अनावश्यक रूप से राजनीतिक उबाल से उन्हें बचाने का एक उपाय है।

इजरायल और ईरान के मध्य चल रहा यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का सीमा विवाद नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक भू-राजनीतिक विखंडन का संकेत है। इस स्थिति में भारत का रुख न तो किसी एक पक्ष के प्रति पूर्ण समर्पण है और न ही पूर्ण दूरी, बल्कि यह ऐतिहासिक रूप से 'रणनीतिक स्वायत्तता' के रूप में देखा जा सकता है। भारत की विदेश नीति अब एक ऐसी परिपक्व अवस्था में पहुँच चुकी है जहाँ वह स्वयं को 'गुटनिरपेक्ष' होने के पुराने सांचे से बाहर निकालकर 'बहु-संरेखण' की नई परिभाषा गढ़ रही है। भारत का मौन - जो सतह पर कभी-कभी अनिर्णय जैसा प्रतीत हो सकता है - वास्तव में एक सोची-समझी कूटनीतिक चुप्पी है, जो यह सुनिश्चित करती है कि भारत की ऊर्जा, सुरक्षा और विदेशों में बसे अपने नागरिकों के आर्थिक हितों को किसी एक क्षेत्रीय संघर्ष की वेदी पर बलि न चढ़ाया जाए।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो भारत का यह व्यवहार एक 'स्थिर धुरी' के समान है। जब विश्व की बड़ी शक्तियां तीव्र भावनाओं के दबाव में निर्णय लेती हैं, तब भारत का संयम एक परिपक्व शक्ति के लक्षणों को प्रदर्शित करता है। ईरान के साथ हमारी ऐतिहासिक सांस्कृतिक जड़ें और चाबहार पोर्ट जैसी कनेक्टिविटी परियोजनाएं भारत की पश्चिमी पहुंच का आधार हैं, जबकि इजरायल के साथ हमारी साझेदारी हमारी सुरक्षा संरचना की एक अनिवार्य कड़ी है। इन दोनों के बीच संतुलन बिठाना केवल एक राजनीतिक विवशता नहीं, बल्कि एक कौशलपूर्ण कूटनीतिक कला है।

राजनीतिक विश्लेषण की दृष्टि से भारत की यह स्थिति 'यथार्थवाद' के उन सिद्धांतों की पुष्टि करती है जहाँ राष्ट्र अपने हितों और अपने जनमानस की सुरक्षा को सर्वोपरि रखता है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मध्य-पूर्व में किसी भी प्रकार के सैन्य गठबंधनों का हिस्सा नहीं बनना चाहता। भारत का यह रुख उस 'कौटिल्यवादी' परंपरा से प्रेरित है जहाँ विवेक और संतुलन को वरीयता दी गई है। यह संदेश वैश्विक मंच पर स्थापित करता है कि भारत एक ऐसी उभरती हुई महाशक्ति है जो अपने स्वयं के एजेंडे के माध्यम से न केवल वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त करती है, बल्कि अपने डायस्पोरा के प्रति भी पूर्णतः समर्पित और सजग है।

साहित्यिक दृष्टि से यदि हम देखें तो भारत की विदेश नीति एक ऐसे नायक की तरह है जो युद्ध की विभीषिका को जानते हुए भी स्वयं को उसमें झोंकने के बजाय, शांति के लिए एक शांत मध्यस्थ की भूमिका तलाश रहा है। 'भीष्म' की उस तटस्थता में भी एक महान उद्देश्य था, जो वर्तमान भारत की नीति में 'मानवीय रक्षा' और 'शांति की अनिवार्यता' के रूप में दिखाई देता है। यह मौन कमजोरी का नहीं, बल्कि सामर्थ्य का मौन है, जो यह संकेत देता है कि भारत को किसी एक पक्ष की बैसाखी की आवश्यकता नहीं है। जो कहा नहीं गया, वह यही है कि भारत अपनी आर्थिक प्रगति, अपनी सांस्कृतिक सुरक्षा और विदेशों में बसे अपने करोड़ों नागरिकों की गरिमा के लिए एक स्थिर वैश्विक व्यवस्था का आकांक्षी है।

डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव

# कहीं श्मशान की राख कहीं फूलों से खेली जाती है होली!

समूचे देश समेत विशेषकर उत्तर भारत में मनाया जाने वाला होली पर्व आस्था विश्वास ऋतु परिवर्तन और सामाजिक एकता का लोकपर्व है। होली के दिन समूचा समाज सवर्ण असवर्ण गरीब अमीर सबल निर्बल राजा प्रजा ऊंच नीच के दायरे से बाहर आकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर सामाजिक समरसता व सौहार्द का सूत्रपात करता है यह लोकपर्व इतना सजीव व सामाजिक वैज्ञानिक आधार से जुड़ा है कि इस की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती है। इस लोकपर्व के संबंध में प्रहलाद और होलिका की कथा सबसे ज्यादा प्रचलित है। पुराने समय में हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रहलाद विष्णु जी का परम भक्त था। ये बात हिरण्यकश्यपु को पसंद नहीं थी। इस वजह से वह प्रहलाद को मारना चाहता था। असुर राज हिरण्यकश्यपु ने बहुत कोशिश की, लेकिन प्रहलाद को मार नहीं सका। तब असुरराज की बहन होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई। होलिका को आग में न जलना का वरदान मिला हुआ था, लेकिन भगवान विष्णु जी की कृपा से होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया। तभी से सत्य और धर्म की जीत के रूप में होली दहन का पर्व मनाया जाता है।।युगों पहले जिस तरह भक्त प्रहलाद के सकुशल बच जाने पर लोगों ने रंग गुलाल लगा कर खुशी मनाई थी आज भी उसी तरह खुशी मनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

### गालियों से होली

होली के गीतों में वैसे भी गालियां पिरोई होती हैं. शब्दों का प्रयोग कुछ इस प्रकार किया गया होता है कि लोग उसे सुन कर मस्ती करते हैं और उन्हें भीतर तक गुदगुदी होती है. वाराणसी, मिथिलांचल, कुमाऊं, राजस्थान, हरियाणा में होली पर गाली की अनोखी परंररा है। होली एक ऐसा त्योहार है, जो रंगों की मस्ती के साथ-साथ गालियों और गुदगुदाते गीतों के लिए भी खूब जाना जाता है. इसीलिए इस त्योहार को सबसे अनूठा कहते हैं. साल भर लोगों को इसका इंतजार रहता है. लोग गालियों और गीतों के जरिए अपनी भड़ास निकालते हैं. जैसा प्रदेश, वैसे गीत और वैसी ही वहां की गालियां. बहुरंगी होली की ये छटा दुनिया भर में निराली है। काशी की परंपराएं इसलिए अनूठी हैं क्योंकि यहां होली पर गालियों का भी अपना एक अलग संस्कार देखने को मिलता है. दूसरे शहरों में गाली देने पर मार हो जाए, लेकिन यहां होली पर गालियां मनभावन लगती हैं।

### तलवारबाजी से होली

पंजाब में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा शुरू की गई यह होलीवीर रस से भरी होती है। इसमें निहंग सिख पारंपरिक पोशाक पहनकर तलवारबाजी और घुड़सवारी (गतका) का प्रदर्शन करते हैं।

पश्चिमी बंगाल व ओडिशा में यहाँ होली को डोल जात्रा के रूप में मनाया जाता हैजिसमें राधा-कृष्ण की मूर्तियों को झूलों (डोल) पर रखकर जुलूस निकाला जाता है और रंगों से पूजा की जाती है।

### लट्ठमार होली

श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से करीब 50 किमी दूर बरसाना की होली बहुत खास होती है। बरसाना में कई दिनों तक लट्ठमार होली खेली जाती है। फाल्गुन पूर्णिमा से पहले ही लोग यहां होली खेलना शुरू कर देते हैं। पास के नंदगांव के पुरुष बरसाना आते हैं और बरसाना के पुरुष नंदगांव जाते हैं। इन गांवों की महिलाएं पुरुषों को लट्ठ मारती हैं और पुरुष ढाल से बचने की कोशिश करते हैं। ये होली देखने देश-विदेश से लाखों लोग यहां आते हैं।

### फूलों से होली

मान्यता है कि मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण ने राधा और गोपियों के साथ होली खेली थी। इसी वजह से इन जगहों पर होली की अच्छी खासी धूम होती है। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण के भक्त बड़ी संख्या में होली खेलने पहुंचते हैं। यहां के मंदिरों में फूलों से होली खेली जाती है।बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली अवर्णनीय है।

### लड्डूमार होली

बरसाना के राधा रानी मंदिर में लड्डू मार होली खेली जाती हैजहाँ एक-दूसरे पर लड्डू फेंके जाते हैं और उन्हें प्रसाद के रूप में खाया जाता है।

### मसाने की होली

वाराणसी(काशी) के मणिकर्णिका घाट पर खेली जाने वाली होली विश्व प्रसिद्ध है। यहां शमशान की राख से होली खेली जाती है। मान्यता है कि शिव जी ने यहां अपने गणों के साथ चिता की राख से होली खेली थी। इसी मान्यता की वजह से आज भी शिव भक्त यहां मसाने की होली खेलते है। देश दुनिया में यह एकमात्र ऐसी होली है जिसमें चिता भस्म को रंग गुलाल की तरह इस्तेमाल करते हुए होली खेलते हैं।

### अंगारों में होली

एक ऐसी भी होली है जहां जलती होली की लपटों के बीच पंडा नंगे पांव निकल जाता है लेकिन खरोंच तक नहीं आती है। मथुरा से करीब 50 किमी दूर एक गांव है फालैन। इसे प्रहलाद का गांव भी कहते हैं। फालैन गांव की होली की खास बात ये है कि यहां जलती हुई होली के बीच में से एक पंडा चलकर गुजरता है। होली ऊंची-ऊंची लपटों से निकलने के बाद भी पंडे का बाल तक नहीं जलता है। ये चमत्कार देखने के लिए देश-दुनिया से काफी लोग यहां पहुंचते हैं।

### गीतों की होली

उत्तराखंड में होली संगीत और गायन के साथ मनाई जाती हैजिसे 'बैठकी होली' कहा जाता हैजहाँ शास्त्रीय और पारंपरिक गीतों का गायन होता है।

### हल्दी से होली

केरल के कोंकणी और कुडुंबी समुदाय के लोग इस दिन रंगों के बजाय हल्दी (मंजल) मिले पानी का उपयोग करते हैंजो शुद्धिकरण का प्रतीक है

महाराष्ट्र और गोवा में यहाँ होली को रंग पंचमी या शिग्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है जो बसंत पंचमी से शुरू होता है

### हम्पी होली

कर्नाटक के हम्पी की होली भी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। ये जगह यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल है। इस जगह का संबंध त्रेतायुग की वानर सेना से है। मान्यता है कि सुग्रीव अपनी वानर सेना के साथ इसी क्षेत्र में रहते थे। यहां होली पर बड़ा आयोजन होता है। हजारों लोग यहां होली खेलने आते हैं।

### शाही होली

राजस्थान की होली उदयपुर और पुष्कर में आज भी शाही तौर तरीकों से होली खेली जाती है। इस मौके पर राजपुताना आन बान शान देखने को मिलती है।

कई दूसरे एशियाई देशों में भी होली के प्रतिरूप रंगों का पर्व मनाया जाता है लेकिन भारतीय होली यकीनन आज भी अनूठी मस्ती से भरी है यह समाज को एक सूत्र में पिरो कर उमंग व उत्साह का संचार करती है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# खामनेई की मौत पर छाती पीटने वाले, निर्दोष भारतीयों की मौत पर मौन क्यों थे?

अमेरिका इजरायल की संयुक्त कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद भारत सहित अनेक देशों में उनके समर्थकों द्वारा छाती पीट-पीटकर मातम मनाया जा रहा है और अमेरिका तथा इजराइल की आलोचना की जा रही है। किंतु प्रश्न यह है कि युद्ध हो या आतंकवाद, उसके घाव सदैव गहरे और त्रासद होते हैं। उनकी टीस लंबे समय तक जनमानस को व्यथित करती रहती है । ईरान के सुप्रीम लीडर के रूप में लगभग 36 वर्षों तक सत्ता में रहे खामनेई के शासनकाल में कितने निर्दोष लोगों ने दमन और कठोर नीतियों का सामना किया, यह किसी से छिपा नहीं है। क्या मातम मनाने वाले उनके समर्थकों को यह स्मरण है? जब किसी देश के नागरिक स्वयं अपने सर्वोच्च नेता की मृत्यु पर सड़कों पर उतरकर जश्न मनाते दिखाई दें, तो यह शासन और जनता के बीच गहरे असंतोष का संकेत देता है। ऐसे में भारत में शोक प्रकट करने वाले लोग आखिर किस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करते हैं ?

ईरानी सुप्रीम खामनेई पर आरोप रहे कि उन्होंने महिलाओं की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए । हिजाब को अनिवार्य करना और इस्लामी नियमों की कठोर व्याख्या के आधार पर सामाजिक जीवन को नियंत्रित करना उनकी नीतियों का हिस्सा रहा । आधुनिक युग में जब ईरान की महिलाओं और युवाओं ने स्वतंत्रता तथा समान अधिकारों की मांग उठाई, तब विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से दबाया गया। अनेक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन कार्रवाइयों की आलोचना की है । यह भी विचारणीय है कि जब भारत में आतंकी हमलों में निर्दोष नागरिक मारे गए, तब क्या इन शोक प्रकट करने वालों ने उतनी ही तीव्रता से संवेदना व्यक्त की ? यदि हम सचमुच मानवीय मूल्यों के पक्षधर हैं, तो हमारी संवेदनाएं चयनात्मक नहीं होनी चाहिए । हिंसा चाहे कहीं भी हो ईरान में या भारत में उसकी समान रूप से निंदा होनी चाहिए । अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होते । कभी ईरान और इजरायल के संबंध सामान्य थे, किंतु वैचारिक टकराव और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं ने उन्हें कट्टर विरोधी बना दिया। मध्य-पूर्व के कई देश, जैसे सऊदी अरब, बहरीन और कुवैत, भी इस तनावपूर्ण वातावरण से प्रभावित रहे हैं । निस्संदेह, किसी भी युद्ध की विभीषिका अत्यंत भयावह होती है। हुक्मरानों के अहंकार की कीमत अंततः आम नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और सैनिकों को ही चुकानी पड़ती है। अतः किसी भी शासक की मृत्यु पर भावनात्मक प्रतिक्रिया देने से पूर्व उसके शासनकाल का समग्र और निष्पक्ष मूल्यांकन आवश्यक है । यदि हम वास्तव में मानवता के पक्षधर हैं, तो हमें हर निर्दोष की पीड़ा पर समान रूप से संवेदनशील होना चाहिए चाहे वह किसी भी देश या धर्म का क्यों न हो।

अरविंद रावल

# रंगों का उत्सव होली परंपरा प्रेम और पौराणिक संदेश

होली भारत का वह जीवंत और हृदयस्पर्शी पर्व हैए जो केवल रंगों का उत्सव नहीं बल्कि आस्थाए परंपराए सामाजिक समरसता और मानवीय रिश्तों की पुनर्स्थापना का पावन अवसर भी है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह त्योहार सर्दियों की विदाई और वसंत के आगमन का प्रतीक है। जब खेतों में सरसों के पीले फूल लहलहाने लगते हैं और हवा में एक नई ऊर्जा घुलने लगती हैए तब मन में उमंग का संचार होता है और यही सम्मिलित रूप होली के रूप में प्रकट होता है। वर्ष 2026 की होली विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैए क्योंकि इस बार होली के पावन अवसर पर चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा संयोग केवल एक खगोलीय घटना मात्र नहीं हैए बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और आत्ममंथन का एक विशिष्ट अवसर भी है। यह खगोलीय स्थिति हमें स्मरण कराती है कि ब्रह्मांड की शक्तियाँ हमारे जीवन और हमारे उत्सवों को किस प्रकार प्रभावित करती हैं। ग्रहण की छाया में होने वाला यह पर्व हमें बाहरी उल्लास के साथ.साथ भीतरी शांति की ओर भी प्रेरित करता है।

होली का मूल आधार बुराई पर अच्छाई की शाश्वत विजय है। यह महान शिक्षा हमें उस प्राचीन पौराणिक कथा से प्राप्त होती है जिसमें हिरण्यकशिपुए उसका पुत्र प्रह्लाद और उसकी बहन होलिका प्रमुख पात्र हैं। कथा के अनुसार हिरण्यकशिपु को एक ऐसा कठिन वरदान प्राप्त था कि उसकी मृत्यु न दिन में हो सकती थी न रात मेंए न घर के भीतर न बाहरए और न ही किसी अस्त्र या शस्त्र से। इस अद्भुत शक्ति ने उसके भीतर असीम अहंकार और क्रूरता को जन्म दियाए जिससे वह स्वयं को ईश्वर से भी श्रेष्ठ समझने लगा। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। पिता के अनेक अत्याचारों और प्राणघातक प्रयासों के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंततः हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका को आदेश दिया कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाएए क्योंकि होलिका को अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था। किंतु अधर्म और विनाश के उद्देश्य से प्रयोग किया गया वह वरदान अंततः निष्फल सिद्ध हुआ। अग्नि ने प्रह्लाद के भक्ति भाव को स्पर्श तक नहीं कियाए जबकि होलिका उस अग्नि में भस्म हो गई। यही ऐतिहासिक घटना श्होलिका दहनश् की परंपरा का आधार बनी। इस कथा का संदेश अत्यंत स्पष्ट और प्रभावशाली है कि अहंकार और अन्याय की शक्ति चाहे कितनी ही विशाल क्यों न होए सत्य और निश्छल भक्ति के सामने उसे पराजित होना ही पड़ता है। भारतीय परंपरा में होली को मुख्य रूप से दो चरणों में मनाया जाता है। पहले दिन सूर्यास्त के पश्चात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाता है। इसमें लकड़ियोंए घास.फूस और गाय के गोबर से बने उपलों का एक विशाल ढेर बनाकर उसे प्रतीकात्मक रूप से बुराइयों की अग्नि में समर्पित किया जाता है। लोग इस पवित्र अग्नि की परिक्रमा करते हैं और अपने जीवन की नकारात्मकताओंए ईर्ष्या और द्वेष को समाप्त करने का संकल्प लेते हैं। जलती हुई अग्नि में नई फसल की बालियाँ अर्पित करना कृतज्ञता प्रकट करने का एक माध्यम है। इसके अगले दिन धुलेंडी या रंगवाली होली का आयोजन होता हैए जब ऊंच.नीच और भेदभाव की सारी दीवारें ढह जाती हैं। लोग एक.दूसरे के चेहरे पर गुलाल मलते हैं और रंगीन पानी की बौछारों के बीच प्रेमए भाईचारे और समानता का संदेश फैलाते हैं। रंगों का यह आदान.प्रदान केवल मनोरंजन नहीं हैए बल्कि यह सामाजिक दूरियों को मिटाने और रिश्तों में जमी बर्फ को पिघलाकर नई ऊर्जा भरने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2026 में चंद्र ग्रहण के संयोग ने इस पर्व के साथ एक गहरा आध्यात्मिक आयाम जोड़ दिया है। ज्योतिषीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहण काल में वातावरण में सूक्ष्म ऊर्जात्मक परिवर्तन होते हैंए जिस कारण इस समय में पूजा.पाठए मंत्र.जप और ध्यान का विशेष महत्व माना गया है। जहाँ एक ओर रंगों की मस्ती होगीए वहीं दूसरी ओर ग्रहण के कारण लोग संयम और शुद्धि पर भी बल देंगे। ऐसे समय में होलिका दहन का मुहूर्त विशेष सावधानी से निर्धारित किया जाता है ताकि धार्मिक विधि.विधान शास्त्रसम्मत ढंग से संपन्न हो सकें। यह दुर्लभ संयोग हमें सिखाता है कि उत्सव मनाते समय हमें प्रकृति के नियमों और ब्रह्मांडीय हलचलों के प्रति भी सचेत रहना चाहिए। यह समय लोगों को आत्म.साक्षात्कार की ओर ले जाता हैए जहाँ वे अपने भीतर के श्कंसश् या श्हिरण्यकशिपुश् रूपी विकारों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करते हैं। ग्रहण के पश्चात स्नान और दान की परंपरा इस पर्व को परोपकार की भावना से भी जोड़ती है।

होली का असली सांस्कृतिक वैभव और आध्यात्मिक आनंद ब्रज की भूमिए विशेषकर मथुरा और वृंदावन में देखने को मिलता है। इन पावन स्थलों पर भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की लीलाओं से जुड़ी परंपराएँ आज भी उतनी ही जीवंत और उल्लासपूर्ण हैं। वृंदावन के मंदिरों में फूलों की होली खेली जाती हैए जहाँ सुगंधित पुष्पों की वर्षा भक्तों को एक दिव्य अनुभूति प्रदान करती है। वहींए बरसाना की विश्वप्रसिद्ध श्लटठमार होलीश् अपनी अनोखी और जीवंत परंपरा के लिए जानी जाती है। यहाँ महिलाएँ प्रतीकात्मक रूप से पुरुषों पर लाठियाँ चलाती हैं और पुरुष ढाल के सहारे स्वयं का बचाव करते हैं। यह दृश्य केवल एक खेल नहींए बल्कि लोक संस्कृति के उस गौरवशाली इतिहास का प्रदर्शन है जहाँ प्रेम में भी एक मर्यादा और शौर्य का मिश्रण होता है। इन उत्सवों के दौरान गाए जाने वाले होरीए फाग और रसिया गीत पूरे वातावरण को भक्तिमय उल्लास से सराबोर कर देते हैं। विदेशों से भी हज़ारों लोग इस अलौकिक दृश्य का साक्षी बनने के लिए भारत आते हैं।

खान.पान के बिना भारतीय त्योहारों की कल्पना करना असंभव हैए और होली के संदर्भ में तो यह और भी विशेष हो जाता है। इस अवसर पर घर.घर में गुजियाए मालपुआए दही बड़ेए कचौरियाँ और केसरयुक्त ठंडाई जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। ये पकवान केवल स्वाद के लिए नहीं होतेए बल्कि वे परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को एक साथ बैठने और खुशियाँ साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। भोजन की महक और रंगों की चमक मिलकर इस पर्व को पूर्णता प्रदान करती है। आधुनिक युग की चुनौतियों को देखते हुएए आज समाज में सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर अत्यधिक बल दिया जा रहा है। रसायनों से युक्त रंगों के स्थान पर फूलों और जड़ी.बूटियों से बने गुलाल का प्रयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी है। साथ हीए उत्सव के दौरान किसी की असहमति का सम्मान करना और जबरदस्ती रंग न डालना जैसे नैतिक मूल्य इस परंपरा को और अधिक संवेदनशील और आधुनिक बनाते हैं। सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो होली एकता और अखंडता का अनुपम उदाहरण है।

यह वह समय है जब जातिए धर्मए वर्ग और आर्थिक स्थिति के आधार पर बनी समाज की कृत्रिम दीवारें ढह जाती हैं। जब व्यक्ति के चेहरे पर गहरा गुलाल लग जाता हैए तो उसकी पहचान केवल एक मनुष्य के रूप में रह जाती है। यह भाव भारतीय संस्कृति की उस मूल भावना श्वसुधैव कुटुंबकमश् को साकार करता हैए जिसमें संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना गया है। ग्रामीण अंचलों में होली आज भी सामूहिक लोकगीतों और ढोल.मंजीरों की थाप पर मनाई जाती हैए जो सामुदायिक जुड़ाव को मज़बूत करती है। शहरों में भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस पर्व को आधुनिक स्वरूप में सहेजने का प्रयास किया जाता है। होली हमें यह सिखाती है कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर गले मिलना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। 2026 की यह विशेष होलीए अपने ग्रहण के संयोग और सांस्कृतिक गहराई के साथए हमें यह संदेश देती है कि जीवन की चुनौतियों और अंधकार के बीच भी आशा का रंग कभी फीका नहीं पड़ना चाहिए। प्रह्लाद की अटूट आस्था यह सिद्ध करती है कि ईश्वर का संरक्षण सदैव सत्य के साथ होता है। होलिका का दहन हमें अपने भीतर की बुराइयों को जलाने की प्रेरणा देता है। रंगों का यह महाकुंभ हमें बताता है कि जीवन को उसकी पूरी विविधता और उत्साह के साथ जीना चाहिए। यह पर्व केवल एक वार्षिक अनुष्ठान नहीं हैए बल्कि यह एक सामाजिक और आध्यात्मिक क्रांति है जो हर वर्ष हमें अपने व्यक्तित्व को निखारने और समाज में प्रेम का संचार करने का अवसर देती है। 2026 की होली खगोलीय ऊर्जाए धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास का वह अद्भुत संगम होगी जो हमारे जीवन को नए रंगोंए नई ऊर्जा और नई सकारात्मकता से भर देगी। अंततःए यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जब हम दूसरों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढने लगते हैंए तभी हम वास्तविक अर्थों में श्होलीश् मनाते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के प्रयास में गाड़ी पर फायर करने के आरोप में 5 गिरफ्तार



**रूद्रपुर, देवरिया।** रुद्रपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 97/2026 धारा 109(1), 191(3), 115(2), 352, 351(3), 324(2), 61(2) बीएनएस से संबंधित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। प्रकाश में आए अभियुक्तों नाम अर्जुन निषाद पुत्र इन्द्रजीत निषाद साकिन रामचक. ऋषि मौर्या पुत्र रमेश मौर्या साकिन अकटहिया. विकास निषाद पुत्र रामसमुझ निषाद साकिन महराजगंज भरटोली व 02 बाल अपचारी को मंगलवार को गोनाह सूरतपुरा बड़वा बाबा मंदिर से पहले बंधे के पास से गिरफ्तार किया गया। विकास निषाद के पास से एक तमंचा भी बरामद किया गया और उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाई गई। विदित हो कि बीते 27 फरवरी को कोल्हुआ निवासी विकास तिवारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

### आगामी त्यौहार को लेकर प्रशासन अलर्ट

**एसएसपी व नगर आयुक्त ने कैंट क्षेत्र में पैदल गश्त कर यातायात व पार्किंग व्यवस्था का लिया जायजा**

**गोरखपुर।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शहर में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ एवं नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने संयुक्त रूप से थाना कैंट क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने निर्धारित पार्किंग स्थलों तथा इन्दिरा बाल विहार परिसर में पैदल गश्त कर यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और पार्किंग स्थलों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने भी नगर निगम की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी कैंट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। प्रशासन ने सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार संपन्न कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### सिद्धार्थनगर से लेकर आ रहे थे मिलावटी पनीर, गोरखपुर में कराया नष्ट



**गोरखपुर।** होली के मद्देनजर पुलिस की सक्रियता से मिलावटी पनीर की बिक्री का पर्दाफाश हुआ है। गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट पर पुलिस ने दिल्ली के नंबर की कार रोकी तो थर्माकोल के तीन बड़े डिब्बों में पनीर मिली। चालक ने बताया कि पनीर सिद्धार्थनगर से लेकर कुशीनगर पहुंचाने जा रहा था। पुलिसकर्मियों की सूचना पर पहुंचे खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने जांच की तो पनीर मिलावटी मिली। इसके बाद नमूना लेकर पनीर नष्ट करा दी गई।

सहजनवां संवाद सूत्र के अनुसार कालेसर जीरो प्वाइंट पर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इसी समय एक कार आयी तो पुलिस ने रोककर जांच की। पनीर मिलने की जानकारी पर खाद्य निरीक्षक स्वामीनाथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की तो पनीर की गुणवत्ता बहुत खराब निकली। पूछताछ में चालक ने बताया कि पनीर सिद्धार्थनगर जिले से लेकर कुशीनगर जिले के हाटा में एक दुकान पर बेचने के लिए भेजा जा रहा था। खाद्य निरीक्षक ने पनीर का नमूना लेकर शेष बचे पनीर को नष्ट करा दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त डा. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि होली पर खाद्य पदार्थों का प्रयोग सावधानी से करें। बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थों की पहले जांच कर लें। यदि गुणवत्ता में कोई दिक्कत लग रही तो खाद्य सुरक्षा विभाग को जरूर सूचना दें।

# नारायण पांडेय इंटर कॉलेज में वायरल वीडियो से मचा बवाल

**●नशे में कर्मचारी की कथित टिप्पणी पर उठे सवाल, ग्रामीण बोले - नकल की नहीं है कोई गुंजाइश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी गोरखपुर।** खजनी क्षेत्र स्थित नारायण पांडेय इंटर कॉलेज एक वायरल वीडियो को लेकर चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिलीप पांडेय कथित रूप से बोर्ड परीक्षा में नकल कराने की बात कहते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आते ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और विद्यालय की साख पर सवाल उठने लगे। बताया जा रहा है कि होली के अवसर पर आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के समापन के बाद शाम को दिलीप पांडेय नशे की हालत में कुछ अपरिचित लोगों के बीच कथित रूप से बड़बोलेपन में यह बात कह बैठे। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

**'नशे में था, क्या कहा याद नहीं' - कर्मचारी**

रामपुर पांडेय निवासी दिलीप पांडेय ने अगले दिन सफाई देते हुए कहा कि वह होली की मस्ती में थे और उन्हें याद नहीं कि उन्होंने क्या कहा। उनका कहना है कि उनके बयान को गलत संदर्भ में पेश किया जा रहा है।

**प्राचार्य ने किया खंडन, कहा- परीक्षा से रखा जाता है दूर**

विद्यालय के प्रधानाचार्य वशिष्ठपति शुक्ल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संबंधित कर्मचारी को नशे की आदत के कारण बोर्ड परीक्षाओं से पूरी तरह दूर रखा जाता है। उन्हें किसी भी प्रकार की परीक्षा संबंधी जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाती। उन्होंने दावा किया कि कॉलेज में नकल की कोई गुंजाइश नहीं है और परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाती हैं।

**ग्रामीणों का समर्थन, परिंदा भी नहीं मार सकता**

क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों व अभिभावकों ने भी स्कूल के पक्ष में खुलकर बयान दिया। चंद्रभान पांडेय, अंकित पांडेय, दसगुना यादव और पुरुषोत्तम भुजवाल समेत दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय की छवि हमेशा अच्छी रही है। उनका कहना है, 'यहां नकल तो दूर, परीक्षा के दौरान परिंदा भी गलत काम नहीं कर सकता। एक नशे में दिए बयान को पूरे स्कूल से जोड़ना गलत है।' ग्रामीणों ने कुछ अपरिचित स्ट्रिंगरों पर भी नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि वीडियो को बिना सत्यापन के वायरल कर विद्यालय को बदनाम करने की कोशिश की गई है।

**प्रशासन ने शुरू की आंतरिक समीक्षा**

वीडियो वायरल होने के बाद विद्यालय प्रशासन ने मामले की आंतरिक समीक्षा शुरू कर दी है। संबंधित कर्मचारी को कड़ी चेतावनी दी गई है। प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि परीक्षा व्यवस्था की निगरानी और अधिक सख्ती से की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की भ्रांति की गुंजाइश न रहे।

**सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर फिर उठे सवाल**

यह प्रकरण एक बार फिर दिखाता है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित अधूरी या संदर्भहीन सामग्री किस तरह किसी संस्थान की साख को प्रभावित कर सकती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि किसी एक व्यक्ति की गैर-जिम्मेदाराना हरकत के आधार पर पूरे संस्थान पर आरोप लगाना उचित नहीं है। फिलहाल विद्यालय में परीक्षाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं और प्रशासन ने निष्पक्षता बनाए रखने का भरोसा दोहराया

## देवरिया शिक्षक आत्महत्या मामला: साक्ष्य बढ़ाएंगे निलंबित BSA व बाबू की मुश्किलें, ऑडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** मृत शिक्षक कृष्णमोहन सिंह प्रकरण में सामने आए नए साक्ष्य निलंबित बीएसए और पटल सहायक की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। रविवार देर रात प्रसारित हुए 55 सेकेंड के आडियो ने मामले को नई दिशा दे दी है। आडियो में शिक्षक अपनी समस्याएं बताते हुए राहत की गुहार लगाते सुनाई दे रहे हैं। यह आडियो सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन की जांच टीम इसे अहम साक्ष्य के रूप में प्रयोग कर सकती है। कृषक लघु माध्यमिक विद्यालय मदरसन के शिक्षक कृष्णमोहन सिंह ने 20 फरवरी की रात गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र स्थित अपने भाई के घर पर आत्महत्या कर ली थी। इससे पहले उन्होंने सुसाइड नोट और वीडियो संदेश जारी कर बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, पटल सहायक संजीव सिंह व एक अन्य



व्यक्ति पर 14 लाख रुपये लेने तथा अतिरिक्त चार लाख की मांग करने का आरोप लगाया था। प्रसारित आडियो में शिक्षक अपने प्रकरण के निस्तारण में हो रही देरी पर बात करते सुनाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि मामले के समाधान के लिए एक वर्ष पूर्व हाईकोर्ट का आदेश भी प्राप्त हो चुका था। इसके बावजूद कार्रवाई लंबित रही। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सीडीओ के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित की हे, जबकि शासन स्तर से संयुक्त शिक्षा निदेशक (बेसिक) की अगुवाई में चार सदस्यीय जांच टीम बनाई गई है। प्राथमिक रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। जांच के बीच बीएसए शालिनी श्रीवास्तव और पटल सहायक संजीव सिंह को निलंबित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर तय होगी।

**होली के अवकाश के बाद प्रकरण पर कानूनी राय लेगा विभाग**

नवागत बीएसए डायट प्राचार्य अनिल कुमार सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय कर्मचारियों, शिक्षकों और नागरिकों निगाहें हाई कोर्ट से जुड़े मामले में आदेश के अनुपालन व आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में होली के अवकाश के बाद प्रकरण पर कानूनी राय के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।

## सीएम योगी के साथ खास होगा गोरखपुर का रंगोत्सव, होलिकोत्सव पर भगवान नृसिंह की शोभायात्रा में होंगे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** भक्ति की शक्ति की प्रतिष्ठा, भेदभाव भुलाकर सबको गले लगाने और समृद्ध सनातन संस्कृति के उत्सव पर्व होली पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर मौजूदगी गोरखपुर के रंगोत्सव को बेहद खास बनाती है। सीएम योगी के संग भक्ति की उमंग में यहां सामाजिक समरसता के रंग बरसते हैं। इसका माध्यम होती है घंटाघर से श्री होलिकोत्सव समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बैनर तले निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा। दशकों से जारी इस परंपरा का निर्वाह करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में बुधवार सुबह इस शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। गोरक्षपीठ के नेतृत्व वाला रंगोत्सव सामाजिक संदेश के ध्येय से काफी खास है। सामाजिक समरसता का स्नेह बांटने के लिए ही गोरक्षपीठाधीश्वर दशकों से होलिकोत्सव भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में शामिल होते रहे हैं। 1996 से 2019 तक शोभायात्रा का नेतृत्व करने वाले योगी आदित्यनाथ वर्ष 2020 और 2021 के होलिकोत्सव में लोगों को कोरोना संक्रमण



से बचाने के लिए इसमें शामिल नहीं हुए थे।

कोरोना प्रबंधन का पूरी दुनिया में लोहा मनवाने और इस वैश्विक महामारी को पूरी तरह काबू में करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ 2022 से पुनः शोभायात्रा का नेतृत्व करने लगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान नृसिंह की शोभायात्रा सीएम योगी के नेतृत्व में सामाजिक समरसता के रंगों से सराबोर होगी। गोरखपुर में भगवान नृसिंह रंगोत्सव शोभायात्रा की शुरुआत अपने गोरखपुर प्रवासकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक नानाजी देशमुख ने 1944 में की थी। गोरखनाथ मंदिर में होलिकादहन की राख से होली मनाने की परंपरा इसके काफी पहले से जारी थी। नानाजी का यह अभियान होली के अवसर पर समाज को एकजुट करने के लिए था।

नानाजी के अनुरोध पर इस शोभायात्रा का गोरक्षपीठ से भी गहरा नाता जुड़ गया। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के निर्देश पर महंत अवेद्यनाथ शोभायात्रा में पीठ का प्रतिनिधित्व करने लगे और यह गोरक्षपीठ की होली का अभिन्न अंग बन गया। 1996 से योगी आदित्यनाथ ने इसे अपनी अगुवाई में न केवल गोरखपुर, बल्कि समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामाजिक समरसता का विशिष्ट पर्व बना दिया। अब इसकी ख्याति मथुरा-वृंदावन की होली सरीखी है और लोगों को इंतजार रहता है योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भगवान नृसिंह शोभायात्रा का। पांच किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाली शोभायात्रा में पथ नियोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता करते हैं और भगवान नृसिंह के रथ पर सवार होकर गोरक्षपीठाधीश्वर रंगों में सराबोर होकर बिना भेदभाव सबसे शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के रंगपर्व की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में होलिकादहन या सम्मत की राख से तिलक लगाने के साथ होगी। पीठाधीश्वर के साथ ही मंदिर के प्रधान पुजारी एवं अन्य साधु-संत भी होलिकादहन की भस्म से रंगोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मंदिर में फाग गीत भी गाए जाएंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन भी होगा।

## गोरखपुर में खूब खेलिए होली, रंग खेलने के लिए मोहल्लों में भी पानी के टैंकर भेजेगा नगर निगम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** होली के रंग को और चटक बनाने के लिए नगर निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। होली के दिन न सिर्फ जलापूर्ति के समय को बढ़ाया जाएगा, बल्कि विभिन्न वार्ड के मोहल्लों में जरूरत पड़ने पर पार्षदों की मांग पर पानी का टैंकर पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा नरसिंह भगवान की शोभायात्रा के लिए रूट पर भी पानी के टैंकर की व्यवस्था की गई है। होली और नरसिंह भगवान की शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को रंग-गुलाल खेलने के दौरान पानी की कमी न हो, इसके लिए शोभायात्रा रूट के नौ प्रमुख चौराहों पर पानी के टैंकर खड़े किए जाएंगे। इसके अलावा 15 स्थानों पर पानी के ड्रम भरवाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

नगर निगम के पास 40 से अधिक पानी के टैंकर उपलब्ध हैं। जलकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पार्षदों ही नहीं, आम लोगों की मांग पर भी जरूरत पड़ने पर मोहल्लों में पानी के टैंकर भेजे जाएंगे। निगम की ओर से होलिका दहन और होली के दिन पांडेयहाता चौक, आर्यनगर चौक, एनडीआरएफ चरगावां, बक्शीपुर चौक, नखास चौक, घंटाघर चौक/हाल्सीगंज, प्रेमचंद पार्क के पास सम्मत स्थल, गोरखनाथ मंदिर के पास तथा नरसिंह भगवान की शोभायात्रा के साथ पानी के टैंकर तैनात रहेंगे। वहीं होली के दिन अलीनगर चौराहा, बक्शीपुर, नखास, हाल्सीगंज, मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासीकटरा, जाफराबाजार, हरीश चौक, चरनलाल चौक और दीवान बाजार सहित अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ड्रम में पानी भरवाने की व्यवस्था की गई है।

जलकल महाप्रबंधक रघुवेंद्र कुमार ने कहा कि होली के दिन पानी की पर्याप्त रहेगी। निर्धारित समय से अधिक समय तक पानी की आपूर्ति होगी। शोभायात्रा रूट पर पानी के टैंकर की व्यवस्था रहेगी। जलकल परिसर में पानी के टैंकर खड़े रहेंगे। पार्षदों की मांग पर विभिन्न वार्डों में पानी के टैंकर भेजे भी जाएंगे।

### बेफिक्र होकर उपचार कराएं, सरकार देगी सहायता: सीएम योगी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगने पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे बेफिक्र होकर उपचार कराएं, सरकार मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज हेतु आर्थिक सहायता के मामलों में इस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर शासन को भेजी जाए। साथ ही जनता की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने व दबंगई के मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश भी दिए। जनता दर्शन में आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने स्नेहपूर्वक आशीर्वाद और चॉकलेट देकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

## आर बी एल चिल्ड्रेन एकेडमी का वार्षिक उत्सव का हुवा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा** – विधानसभा क्षेत्र गौरा के अंतर्गत विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने पंडित रामबली लालता प्रसाद चिल्ड्रेन एकेडमी, मोकलपुर धर्मेंद्र नगर , जनपद गोंडा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर छात्र-छात्राओं की विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया तथा उनकी प्रतिभा का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मे शिक्षा के प्रति बच्चो को जानकारी देते हूए कहा कि शिक्षा अनमोल रत्न है शिक्षा ऐसी अमूल्य निधि है जिसे प्राप्त कर बच्चो के अंदर चहु मुखी विकास होता है अतः सभी बच्चो को उचित शिक्षा प्राप्त करना जरूरी है शिक्षा से ही व्यक्ति का हर जगह सम्मान होता है साथ ही साथ बच्चो द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को विद्यालय के प्रबंधक सहित अध्यापक और बच्चो को सराहा। तथा विद्यालय द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे सर्वोत्तम अंक प्रदान करने वाले प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को पुरस्कार स्वरूप साईकिल प्रदान किया तथा



द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार स्वरूप घड़ी, मूमेंटो प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया विद्यालय परिवार द्वारा विधायक गौरा को गणेश भगवान की प्रतिमा और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। और उपस्थित क्षेत्रीय पत्रकार, गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।और विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार पाठक ने आए हूए गणमान्य व्यक्तियों को आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विक्रम वर्मा, आशीष तिवारी, प्रवीन मिश्रा, शैलेन्द्र कौशल श्रीवास्तव मोहम्मद खालिद, अशोक श्रीवास्तव सहित अधिकांश गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं छात्र छात्राए मौजूद रहे।

## होली में जोखिम भरा सफर... ट्रेनों में लटक कर घर पहुंचे लोग; कई ट्रेनों के देरी से पहुंचने के चलते यात्री हुए परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** बुधवार को होली है। रंगों के त्योहार पर ट्रेनों में यात्रियों की बेशुमार भीड़ है। घर जाने की जल्दी में यात्री ट्रेनों में जगह न होने के चलते जोखिम उठाकर लटक कर यात्रा कर रहे हैं। मंगलवार को ट्रेनों में भारी भीड़ के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई ट्रेनों के विलंब से पहुंचने के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देवरिया रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को लोग ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करते नजर आए। ट्रेन के सामान्य और स्लीपर कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। कुछ यात्री ट्रेन के गेट पर भी लटके थे तो कुछ शौचालय में बैठकर सफर करने को



मजबूर दिखे। दिल्ली और बिहार की ओर से आने वाली ट्रेनें पहले से ही भरी हुई आ रही थी, जिससे देवरिया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

जल्द घर जाने की चाहत में लोग चलती ट्रेन में भी चढ़ने की कोशिश करते दिखे। मंगलवार को ट्रेनों में जल्दी चढ़ने को लेकर देवरिया स्टेशन पर पहुंची पाटलीपुत्र ट्रेन पर भटनी जाने वाले कुछ यात्री चढ़ गए। ट्रेन में चढ़ने पर पता चला कि यह ट्रेन सिवान रुकेगी तो कई यात्री अफरा तफरी में चलती ट्रेन से ही कूद गए। हालांकि, किसी को कोई चोट नहीं आई। इसके बाद स्टेशन पर पहुंची गोरखपुर सिवान पैसेंजर से यात्री रवाना हुए। ट्रेन में जगह न होने के चलते उन्हें पायदान पर लटक कर जाना पड़ा। मंगलवार को वैशाली करीब सवा तीन घंटे बिलंब से पहुंची। वहीं 55056 गोरखपुर छपरा एक्सप्रेस दो घंटा 20 मिनट विलंब से पहुंची। पाटली पुत्र ट्रेन भी करीब दो घंटे विलंब से चली। इसके अलावा कई अन्य ट्रेनें विलंब से होने के चलते यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

## दहेज हत्या में आरोपी पति को 36 साल बाद कोर्ट से राहत, 5 महीने जेल में बिताई अवधि को सजा मानते हुए केस समाप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** दहेज हत्या में आरोपित पति को 36 साल बाद कोर्ट से राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने के दंड में संशोधन करते हुए पांच महीने जेल में बिताई अवधि को सजा मानते हुए मुकदमा समाप्त करने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, वादी मुकदमा ने 17 फरवरी 1990 को वजीरगंज थाने में एफआइआर दर्ज कराया। कहा कि उसकी बहन रमादेवी का विवाह पांच साल पूर्व ग्राम जुनाहट निवासी फौजदार के साथ हुआ था। आए दिन वह रामादेवी को परेशान करने लगा। दहेज में मोटरसाइकिल और अन्य सामान की मांग की। आरोप लगाया कि रामादेवी पर केरोसिन तेल डालकर आग



लगा दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने आरोपित फौजदार, रामावती उर्फ मीरा देवी और सूरज प्रसाद शुक्ला के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मुकदमे के दौरान सूरज प्रसाद शुक्ला की मृत्यु हो गई। विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट ने 25 अक्टूबर 2010 को आरोपितों को दहेज उत्पीड़न के अपराध में दो साल कठोर कारावास और पांच सौ रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। फौजदार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में अपील प्रस्तुत कर निचली अदालत का आदेश निरस्त करने की मांग की। अधिवक्ता ने कहा कि अपीलकर्ता इस मामले में पांच महीने से अधिक की सजा काट चुका है। उसकी वर्तमान में आयु 65 वर्ष है और उसने अपनी गलती का एहसास कर लिया है और अपने आचरण के लिए पश्चाताप करता है। न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने अपील का निस्तारण किया और सजा को संशोधित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने कहा कि अपीलकर्ता द्वारा पहले से भुगती गई अवधि यानी पांच महीने तक संशोधित किया जाता है। न्यायमूर्ति ने निर्णय में कहा कि उसे खुद को सुधारने का मौका दिया जाना चाहिए और उसे उस समाज में अपना बेहतर योगदान देने की अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे वह संबंधित है।

## सनसनीखेज युद्ध समाचार से बढ़ रहा अवसाद, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का चौंकाने वाला खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सशस्त्र संघर्ष की सनसनीखेज और अति-राष्ट्रवाद पर आधारित खबरें दर्शकों को अवसाद की ओर ले जा रही हैं। इलेक्ट्रानिक चैनलों पर समाचार रिपोर्टों में अक्सर नाटकीय चित्र और भावनात्मक भाषा का प्रयोग किया जाता है। यह जानकारी पूर्ण विश्लेषण की बजाय दर्शक की मानसिक स्थिति पर प्रभाव डालता है। यह पुष्टि हुई है एम्स गोरखपुर और महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कालेज इंदौर मध्य प्रदेश के मानसिक रोग विशेषज्ञों के अध्ययन में। यह अध्ययन फ्यूचर हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

अध्ययन में नवंबर 2015 में बेरूत और पेरिस में हुए आतंकवादी हमलों का संदर्भ लिया गया है। इसमें एक ट्विटर विश्लेषण से पता चला कि पश्चिमी और अरब मीडिया में सहानुभूति का पूर्वाग्रह था और पीड़ितों को गलत तरीके से पेश किया गया था। इसमें अत्यधिक सहानुभूतिपूर्ण भाषा ने भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ा दिया था। 9/11 के शुरुआती हमलों और इराक युद्ध के अध्ययन में, अमेरिका के जिन प्रतिभागियों ने इन घटनाओं का प्रतिदिन चार घंटे से अधिक का टेलीविजन कवरेज देखा, उनमें बाद में पोस्टट्रामेटिक स्ट्रेस के लक्षण और शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें अधिक पाई गई, यहां तक कि उन लोगों में भी जो सीधे तौर पर शामिल नहीं थे।

**मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है**




**प्रतिकूल प्रभाव**

समाचार माध्यमों द्वारा सशस्त्र संघर्षों की कवरेज जनता को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है लेकिन जब रिपोर्टिंग सनसनीखेज या भावनात्मक रूप से आवेशित हो जाती है तो इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष या इजरायल-गाजा संघर्ष जैसी तनावपूर्ण घटनाओं के दौरान ऐसी रिपोर्टिंग दर्शकों में तनाव, चिंता, अवसाद और अन्य मनोवैज्ञानिक विकारों को बढ़ाने का कारण बनी।

**कश्मीर में 26 पर्यटकों की हत्या भी अध्ययन में शामिल**

अध्ययन में 22 अप्रैल, 2025 को कश्मीर में आतंकवादी समूहों द्वारा 26 पर्यटकों की हत्या और इसके बाद जवाबी सैन्य कार्रवाई ने भी दर्शकों का तनाव बढ़ाया। नैतिक और जिम्मेदार पत्रकारिता न केवल सटीक रिपोर्टिंग के लिए बल्कि संकट के समय में जनमानस बनाए रखने और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक है।

**सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव**

सीरियाई गृहयुद्ध के दौरान, बिना फिल्टर किए ग्राफिक समाचार छवियों के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों में तीव्र तनाव प्रतिक्रियाओं और बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर के लक्षण दिखाई दिए। यह शारीरिक तनाव सक्रियता का संकेत देते हैं। यदि यह संपर्क लंबे समय तक बना रहता है तो ये प्रारंभिक लक्षण अधिक दीर्घकालिक मनोरोग संबंधी विकारों में परिवर्तित हो सकते हैं।

**तीव्र तनाव के स्तर की दी जानकारी**

इजरायल में वर्ष 2023 के आयरन स्वार्ड्स सैन्य अभियान के दौरान एक सर्वेक्षण में 70 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागियों ने तीव्र तनाव के स्तर की सूचना दी। इनमें से कई ने अपनी मीडिया की आदतों को बाध्यकारी और अपरिहार्य माना। इसी तरह, रूस-यूक्रेन संघर्ष से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों ने महत्वपूर्ण भावनात्मक संकट की सूचना दी। इसका मुख्य कारण डिजिटल मीडिया और टेलीविजन में संघर्ष की खबरों के बार-बार संपर्क में आना था।

**यह है पीटीएसडी**

पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिसआर्डर (पीटीएसडी) एक गंभीर मानसिक स्थिति है जो युद्ध दुर्घटना, यौन शोषण या प्राकृतिक आपदा जैसी भयावह घटनाओं को देखने या झेलने के बाद विकसित होती है। इसके प्रमुख लक्षणों में घटनाओं की यादें/फ्लैश बैक, बुरे सपने, अत्यधिक सतर्कता, चिड़चिड़ापन और याद दिलाने वाली चीजों से बचाव शामिल है। यह कई महीने या सालों तक रह सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## क्षेत्रीय लेखपाल बिना आदेश के पैमाइश करवा कर अवैध निर्माण को दे रहे बढ़ावा

**लखीमपुर खीरी,** धौरहरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेरपुर के मजरा भटपुरवा में किसान शीला देवी पत्नी स्वर्गी संतोष कुमार की जमीन पर बिना किसी आदेश के क्षेत्र लेखपाल के द्वारा पैमाइश करवा कर अवैध निर्माण करवा रहे हैं क्योंकि बिना आदेश के पैमाइश करना नियमों के खिलाफ है लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल मोहित मौर्य द्वारा उच्च अधिकारियों को नियमों को दरकिनार कर शीला देवी पत्नी संतोष कुमार के खेत में अवैध निर्माण करवा रहे हैं। यह बहुत ही एक चिंताजनक मामला निकल कर सामने आया है ! ऐसा लगता है कि क्षेत्रीय लेखपाल अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। पूरे मामले को बहुत जल्द जिले के उच्च अधिकारियों से होगी शिकायत जिले के जितने भी उच्च अधिकारी हैं उनको सूचना दे दी गई तब भी लेखपाल मोहित मौर्य अपनी कलाकारी से बाज नहीं आए मोहित मौर्य सारे सबूत वीडियो पत्रकारों के पास मौजूद है अब देखना है माननीय मुख्यमंत्री भ्रष्ट अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करते हैं

## ग्रहण के साये और तिथियों के फेर में फीकी पड़ी होली की उमंग

**सिंगाही- खीरी।** रंगों का त्योहार होली इस बार सिंगाही कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में वह उत्साह नहीं जगा पाया, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। होलिका दहन और धूलेंडी (रंग खेलने वाली होली) के बीच पड़ने वाले अंतराल और चंद्र ग्रहण के सूतक काल ने त्योहार के रंग को कुछ हद तक फीका कर दिया। आमतौर पर होलिका दहन के अगले ही दिन सुबह से रंगों की होली शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार तिथियों के गणित और ग्रहण के सूतक काल को लेकर लोगों में काफी असमर्थता दिखी। अलग-अलग मतों के कारण कुछ लोगों ने समय का पालन किया, तो कुछ असमंजस में हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। गलियों में जो हुड़दंग और उल्लास सुबह 8 बजे से शुरू हो जाता था, वह ग्रहण के कारण गायब ही रहा। सिंगाही के मुख्य बाजार में भी हलचल सामान्य से कम रही। व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के बीच 'गैप' आने से लोगों का मनोवैज्ञानिक उत्साह कम हो गया। पकवानों और मेहमाननवाजी के लिए मशहूर इस कस्बे में इस बार लोग कैलेंडर और घड़ी देखते ज्यादा नजर आए। होली तो मन का त्योहार है, लेकिन जब तिथियों का ऐसा फेर फंसता है तो त्योहार की निरंतरता टूट जाती है। इस बार वही हुआ, होलिका जलने और रंग खेलने के बीच का उत्साह गैप में ही कहीं खो गया।

## स्पेशल ट्रेनें भी नहीं चला सकीं काम, घर जाने को रही मारामारी, धक्के खाते हुए करनी पड़ी यात्रा

**यात्रियों को सीट न मिलने पर दरवाजे पर बैठकर यात्रा।**

**स्लीपर कोच भी सामान्य डिब्बों जैसे, दिल्ली स्टेशन पर बुरा हाल।**



**टूंडला (फिरोजाबाद)।** होली पर घर तो पहुंचना ही है फिर चाहे धक्के ही क्यों न खाने पड़ें। ट्रेनों में नो रूम है। ऐसे में रेल यात्रियों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। यात्री ट्रेन के दरवाजे पर बैठकर यात्रा करने को विवश हो रहे हैं। इस बार चार मार्च को होली खेली जाएगी। ऐसे में सोमवार को रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के रुकते ही उसमें से भीड़ निकल पड़ी। गोमती एक्सप्रेस से आए अवागढ़ निवासी रेलयात्री दीपक से पूछा गया तो उसने बताया कि भीड़ बहुत अधिक थी।

रिजर्वेशन मिल नहीं रहा था, इसलिए गेट पर बैठकर यात्रा करनी पड़ी। फिरोजाबाद के रामगढ़ निवासी असरुद्दीन ने बताया कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तो बुरा हाल है। वहां यदि ट्रेन के अंदर घुस गए तो बहुत मानिए। महानंदा एक्सप्रेस से आई महिला रेलयात्री रूपाली का कहना था कि त्योहार पर आना मजबूरी था, लेकिन ट्रेन में बहुत परेशानी हुई। तमाम लोग एक दूसरे को धक्का दे रहे थे। स्लीपर कोच भी सामान्य कोच की तरह नजर आ रहा था। दिल्ली की ओर से आने वाली गोमती, महानंदा, सीमांचल, ऊंचाहार, ताज, ब्रह्मपुत्र मेल, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, कालका मेल में काफी भीड़ भाड़ देखने को मिली। आरपीएफ कंपनी कमांडर अवधेश गोस्वामी का कहना है कि ट्रेनों में गेट पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा करने वाले यात्रियों को जागरूक करते हुए अंदर कराया गया।

# जनपद खीरी में योगी सरकार के आदेशो का जिलेकेआलाअधिकारियों पर नहीं पड़ता कोई फर्क वाह रे योगी सरकार

**● सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद भी जिले के आला अधिकारी ने नहीं लिया संज्ञान, मनरेगा कार्य मे फर्जीवाड़ा कर रहा रोजगार सेवक- धर्मेंद्र**

**फर्जी हाजिरी लगा कर चहेते लोगों के खातों में पैसा भेजकर किया जाता है आपस में बंदर बाट?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** विकासखंड बांकेगंज क्षेत्र ग्राम पंचायत हर दुआ में धर्मेंद्र कुमार रोजगार सेवक की नौकरी करने वाले और लगभग 7200 सौ माह कमाने वाले धर्मेंद्र कुमार के पास आखिर कहा से आई इतनी संपत्ति, धर्मेंद्र कुमार रोजगार सेवक पर बड़े पैमाने पर फर्जी वाडा कर लाखों रुपयों का गवन व करोड़ों की नामी बेनामी संपत्ति बनाने का आरोप। सूत्र बताते हैं कि टू वीलर वाहन, कई प्लाट गोला में चार पहिया वाहन अभी खरीदे लगभग डेढ़ एकड़ जमीन आखिर कहा से आई इतनी संपत्ति। अगर धर्मेंद्र कुमार रोजगार सेवक की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बड़ा घोटाला आएगा सामने।

रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार पर बहुत जल्द हो सकती है कार्रवाई लंबे समय से रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार काट रहा 420 सी करके मलाई सरकारी पैसे से गर्म कर रहा अपनी जेब अपनी आय से अधिक बनाई संपत्ति यदि हो जाए स्वतंत्र वा निष्पक्ष जांच तो फंस सकती है कई अधिकारियों की कलम भी।ज़िलें के आलाधिकारी बने मौन तेजतर्रार डी एम साहिबा एक नजर बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत .हर दुआ पर भी डाले जहां धर्मेंद्र कुमार रोजगार सेवक कर रहा मनरेगा कार्य मे फर्जीवाड़ा ।भोली भाली जनता को बेवकूफ़ बनाकर सरकारी धन का करता है। दुरपयोग शासन के आदेश ज़िले के आलाधिकारियो के ठेंगे पर आखिर क्या यही है आज का भ्रष्टाचार मुक्त भारत देश भ्रष्टाचार मुक्त भारत होगा भी कैसे जब ऐसे भ्रष्ट रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार जैसे लोग करते रहेंगे सरकारी पैसो सेअपनी जेबे गर्म। योगी सरकार के आदेशो से नही पड़ता ज़िलें के आला अधिकारियो पर फ़र्क़ कही ऐसा तो नही धर्मेंद्र कुमार रोजगार सेवक के साथ अधिकारियो कि भी संलिपतता हो। यह जांच का विषय है। जांच के बाद ही होगा दुध का दुध पानी का पानी।

## धरातल पर फर्म नहीं फिर भी हो रहा लाखों का भुगतान

**● भ्रष्टाचार का लगा अंबार अधिकारी बने अनजान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नकहा खीरी।** एक तरफ जहां सूबे के मुखिया भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचारी लोग मुखिया की आंखों में धूल झोंक कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे देखे जा रहें हैं। सूत्र बताते हैं कि वह इतना माहिर है कि अधिकारी की बुद्धि ही भ्रष्टाचार के तरफ नहीं पहुंचती है ।आपको बताते चलें कि विकासखंड नकहा में तैनात ग्राम सचिव मनीष सिंह के भ्रस्टाचार का एक मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत में 15% कमीशन इनको मिलता है, और इस कमीशन को अपने पास लेने के लिए इन्होंने एक फर्म बनवाई जिसका नाम मां इंटरप्राइजेज है। वह जिस जगह पर बिल में दर्शायी गई है वह मौके पर फर्म नहीं है। केवल भ्रष्टाचार का भुगतान लगाने के लिए ही फर्म है बताया जाता है कि मनीष सिंह के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में से कुछ पंचायत में हैंड पंप रिबोर व मरम्मत कार्य दिखाकर मोटा भुगतान लगाया गया है। जिस कार्य को दिखाकर फर्म पर भुगतान लगाया है उस कार्य की यदि ठीक से करा ली जाए जांच तो कितना हुआ है भ्रष्टाचार सब पोल खुलकर सामने आ जाएगी,और फर्म का ट्रांजैक्शन चेक करने पर बड़ा राज खुल सकता है। विशेष सूत्र से पता चला है कि जिले के किसी उच्च अधिकारी के संरक्षण में मनीष सिंह के द्वारा किया गया भ्रष्टाचार फल फूल रहा है अगले अंक में विधिवत मनीष सिंह की पंचायत के नाम का खुलासा किया जाएगा और ब्लॉक के ही अंतर्गत कुछ पंचायत के नाम का खुलासा होगा जो की धरातल पर फर्म है ही नहीं मगर भुगतान करोड़ों का।

यदि इस प्रकरण की किसी सक्षम अधिकारी के द्वारा ठीक से की जाए जांच तो भ्रष्टाचार जड़ से खत्म किया जा सकता है। और भ्रस्टाचार के आकंठ में डूबे ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध आ सकती है जांच की आंच। मामले की सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना चाही गई है। वांछित सूचना मिलने के बाद एक बड़े भ्रस्टाचार का खुलासा होना तय माना जा रहा है।

## तेजस एक्सप्रेस में टूंडला से सवार होने वालों को भी मिलेगा अब नाश्ता

**रेलवे समिति सदस्य निधि अग्रवाल की मांग हुई पूरी।**

**मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक ने नई व्यवस्था की पुष्टि की।**



**टूंडला (फिरोजाबाद)** तेजस एक्सप्रेस में टूंडला स्टेशन से सवार होने वाले यात्रियों को भी अब नाश्ते की सुविधा मिलेगी। रेलवे क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की सदस्य लंबे समय से इसे लेकर मांग उठा रहीं थी। रेलवे क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की सदस्य निधि अग्रवाल ने बताया कि वह लंबे समय से टूंडला से तेजस एक्सप्रेस में यात्रा करने वालों को नाश्ता दिए जाने की मांग कर रहीं थी। इसे लेकर उन्होंने कई बार अधिकारियों से मुलाकात की और यात्रियों की समस्या को उठाया था। इसके बाद ये व्यवस्था शुरू होने की जानकारी मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें दी है।

## भ्रष्टाचार की भेट चढ़ी ग्राम पंचायत गढ़ी इब्राहिमपुर की नवनिर्मित सस्ते गल्ले की दुकान

**● मानकों को दरकिनार कर पुरानी एवं पीला ईंटों के साथ साथ बालू का किया गया जमकर उपयोग।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के विकास खंड पसगवां की ग्राम पंचायत गढ़ी इब्राहिमपुर में अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार का अंबार लगा हुआ है। ग्राम पंचायत के विकास के जिम्मेदार जहां एक ओर विकास को लूटने खसोटने में लगे है तथा अपना विकास करने में लगे है, वहीं दूसरी ओर गढ़ी इब्राहिमपुर के ग्रामवासी बदहाली में जीवन जीने को मजबूर है। अभी कुछ दिन पूर्व ग्राम पंचायत गढ़ी इब्राहिमपुर में नव निर्मित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में जमकर भ्रष्टाचार किया गया उक्त दुकान के निर्माण में पुरानी ईंटों के साथ साथ पीला ईंट का भी उपयोग किया गया साथ ही साथ उक्त नव निर्मित भवन के निर्माण में मौरंग के स्थान पर जमकर बालू का भी उपयोग किया गया। उक्त भवन के निर्माण के शुरुआती दौर में समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के कारण उक्त भवन का कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रोक दिया गया परंतु कुछ समय के पश्चात ग्राम पंचायत के दबंग प्रधान शब्बन बेग तथा ग्राम पंचायत सचिव रोहित बजाज के द्वारा उक्त भवन के निर्माण कार्य को पूरा करवा दिया गया। उक्त भवन के निर्माण कार्य में ग्राम प्रधान शब्बन बेग और ग्राम पंचायत सचिव रोहित बजाज के द्वारा जमकर घोटाला किया गया। अगर उक्त नव निर्मित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के निर्माण की गहनता से जांच हो तो लाखों का घोटाला सामने आएगा। वही सूत्र बताते है कि ग्राम पंचायत गढ़ी इब्राहिमपुर में ग्राम प्रधान शब्बन बेग एवं सचिव रोहित बजाज के द्वारा ग्राम पंचायत के कुछ विकास कार्य सिर्फ कागजों में ही किए गए है तथा उनका पैसा निकाल लिया गया है। वही ग्राम पंचायत में बजबजाती नालिया उखड़ा खड़ंजा खड़ंजे पर चोक नालियों का बहता पानी ग्राम पंचायत में हुए विकास को बयां कर रही है।

# बरेली में कुत्तों ने चार साल के मासूम को नोंचकर मार डाला, शव की हालत देख कांप गया कलेजा

**● चार साल के अर्श को आवारा कुत्तों ने नोचा।**

**घटना बरेली के शाही स्थित सुकली गांव की।**

**सरकारी तंत्र की विफलता पर उठे गंभीर सवाल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** यह चार साल के अर्श की मौत नहीं, पूरे सरकारी तंत्र की विफलता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद स्थानीय अधिकारी आवारा कुत्तों पर लगाम नहीं लगा सके। सोमवार को ऐसे ही कुत्तों का झुंड मासूम अर्श को खा गया। उसके गले और पेट से मांस नोच लिया। वो खुद बचने में समर्थ नहीं था, आसपास कोई बचाने वाला भी नहीं था। कुछ देर बाद ग्रामीण उधर से गुजरे तो दम तोड़ चुके अर्श का मांस खाते कुत्तों को देखा। रोंगटे खड़े कर देने वाली इस घटना के बाद अधिकारी यह कहकर पीछा छुड़ा रहे कि अब कुत्ते पकड़वाएंगे।

**खेत में खेल रहा था अर्श**

शाही के सुकली गांव में रहने वाले कृषक खुर्शीद अपने बेटे अर्श को अक्सर खेत पर लेकर जाते थे। वह खेती करते जबकि अर्श वहां खेलता रहता था। स्वजन के अनुसार, सोमवार दोपहर को खुर्शीद घर पर ही थे। अर्श दरवाजे के पास खेल रहा था। इसके बाद 200 मीटर दूर खेत तक चला गया। वह अकेला खेल रहा था, उसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। उसकी गर्दन दबोचकर जमीन पर गिराया, इसके बाद मांस नोचना शुरू कर दिया। दोपहर में अधिकतर कृषक खाना खाने चले जाते हैं इसलिए उसकी चीख सुनने वाला भी कोई नहीं था।

**अर्श का मांस नोच रहे थे कुत्ते**

कुछ देर बाद ग्रामीण खेत के पास से गुजरे तो कुत्तों का झुंड देखकर आशंका हुई। करीब जाकर देखा तो कुत्ते दम तोड़ चुके अर्श का मांस नोच रहे थे। कुत्तों को लाठी, डंडों से भगाने के बाद खुर्शीद को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि अर्श का शव लहूलुहान हो चुका था। उसके शरीर के कई हिस्सों का मांस कुत्ते खा गए। थाना प्रभारी राजेश कुमार बैसला ने बताया कि बच्चे की मौत की सूचना पर पुलिस टीम गांव गई थी। खुर्शीद ने किसी पर आरोप नहीं लगाया। बेटे का शव लहूलुहान देखकर उन्होंने पोस्टमार्टम से भी इन्कार कर दिया। मीरगंज एसडीएम आलोक कुमार सिंह ने बताया कि कुत्ते पकड़वाने के लिए नगर निकायों को निर्देशित कर रहे हैं। वे संस्था तय कर कुत्ते पकड़वाएंगे। अब तक क्यों नहीं पकड़े, इस सवाल को टाल गए।



## अमरोहा में होली पर निर्बाध मिलेगी बिजली आपूर्ति, हर उपकेंद्र पर जेई संग कर्मी किए तैनात

**होली पर अमरोहा में निर्बाध बिजली आपूर्ति।**

**अमरोहा।** होली पर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 400-2400 केवीए के सात जनरेटर से आपूर्ति दी जाएगी। इसके लिए हर उपकेंद्र पर जेई समेत पांच-कर्मी तैनात किए गए हैं। होली पर्व पर निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर विभाग भी अलर्ट हो गया है। अधीक्षण अभियंता विष्णु दयाल यादव ने बताया कि होली पर उपभोक्ताओं को बिजली किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा, बल्कि भरपूर बिजली मिलेगी। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 400-400 केवीए के जनरेटर की व्यवस्था की गई है। वहीं निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हर उपकेंद्र पर जेई संग दो लाइनमैन व दो टेक्नीशियन तैनात रहेंगे। लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत का पुलिस ने भेजा जेल



**बरेली/**क्यों लड़िया में संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत की रिपोर्ट मृतका के भाई गांव के ही सोनू पुत्र ओमप्रकाश समेत पांच लोगों पर दर्ज कराई थी जिसमें पुलिस ने आज सूत्रधार की सूचना पर सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर क्यों लड़िया निवासी सोनू पुत्र ओमप्रकाश को पकड़ लिया पुलिस ने पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी क्यों लड़िया बताया गया संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत किशोरी के साथ उसने अवैध संबंध होना स्वीकार किया किशोरी सोनू पर शादी का दवाव बना रही थी सोनू द्वारा मना करने पर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के बाद अमृत का के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई जिसमें मुख्य आरोपी सोनू पुत्र ओमप्रकाश को आज जेल भेज दिया गया है।

# नाबालिग को भगाने के मामले की लीपापोती में लगे चौकी प्रभारी

**● मामला थाना. मैलानी की पुलिस चौकी कुकुरा के एक गाव का बताया जाता है**

**न दर्ज की गई गुमशुदगी, और नाबालिग की बरामदगी के बाद भी नहीं कराया गया मेडिकल परीक्षण, और न ही कराए गए मजिस्ट्रेट के सामने बयान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैलानी खीरी।** मामला पुलिस चौकी कुकुरा क्षेत्र के एक गांव का बताया जाता है। जहाँ के निवासी एक मजदूरी पेशा व्यक्ति की 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को ग्राम बरौछा निवासी विक्रम पुत्र। बहला फुसलाकर कहीं लेकर चले जाने की लिखित शिकायत चौकी प्रभारी कुकुरा को परिजनों ने दी थी। काफी खोजबीन और जोर दबाव से परिजन अपनी नाबालिग पुत्री को बरामद कर सके और घर लाए।लकिन चौकी प्रभारी कुकुरा साहब ने गुमशुदगी दर्ज करना तक उचित नहीं समझा था और अभी तक किसी मजिस्ट्रेट के सामने बयान कराना, और मेडिकल परीक्षण कराना ही उचित समझा जा रहा है।

नाबालिग के परिजनों का आरोप है कि इससे पहले भी माह जनवरी 2026 में उसकी इसी नाबालिग पुत्री को लेकर कहीं चला गया था। तब भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। जिसके चलते उक्त हौसले बुलंद बार बार घटना को अंजाम दे रहा है। और कुकुरा चौकी इनचार्ज कार्रवाई करने की बजाय मामले की लीपापोती कर विपक्षी से मिलकर मामले को मैनेज करने में लगे है। प्रार्थना पत्र देने के आज कई दिन बाद भी दोषी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया और न ही पीडिता व उसकी नाबालिग पुत्री का बयान ही कराया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर कार्रवाई किए जाने की मांग करने की बात कही है।

# मुख्यमंत्री के आदेश बेअसर, भू माफियाओं के आगे नत मस्तक तहसील प्रशासन

**● सैकड़ों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जेदारो की लह लहा रहीं फसले**

**हर दुआ में तालाब पर बना श्री राम का पक्का मकान, तो जटपुरा में खेल मैदान पर बैन गए पक्के मकान और दुकान**

**मुड़ा बुजुर्ग में खलिहान की जमीन और खेल मैदान पर खड़ी लाखों की फसल**

**आखिर इन अवैध कब्जों का जिम्मेदार कौन किन सक्षम अधिकारियों के रहमोकरम से फल फूल रहा भू माफियाओ का गोरख धंधा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** भले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर योगी आदित्य नाथ भू माफियाओं को 24 घंटे में जमीनों पर से अवैध कब्जा हटाने की नसीहत दे रहे हों और कब्जा न छोड़ने पर इससे अर्जित की गई सम्पत्ति व धनराशि ज़ब्त करने के फरमान सुना रहे हो। इनके फरमानों का लैसमात्र असर भू माफियाओं पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है।और न ही जरा सा भी खौफ ही दिखाई पड रहा हैं।इसका सीधा सा कारण तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों का मिल रहा खुला संरक्षण बताया जाता है। गौर करने वाली बात तो यह है कि जब सरकार से भरी भरकम वेतन, नौकर, और गाड़ी, बंगला, सहित तमाम सुख सुविधा मिलने के बाद भी उनका पेट शायद नहीं भरता है और चंद गांधी छपे काग़ज़ के टुकडो की खातिर भू माफियाओं के यहां हाजरी लगाते देखे जा रहे हैं। और अपनी ही सरकार के ताबूत में कील ठोकने का काम करते रहेंगे तो फिर कैसे अवैध कब्जा मुक्त हो पाएँगी सरकारी जमीनें। सूत्र बताते हैं कि जब से तहसील दार भीमचंद गोला तहसील में ट्रांसफर होकर आए हैं तब से तहसील गोला में अवैध कब्जों की बाढ़ सी आ गई है। तहसील दार गोला पर भू माफियाओं को संरक्षण देने और इसके बदले मोटी कमाई किए जाने के गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं। यह सहाब लखीमपुर तहसील में अपनी तैनाती के दौरान काफी सरकारी जमीन पर कब्जा कराया था अपनी काली कमाई वाली करतूतों के लिए खासा जाने पहचाने जाते हैं।

जब से सहाब गोला तहसील में ट्रांसफर होकर आए हैं तब से एक भी सरकारी जमीन कहीं सुरक्षित नहीं बच पाई है। लोग बताते हैं कि तहसीलदार पहले तो तहसील दार अपने चहेते इन्हीं भू माफियाओं पर कार्रवाई नहीं करते बस जांच के नाम पर लेखपाल भेजकर अवैध कब्ज़ा दारो.से सेटिंग कर जेब गरम कर लेते है और उनको अवैध कब्जा की खुली छूट दे दी जाती हैं और जब कभी मामला ज्यादा अखबारी सुर्खिया बना तो पहले पत्रकार को बुलाकर छोटा सा टुकड़ा डालकर शांत कर दिया जाता है।जब उससे भी काम नहीं चलता है तो फिर साहब अपना तरीका निकालते हैं।तुरंत नोटिस जारी कर दी जाती हैं और भू माफियाओं को समझा दिया जाता है कि होगा कुछ भी नहीं जो हम है नोटिस तो गुमराह करने का बहाना है 78 एकड जमीन पर अवैध कब्जा मामले में डेढ़ साल पहले से नोटिस भेजी गई आजतक कुछ नहीं हुआ। अवैध कब्जे धारक आज भी अपनी जेबे भारी करने में लगे देखे जा सकते हैं। नियमानुसार तो फसल को कटवाकर ग्राम पंचायत कोश में जमा कारवाई जानी चाहिए। अवैध कब्जे दारो को फसल काटने सेरोका जाना चाहिए। इस मामले में मितौलीयस डी. एम ने साहसिक कदम उठाते हुए पूरी फसल कटवाकर ग्राम पंचायत के खाते में जमा करा दिया था और कब्जा मुक्त जमीन को भी करवा दिया था। लकिन गोला तहसीलदार साहब का मामला ही कुछ और है। मामले में समस्त साक्ष्यों को संकलित करके शासन से शिकायत करने के साथ उच्च न्यायालय मे जनहित याचिका दायर कर सरकारी जमीनों, तालाब, खेल मैदान खलिहान आदि अन्य सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग किए जाने की बात कही गई है।





# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक होली का पर्व अपना विशेष महत्व रखता है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विश्व देव राठौर

**बरेली/**पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होली का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक माना जाता है इस पर्व को भगवान विष्णु की तपस्या भक्त प्रहलाद के द्वारा किए जाने पर उसके पिता हिरण्यकश्यप केके विरोध के बाद भी ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी जिसको लेकर उनको तरह-तरह से प्रताड़ित किया गया। अंत में जब कुछ भी ना कर सके तो पिता ने प्रहलाद को अपनी बहन होलिका से उसकी गोद में लेकर जलाने का निर्णय लिया देवताओं के वरदान के अनुसार होलिका को वरदान था के वह आग में नहीं जलेगी परंतु इसका दुरुपयोग करने पर होलिका के प्राप्त किया वरदान भी काम नहीं आया और वह जलकर भस्म हो गई और भक्त प्रहलाद बच गए।

इसलिए होली रंगों और खुशियों का त्यौहार है जो हर वर्ष मनाया जाता है यह त्यौहार फागुन मास में आता है और बसंत ऋतु के आगाज का प्रतीक भी है होली पर लोग एक दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगते हैं इसी दिन बच्चे गुब्बारे और पिचकारियों से खेल कर आनंद लेते हैं होली की शुरुआत होलिका दहन से होती है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है लोग सफेद कपड़े पहनकर नाचते खुशी का इजहार करते हैं घर-घर में गुजिया मिठाई ठंडाई आदि जैसे स्वादिष्ट पकवान भी खुशी में बनाए जाते हैं। होली पर फाग गीत गाए जाते हैं और लोग अपने प्रिय जनों से मिलते हैं यह त्यौहार जीवन में नई उमंग और सकारात्मक जागता है राक्षस कुल में जन्मी होली का भक्त प्रहलाद को जलाकर भस्म करने के उद्देश्य से अगेन समाधि ली परंतु भगवान विष्णु की कृपा से भक्त प्रहलाद बच गए और होली का जलकर राख हो गई इसी क्रम में होली का पर्व कई देशों में बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है इसलिए होली का पर्व अपना विशेष महत्व रखता है।




## फिरोजाबाद: यूपी बोर्ड गणित परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**● फर्जी परीक्षार्थी सतेंद्र कुमार गणित परीक्षा में पकड़ा गया**

**छह हजार रुपये लेकर दूसरे छात्र की जगह परीक्षा दी**

**पुलिस केंद्र व्यवस्थापक संतोष कुमार की तलाश कर रही है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार सुबह की पारी में हुई हाईस्कूल के गणित की परीक्षा में पकड़े गए फर्जी परीक्षार्थी को पुलिस ने रविवार दोपहर जेल भेज दिया। वह दूसरे छात्र की जगह छह हजार रुपये लेकर परीक्षा में बैठा था। दूसरे आरोपित केंद्र व्यवस्थापक की पुलिस तलाश कर रही है।



**शनिवार सुबह की पारी में पकड़ा गया था, रुपये लेकर दे रहा था परीक्षा**

कारगिल अमर शहीद इंटर कालेज परीक्षा केंद्र में स्टेटिक मजिस्ट्रेट आलोक कुमार ने फर्जी परीक्षार्थी 19 वर्षीय सतेंद्र कुमार निवासी किशनदास का पुरा को गांव जखारा निवासी छात्र की जगह परीक्षा देते पकड़ा था। कक्ष संख्या तीन में परीक्षा दे रहे फर्जी परीक्षार्थी का चेहरा प्रवेश पत्र पर लगे छात्र के फोटो से मिलान नहीं कर रहा था।

**केंद्र व्यवस्थापक की तलाश कर रही पुलिस, जल्द गिरफ्तारी करने का दावा**

पूछताछ में उसने बताया था कि वह फुफेरे भाई की जगह परीक्षा दे रहा है। इसके बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट ने उसे पुलिस के सिपुर्द कर दिया था। मक्खनपुर थाने के एसओ चमन कुमार शर्मा ने बताया कि फर्जी परीक्षार्थी रुपये लेकर परीक्षा दे रहा था। वह बीए का छात्र है। वह वास्तविक परीक्षार्थी की जगह केवल गणित की परीक्षा में ही बैठा था। केंद्र व्यवस्थापक संतोष कुमार की तलाश की जा रही है। उसे भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौत



**नैनी,प्रयागराज** औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर चौराहे के समीप मंगलवार को बाइक सवार अधेड़ को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी इस दौरान वह डिवाइडर से टकराकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर रहे राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को सीएचसी करछना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जानकारी के मुताबिक मृतक भूपेंद्र प्रताप सिंह रामनगर मेजा क्षेत्र के केसिया का पूरा गांव के रहने वाले थे। वह बाइक से किसी काम से निकले थे। वह बाइक से रामपुर चौराहे के आगे पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी । जिससे वह गिर पड़े। घटना के दौरान सिर से काफी खून निकल रहा था। कुछ देर तक वह जमीन पर तड़पते रहे। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी।दुर्घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी कमलेश कुमार पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस और राहगीरों की मदद से घायल भूपेंद्र प्रताप सिंह को तत्काल सीएससी करछना अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के घरवालों को घटना की जानकारी देते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### गरीब बच्चों को होली के शुभ अवसर पर उपहार वितरण किया गया

**क्षेत्र लोगों को होली की**



**शुभकामनाएं- धीरेंद्र यादव**

**नैनी, प्रयागराज** नैनी क्षेत्र के वार्ड 81 चक भट्टाही में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के शहर दक्षिणी विधानसभा के उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू के द्वारा क्षेत्र के गरीब बच्चों को होली के शुभ अवसर पर कुछ उपहार वितरण किया गया जिनमें पिचकारी रंग गुलाल टोपी गुजिया सामग्री थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के महानगर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता रवि जी उपस्थित हुए साथ में गठबंधन के साथी शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नयन कुमाडु कुशवाहा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया और क्षेत्र लोगों को होली की शुभकामनाएं दी गई नौजवानों को संदेश दिया गया नशे से बचिए झगड़ा विवाद से बचकर रहिए त्यौहार को खुशियों से मनाया जाए।

### प्रयागराज में राजस्व के बड़े बकाएदार होंगे सार्वजनिक, खाता भी सीज होगा, इसी माह होगी कुर्की की कार्यवाही

**प्रयागराज।** जनपद के बड़े बकाएदार अब फाइलों से बाहर निकाले जाएंगे। ऐसे नामों को सार्वजनिक किया जाएगा। हर सप्ताह बकाएदारों की कुर्की की जाएगी। उनका खाता भी सीज किया जाएगा। कुल लगभग 135 करोड़ रुपये के राजस्व बकाए को लेकर जिला प्रशासन सख्त कदम उठाने जा रहा है। वार्षिक राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इन बकाएदारों पर शिकंजा कसा जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी तहसीलों में बड़े बकाएदारों के नाम सार्वजनिक करने के लिए बोर्ड लगाए जाएंगे, जिससे आमजन को जानकारी मिल सके और बकाएदारों पर सामाजिक दबाव भी। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से स्वैच्छिक भुगतान में तेजी आएगी। तहसीलों में अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के लिए हर माह का लक्ष्य दिया जाएगा। लक्ष्य के मुताबिक राजस्व वसूली की माह में दो बार समीक्षा की जाएगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने बताया कि विकास कार्यों के लिए राजस्व वसूली अत्यंत आवश्यक है। जिन बकाएदारों पर ज्यादा राशि बकाया है, वे स्वेच्छा से भुगतान करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में शत्रु संपत्तियों का गृह मंत्रालय मूल्यांकन करेगा। प्रयागराज में कुल 126 शत्रु संपत्तियां हैं जिनकी कीमत 2250 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसका अब फिर से मूल्यांकन किया जाएगा। इस मूल्यांकन में कीमत तथा सर्वे के दौरान इन संपत्तियों पर निर्माण तथा अन्य गतिविधियों का उल्लेख किया जाएगा। दरअसल, सर्किल रेट बढ़ने के बाद इन संपत्तियों का मूल्यांकन आवश्यक माना गया है। शहर में इन संपत्तियों का क्षेत्रफल काफी बड़ा है। मुख्य शहर के साथ ही पुराने शहर में एक-एक संपत्तियां 10-12 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की हैं। मंत्रालय की टीम होली के त्योहार बाद आएगी।

# आज दिन भर बड़े हनुमानजी का कपाट बंद रहा

**● रात 11 से पुनः दर्शन पूजा होगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज के सुप्रसिद्ध और करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र श्री बड़े हनुमान जी मंदिर (लेटे हनुमान जी) के कपाट आज चंद्र ग्रहण के चलते श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए था। यह निर्णय ग्रहण के 'सूतक' काल की धार्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए लिया गया है।

मंगलवार का विशेष दिन होने के कारण, कपाट बंद होने से पहले भोर में ही मंदिर परिसर भक्तों की जयकारों से गूंज उठा। सूतक काल प्रभावी होने से पहले आयोजित मंगला आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। हजारों भक्तों ने बजरंगबली के लेटे हुए विग्रह के दिव्य दर्शन किए और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की। जैसे ही सूतक काल का समय निकट आया, परंपराओं का निर्वहन करते हुए मंदिर के पट बंद कर दिए गए।

सूतक काल और मंदिर की परंपरा धार्मिक गणनाओं के अनुसार, चंद्र ग्रहण का सूतक काल शुरू होने के साथ ही सुबह की आरती के तुरंत बाद मंदिर के गर्भगृह के कपाट बंद किए गए। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार, ग्रहण काल के दौरान मंदिरों में मूर्तियों का स्पर्श और दर्शन वर्जित होता है। इसी मर्यादा का पालन करते हुए श्री बाघम्बरी पीठाधीश्वर महन्त श्री बलवीर गिरी जी महाराज के निर्देशानुसार दर्शन की व्यवस्था में यह बदलाव किया गया है। दर्शन और आरती का नया समय भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन ने विशेष समय-सारणी जारी की है जिसमें ग्रहण की समाप्ति और शुद्धि के पश्चात भगवान का विशेष श्रृंगार प्रारंभ होगा।

शुद्धिकरण के बाद प्रभु का भव्य श्रृंगार और आरती संपन्न की जाएगी। आम श्रद्धालुओं के लिए कपाट पुनः खोल दिए जाएंगे, जिससे भक्त हनुमान जी के दर्शन कर सकें। श्री बाघम्बरी पीठाधीश्वर महन्त श्री बलवीर गिरी जी महाराज ने भक्तों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्रहण काल के दौरान मंदिर के पट बंद रहेंगे, लेकिन रात 11 बजे के बाद भक्त पुनः अपने आराध्य के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

### बंदर बाट की भेट चढ़ा वार्ड पूरा मनोहरदास

**ब्यूरो प्रयागराज।** वार्ड पूरा मनोहारदास कई सालों से निगम अनदेखी का दंश झेल रहा है तो वही महाकुंभ के मौके पर इस वार्ड के लिए नगर निगम और महापौर ने थोड़ा ध्यान दिया भी तो अब निगम के क्षेत्रीय अभियंता, ठेकेदार और पार्षद के बीच कमीशन बंटवारे को लेकर ठन जाने से क्षेत्रीय जनमानस को फिर से समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है! समाजसेवी नेता अब्दुल सलाम ने बताया कि वार्ड में भ्रष्टाचार चरम पर है ठेकेदारों और पार्षद के बीच कमीशन का ऐसा खेल चला की जो भी विकास कार्य कराए गए वो या तो मानक अनुरूप नहीं हैं या फिर आधा अधूरा किया गया है अकबरपुर में ही नाले की दीवार को आधा बनाकर छोड़ दिया गया है जिसके लिए ठेकेदार से लोगो की कहासुनी भी हो चुकी है वही कुछ काम सिर्फ कागजों तक ही सीमित है नगर आयुक्त और महापौर सहित जिलाधिकारी से मांग की जा चुकी है इन सभी कार्यों की उचित जांच हो और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए!!

## बिहार: भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा एक और पुल! गोपालगंज में करोड़ों की लागत से बन रहा पुल ढहा, कोई हताहत नहीं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार की नीतीश सरकार में एक और पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। गोपालगंज जिले के गंगवा गांव में घोघारी नदी पर 2.89 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बन रहे आरसीसी पुल का ढांचा सोमवार को ढह गया। अधिकारियों ने कहा कि इस हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। गोपलगंज में गंगवा गांव में गौघरी नदी पर बन रहे आरसीसी पुल (लगभग 29 मीटर लंबा) का निर्माण लगभग 2.89 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत में किया जा रहा था। घटना के समय कास्टिंग का काम चल रहा था, लेकिन सौभाग्य से कोई मजदूर घायल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सस्ती और घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण कास्टिंग के दौरान यह गिरावट हुई। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच की मांग की है।

# इंडिया ऐआइ समिट विरोध: यूथ कांग्रेस चीफ उदय भानु चिब को राहत, दिल्ली हाई कोर्ट ने बेल पर लगी रोक हटाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के प्रेसिडेंट उदय भानु चिब को इंडिया AI इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस वर्कर्स के शर्टलेस प्रोटेस्ट से जुड़े मामले में दी गई बेल पर लगी रोक हटा दी। जस्टिस सौरभ बनर्जी ने सेशंस जज के उस ऑर्डर पर रोक लगा दी, जिसने चिब की बेल कैंसिल कर दी थी। एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने शुरू में 28 फरवरी को बनर्जी को बेल दी थी, लेकिन उसी दिन एक अर्जेंट हियरिंग के बाद सेशंस कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी थी।इसके बाद चिब ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस सौरभ बनर्जी ने आज सेशंस कोर्ट के ऑर्डर पर अंतरिम रोक लगाने से पहले मामले की सुनवाई की।उन्होंने कहा कि सेशंस कोर्ट का बेल कैंसिल करने का ऑर्डर बिना सोचे-समझे और बिना कोई वजह बताए पास किया गया था। 'सवाल यह है कि क्या कोई सोच-विचार किया गया है। अगर कोई सोच-विचार नहीं किया गया है, तो ऑर्डर पर रोक लगानी होगी। वह (सेशंस जज) यह मान रहे हैं कि सिर्फ़ बहुत कम और खास मामलों में ही बेल पर रोक लगाई जा सकती है, लेकिन यह सोच-विचार कहाँ है कि यह एक बहुत कम और खास मामला है? मैं आपसे साफ़-साफ़ कहूँगा, ऑर्डर पर रोक लगानी होगी क्योंकि कोई सोच-विचार नहीं किया गया है। कृपया ऑर्डर देखें, पहली लाइन कहती है कि आप स्टे मांग रहे हैं और आखिरी लाइन में, उन्होंने स्टे दे दिया है,' हाई कोर्ट ने कहा। इसलिए, उसने चिब की अर्ज़ी पर डिटेल में सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया, और सेशंस कोर्ट के ऑर्डर पर तब तक रोक लगा दी जब तक मामला तय नहीं हो जाता। हाई कोर्ट ने आदेश दिया, 'इस मामले के फैक्ट्स को देखते हुए, सेशंस कोर्ट द्वारा पास किए गए ऑर्डर पर रोक रहेगी।' IYC के सदस्यों ने 20 फरवरी को भारत मंडपम में हुए इंडिया AI इम्पैक्ट समिट के अंदर शर्टलेस प्रोटेस्ट किया। कई एक्टिविस्ट वेन्यू में घुसे, कुछ ने अपनी शर्ट उतारकर 'PM is compromised' जैसे नारे और इंडिया-S ट्रेड डील की आलोचना वाली टी-शर्ट पहनीं, फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार की पॉलिसी के खिलाफ नारे लगाए।चिब को 23 फरवरी को पूछताछ के लिए कस्टडी में लिया गया और अगली सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उन्हें चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया। बाद में चिब को ड्यूटी मजिस्ट्रेट वंशिका मेहता ने 28 फरवरी को सुबह करीब 3:30 बजे बेल दे दी, जब दिल्ली पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। प्रॉसिक्यूशन ने उनकी पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने आगे कहा कि सेशंस कोर्ट ने ऑर्डर एकतरफ़ा पास किया और पुलिस ने उन्हें रिवीजन पिटीशन भी नहीं दी।लूथरा ने कहा, 'यह बहुत चिंता की बात है। उन्होंने हमें रिवीजन



पिटीशन की कॉपी नहीं दी। ऑर्डर एकतरफ़ा पास किया गया है। एक रिवीजन पेश किया गया है; क्या मैं कॉपी पाने का हकदार नहीं हूँ? यह चौंकाने वाला है।' सिद्धार्थ लूथरा एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) डीपी सिंह और दिल्ली सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल (क्रिमिनल) संजय लाओ पुलिस की तरफ से पेश हुए और कहा कि मजिस्ट्रेट का ऑर्डर इंटरलोक्यूटरी नहीं था। सिंह ने कहा कि मजिस्ट्रेट का ऑर्डर पुलिस कस्टडी को खारिज करने का ऑर्डर था, और उसके खिलाफ रिवीजन सेशंस कोर्ट में पेश किया जाएगा।लाओ और सिंह ने कोर्ट से मामले में नोटिस जारी करने और उनके जवाब फाइल करने के बाद सुनवाई करने को कहा।

हालांकि, कोर्ट ने कहा कि वह मामले की सुनवाई करेगा, लेकिन इस बीच, सेशंस कोर्ट का ऑर्डर स्टे रहेगा। पुलिस ने अब तक इस मामले के सिलसिले में चौदह लोगों को गिरफ्तार किया है, उन पर सिक्योरिटी तोड़ने और वेन्यू पर कथित 'एंटी-नेशनल' नारे लगाने का आरोप है। रविवार को, पटियाला हाउस कोर्ट के मजिस्ट्रेट रवि ने उनमें से नौ को बेल दे दी थी।

## अखिलेश यादव की पुत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ प्रयागराज में मुकदमा, AI जनरेटेड फोटो लगाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री अदिति की एआइ जनरेटेड फोटो लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले इंस्टाग्राम यूजर शेखर 93653 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने साइबर थाने में एफआइआर लिखवाई है। साथ ही आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल कर रही है।

**सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता आक्रोशित**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पुत्री की एआइ जनरेटेड फोटो लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की हुई तो वह आक्रोशित हो उठे। एमएमसी डॉ. मान सिंह यादव ने साइबर थाने में तहरीर दी। इस पर पुलिस ने तत्काल इंस्टाग्राम यूजर शेखर 93653 के खिलाफ धारा 66, 66डी, 67, 74 के तहत प्राथीमिकी दर्ज की।

**छवि धूमिल करने की सुनियोजित साजिश बताया**

एमएलसी ने आरोपित इंस्टाग्राम यूजर की असली पहचान सुनिश्चित करके उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा उसकी आइडी को तत्काल बंद कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इंटरनेट मीडिया पर किए गए इस कृत्य से सपा नेता अखिलेश यादव समेत पार्टी के समर्थकों की छवि धूमिल करने की सुनियोजित साजिश की गई है।

**सपा महिला सभा की धरना-प्रदर्शन की चेतावनी**

दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी की महिला सभा की महानगर अध्यक्ष मंजू यादव, सावित्री सिंह, स्मिता जायसवाल ने भी आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि शीघ्र गिरफ्तारी न हुई तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### निस्तारण कार्य को लेकर सपा नेता ने दी जानकारी



**नैनी, प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के नेता अहमद रजा ने वार्ड संख्या 81, इलाहाबाद (शहर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र 263) में SIR_2026 नोटिस निस्तारण कार्य को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि संबंधित कार्य बूथ लेवल अधिकारी (BLO) के साथ मिलकर किया जा रहा है। अहमद रजा ने कहा कि जिन भी लोगों के नाम SIR_2026 का नोटिस जारी हुआ है, वे तुरंत अपने-अपने बूथ पर जाकर संबंधित BLO से संपर्क करें, नोटिस प्राप्त करें तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करें। उन्होंने यह भी अपील की कि यदि किसी नागरिक को किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी आती है, तो वे उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

## औचक निरीक्षण कर थानों के सीसीटीवी कैमरों की खबर लेंगे हर जिले के सीजेएम- इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सूबे के थानों के सीसीटीवी कैमरों की निगरानी का जिम्मा हर जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) को सौंपा है। ये अब जिला जज को जानकारी देकर थानों का निरीक्षण करेंगे। यह जानेंगे कि थाने में लगे कैमरे सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश के अनुसार काम कर रहे या नहीं। निरीक्षण के दौरान जानकारी देने में हीलाहवाली पर पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने ललितपुर निवासी महिला की अवैध हिरासत से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए दिया है। मामला ललितपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशों की बार-बार अनदेखी से जुड़ा है। धोखाधड़ी मामले में याची की अवैध हिरासत और सूरज डूबने के बाद उसकी बहन की गिरफ्तारी के आरोपों पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने थाने के सीसीटीवी फुटेज तलब किए थे। पुलिस अधिकारियों ने स्टोरेज फुल होने का बहाना बनाकर फुटेज नहीं दिए। इस पर हाईकोर्ट ने संबंधित थाना प्रभारी



और जांच अधिकारी को अवमानना का दोषी करार दिया। सजा के तौर पर दोनों को कोर्ट की कार्यवाही समाप्त होने तक अदालत कक्ष में ही हिरासत में रखा गया। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट का पद और कद डीएम, एसपी ही नहीं, किसी भी राजनीतिक प्रमुख से ऊपर है। उनके आदेश की अवहेलना न केवल अदालत की अवमानना है, बल्कि कानून के राज को सीधी चुनौती है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जिले के न्यायिक अधिकारी की अदालत आम आदमी के लिए न्याय का पहला दरवाजा है, न्यायपालिका की रीढ़ है। उसकी तुलना प्रशासनिक अधिकारियों से नहीं की जा सकती, जो केवल नीतियों को लागू करते हैं। लिहाजा, कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़ित को एक लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। कहा, यह राशि दोषी पुलिसकर्मियों के वेतन से वसूली जाए।

# कांग्रेस ने ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की निंदा की, हमले को इंटरनेशनल कानून का गंभीर उल्लंघन बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली होसैनी खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम ईरान के सुप्रीम लीडर अली हुसैनी खामेनेई की टारगेटेड हत्या की निंदा करते हैं और इसे इंटरनेशनल कानून का गंभीर उल्लंघन बताते हैं। कांग्रेस ने कहा कि हम इस गंभीर संकट और दुख की घड़ी में सर्वोच्च नेता के परिवार, ईरान के लोगों और विश्व भर के शिया समुदाय के साथ पूरी तरह से एकजुट हैं। एक बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ईरान के सुप्रीम लीडर, अली हुसैनी खामेनेई की बिना किसी युद्ध की औपचारिक घोषणा के मिलिट्री हमले में टारगेटेड हत्या की पूरी तरह से निंदा करती है। कांग्रेस इस गहरे दुख की घड़ी में सुप्रीम लीडर के परिवार, ईरान के लोगों और दुनिया भर के शिया समुदाय के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है। हम इस गंभीर संकट से निपटने में उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारत की विदेश नीति बातचीत और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान के ज़रिए विवादों को शांति से सुलझाने के वादे पर आधारित है, जैसा कि भारत के संविधान के आर्टिकल 51 में ज़रूरी है। ये सिद्धांत - संप्रभु समानता, दखल न देना और शांति को बढ़ावा देना - भारत के सभ्यतागत मूल्यों की बुनियाद हैं। इसे देखते हुए, पश्चिम एशिया में संघर्ष वसुधैव कुटुंबक ('दुनिया एक परिवार है'), महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की नॉन-अलाइमेंट की नीति के प्रति हमारे वादे के बिल्कुल उलट है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ईरान हो या पहले वेनेज़ुएला, किसी संप्रभु देश की लीडरशिप और गवर्निंग स्ट्रक्चर को अस्थिर करने के लिए ताकत का टारगेटेड इस्तेमाल, रिजीम-चेंज डॉक्ट्रिन और ज़बरदस्ती वाले और परेशान करने वाले एकतरफ़ावाद के फिर से उभरने का संकेत है। यह यूनाइटेड नेशंस चार्टर का भी उल्लंघन करता है - खासकर आर्टिकल 2(4), जो साफ़ तौर पर 'किसी भी देश की टेरिटोरियल इंटीग्रिटी या पॉलिटिकल आज़ादी के ख़िलाफ़ ताकत की धमकी या इस्तेमाल' पर रोक लगाता है, और आर्टिकल 2(7), जो किसी भी देश के घरेलू अधिकार क्षेत्र के अंदर आने वाले मामलों में दखल देने से मना करता है। किसी मौजूदा देश के हेड की टारगेटेड हत्या इन इंटरनेशनल नियमों के दिल पर हमला करती है। सॉवरेनिटी शर्तों पर नहीं होती, और पॉलिटिकल लेजिटिमेसी ज़बरदस्ती से नहीं बनाई जा सकती। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस इस बात पर ज़ोर देती है कि हर देश के नागरिकों का अपना पॉलिटिकल भविष्य तय करना उनका ज़रूरी अधिकार है। किसी भी बाहरी ताकत के पास रिजीम बदलने या किसी दूसरे देश की लीडरशिप को हुक्म देने का अधिकार नहीं है। ऐसे काम इंपीरियलिज़्म के बराबर हैं और असल में नियमों पर आधारित इंटरनेशनल ऑर्डर के साथ बिल्कुल भी मेल नहीं खाते।

# सोनिया गांधी बोलीं- खामेनेई की हत्या पर मोदी सरकार की चुप्पी तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की लक्षित हत्या के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भारत सरकार की चुप्पी चिंता का विषय है और इसे तटस्थता नहीं कहा जा सकता।'इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित लेख में सोनिया गांधी ने लिखा कि एक मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सर्वोच्च नेता की हत्या एक दिन पहले अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए लक्षित हमलों में हुई। उन्होंने इसे उस समय अंजाम दी गई कार्रवाई बताया जब वार्ताएं जारी थीं। सोनिया गांधी ने कहा कि किसी सत्तारूढ़ राष्ट्राध्यक्ष की इस तरह की हत्या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गंभीर विघटन का संकेत है। उन्होंने इस पूरे मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग की।सोनिया गांधी बोलीं- खामेनेई की हत्या पर मोदी सरकार की चुप्पी तटस्थता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत में



अमेरिका-इजरायल के हमलों का उल्लेख किए बिना केवल ईरान की यूएई पर जवाबी कार्रवाई की आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि बाद में प्रधानमंत्री ने गहरी चिंता जताई और संवाद और कूटनीति की सामान्य बात कही, जबकि हमलों से पहले यही प्रक्रिया जारी थी। सोनिया गांधी ने अपने लेख में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का जिक्र किया। उनके मुताबिक, बिना औपचारिक युद्ध घोषणा के और कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या करना उस भावना के विपरीत है, जो किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग पर रोक लगाती है। उन्होंने तर्क दिया कि अगर ऐसे मामलों में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांत आधारित आपत्ति दर्ज नहीं होती, तो अंतरराष्ट्रीय मानकों का क्षरण सामान्य होता जाएगा। सोनिया गांधी ने यह भी उल्लेख किया कि हत्या से 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री इजरायल दौरे से लौटे थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के प्रति समर्थन दोहराया था। जब वैश्विक दक्षिण के कई देश और ब्रिक्स साझेदार दूरी बनाए हुए थे, उस समय भारत का यह रुख गलत संदेश दे सकता है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

## किरायेदार कब्जे में नहीं तो बैनामे के समय नोटिस जरूरी नहीं, इलाहाबाद हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी किरायेदार का अधिकार तभी तक रहता है जब तक वह किराया देता है, कब्जे में रहता है और बेदखली के आदेश का सामना करता है। यदि किरायेदार परिसर खाली कर देता है तो उसका अधिकार समाप्त हो जाता है। उसे बेदखली नोटिस देना जरूरी नहीं है। वाराणसी के फरमान इलाही की याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति अजित कुमार तथा न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने यह टिप्पणी की है। याची कुंडिगढ़ टोला दलमंडी स्थित मकान नंबर सीके 39/5 में किरायेदार था। उसने मकान मालिक शहनवाज खान पुत्र शमशुद्दीन खान द्वारा 27 दिसंबर 2025 को राज्य सरकार के पक्ष में निष्पादित बिक्री पत्र को चुनौती दी थी। उसका कहना था कि वह एससीसी रिवीजन (नंबर 176 ऑफ 2024 में) इस कोर्ट से मिली अंतरिम



सुरक्षा के तहत आता है। यह रिवीजन जज स्मॉल कॉजेज के 16 नवंबर 2024 को सूट नंबर 24 ऑफ 2017 में पारित बेदखली आदेश के खिलाफ दायर किया गया था। वह लैंड एक्विजिशन, रिहैबिलिटेशन एंड रीसेटलमेंट एक्ट, 2013 की धारा 2(10) के तहत 'इंटरेस्टेड पर्सन' की परिभाषा में आता है। राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण करने से पहले उसे धारा 21 के तहत नोटिस देना था। राज्य सरकार की अधिवक्ता श्रुति मलविया का कहना था कि किरायेदार को संपत्ति में कोई अधिकार नहीं है। वह बिक्री पत्र को चुनौती नहीं दे सकता है, क्योंकि भूमिकर्ता को अपनी संपत्ति बेचने से कोई रोक नहीं है। याची ने जानबूझकर आंशिक रूप से ध्वस्त की गई संपत्ति की तस्वीरें प्रस्तुत की हैं ताकि अंतरिम राहत प्राप्त की जा सके, जबकि वास्तव में संपत्ति पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी थी। तस्वीरों में कोई तिथि या समय नहीं है, इसलिए उन्हें विश्वसनीय नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने और रिकॉर्ड की जांच करने के बाद पाया कि राज्य सरकार ने दालमंडी क्षेत्र में सड़क चौड़ा करने के लिए 30 जुलाई 2025 को आदेश जारी किया था। इसमें जमीन, उनके स्वामियों की सहमति से खरीदने का प्रविधान था। शहनवाज खान ने राज्यपाल के पक्ष में बिक्री पत्र निष्पादित किया और कब्जा सौंपा।

परिसर खाली होने पर अधिकारियों ने इसे ध्वस्त करा दिया। याची ने बिक्री पत्र को चुनौती दी है। कोर्ट ने पाया कि याची यह नहीं बता सका है कि उसने अंतरिम आदेश का पालन किया था या नहीं? और क्या उसे इसके उल्लंघन के कारण बेदखल किया गया था। कोर्ट ने कहा, ध्वस्तीकरण कब हुआ, यह तथ्यात्मक प्रश्न है जिसका निर्धारण उचित प्रक्रिया में किया जाना चाहिए, न कि रिट जुरिस्डिक्शन में। यदि संरचना ही ध्वस्त हो गई है तो किरायेदार को दी गई अंतरिम सुरक्षा का कोई महत्व नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### पथरोल के संकट मोचन धाम में होली मिलन एवं पूर्णिमा कार्यक्रम परंपरानुसार सम्पन्न



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** सिद्ध पीठ काली धाम पथरोल के ऊपर टोला स्थित संकट मोचन धाम में सोमवार को होली मिलन समारोह एवं प्रत्येक पूर्णिमा की भांति पूर्णिमा कार्यक्रम किया गया होली मिलन समारोह में संकट मोचन परिवार की ओर से तीन लोगों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भीअंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया सम्मानित किए जाने वाले में ग्रामीण मृणाल सिंह को संकट मोचन परिवार के माधो मंडल ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और मिंटू सांवरिया को परिवार के प्रबंधक दिलीप पाठक ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया वहीं चितरा निवासी मदन रवानी को संकट मोचन परिवार उपेंद्र रवानी ने अंग वस्त्र लेकर सम्मानित किया । इस बीच मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने सभी ग्रामीण को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।ग्रामीणों ने एक से एक होली गया। रात्रि में होलिका दहन किया गया उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया सभी लोग होली के रंगों में सराबोर दिखे। बताते चले कि संकट मोचन धाम में हर पूर्णिमा को भजन संध्या व बाबा का महा आरती और प्रसाद वितरण किया जाता है फागुन पूर्णिमा के दिन होली मिलन समारोह के साथ तीन लोगों को हर वर्ष संकट मोचन परिवार सम्मानित करती है कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के लोग लगे हुए थे।

### रंगों की उमंग में नहाया सनप्रो पब्लिक स्कूल, होली मिलन समारोह हुआ धूमधाम से आयोजित



**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** गोबिंदपुर पंचायत के कुर्मीडीह स्थित सनप्रो पब्लिक स्कूल में बीते मंगलवार को होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्यालय परिसर में बच्चों की चहल-पहल और रंग-बिरंगे गुलाल की चमक छा गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत छोटे बच्चों द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ देने से हुई। 'हैप्पी होली टू यू' और 'बुरा न मानो होली है' के उल्लासपूर्ण नारों से पूरा वातावरण गूँज उठा। बच्चों ने रंगों की बौछारों के बीच जमकर मस्ती की और शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ मिलकर त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। छात्रों का उत्साह और ऊर्जा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र मिश्रा ने कहा कि होली ऐसा त्योहार है जो समाज में प्रेम, सद्भाव और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई और नफरत पर प्रेम की जीत का प्रतीक है, जो लोगों को करीब लाता है। कार्यक्रम में शिक्षिकाएँ सुमन कुमारी, आरती कुमारी, सिंधु कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर मिलनसार वातावरण में होली की खुशियाँ बाँटी और समारोह को यादगार बनाया।

### वैशाली का टॉप-12 अपराधी दीपक कुमार नोएडा से गिरफ्तार, चावल व्यवसायी हत्याकांड में है आरोपी

**हाजीपुर।** महुआ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वैशाली जिले के टॉप-12 में शामिल एवं हत्या के आरोपी कुख्यात बदमाश को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किया गया बदमाश सदर थाना क्षेत्र के कुतुबपुर डुमरी निवासी शंकर पंडित के पुत्र दीपक कुमार बताया गया। यह जानकारी महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि बीते 24 मई की शाम में महुआ थानांतर्गत गोला रोड बाजार में चावल व्यवसायी विनोद कुमार चौधरी को तीन अज्ञात बदमाशों ने पैसा लूटपाट के क्रम में गोली मारने की घटना को अंजाम दिया गया, जिनकी मृत्यु इलाज के क्रम में हो गई थी। इस संबंध में महुआ थाना कांड संख्या 596/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देशानुसार एसआईटी गठन कर घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में टीम द्वारा उक्त कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त और 25 हजार रूपये का ईनामी बदमाश दीपक कुमार पिता शंकर पंडित ग्राम कुतुबपुर डुमरी थाना-सदर जिला-वैशाली को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

# रंग उमंगों का स्नेह भरी होली के रंगों में डुबने लगे प्रखण्ड वासी

**●होली को सामाजिक सौहार्द में सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन अलर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** ऋतुराज बसंत की बासंती सौंदर्य से इठलाती प्राकृतिक सुषमा से निखरती सरसों के पीले पुष्पों एवं हरियाली बिखेरती गेहूं की पत्तियों से मोहित मन के बीच होली के विविध रंगों का पर्व होली की उमंगों की गहराई में प्रखण्ड बासी डुबने लगे हैं। होली को लेकर प्रखण्ड बासियों में उल्लास हिलोरें लेने लगी हैं। इसे और प्रगाढ़ बनाने की तैयारी में लोग जुटते दिख रहे हैं। होली को लेकर बच्चों में खुशियों की हिलोरें लेने लगी हैं और वे अपनी मनपसंद पिचकारी, रंग, टोपियां व विविध रंगों की खरीदारी भी करने लगे हैं। होली के मनभावन सामानों से दुकानें सज चुकी हैं। वहीं होली के सुरीले गीतों से बाजार के लोग रंगों की गहराई में गोता लगाने को विवश हैं। मिष्ठान की दुकानों में खोया और छेना की मिठाइयों से निकलती भिनी-भिनी मिठास लोगों को होली के मीठेपन का एहसास करा रही है। होलिका दहन के बाद बुधवार 4 मार्च को रंग गुलालों का स्नेह भरा त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विष्णु भक्त प्रह्लाद के पिता राक्षस राज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को मृत्यु के घाट उतारने के लिए अपनी बहन होलिका की गोद में बिठा दिया। परन्तु होलिका द्वारा वरदान का दुरुपयोग करने के कारण चादर हवा में उड़कर प्रह्लाद की गोद में चली गई और होलिका अग्नि की ज्वाला में समा गई। होलिका की निकृष्ट और ओछी मानसिकता रही, इसी लिए लोग होलिका दहन के बाद पावनता और अनुराग भरा पर्व होली मनाते हुए पवित्र भाव की कामना करते रहे हैं। होली को उत्साह एवं उल्लासपूर्ण बनाने को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित मोंगलाबांध, राजदाहा, फुलझिंझरी, गनपूरा, सिंहपुर, बेनाकूड़ा, बनडीगा, लखीजोल, राधानगर, श्रीधरपाड़ा, बनो ग्राम, पारुलिया, चौकीसाल, तेतुलिया, तेगुड़िया, रामघाटी, राजवाड़ी, उमा पहाड़ी, पलासी, तालवा, लागडुम आदि ग्रामों में पर्व मनाने की तैयारी जोरों पर है। वहीं दूसरी ओर संथाली समाज में वाहा पर्व को लेकर पूरा हर्षोल्लास है।

# रांची विश्वविद्यालयः सिमडेगा और मांडर कॉलेजों में नागपुरी शिक्षकों की भारी कमी, जल्द नियुक्ति की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी अंतर्गत आने वाले सिमडेगा कालेज और मांडर कॉलेज में नागपुरी भाषा के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित तो हो रहे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि वहां एक भी स्थायी अथवा नीड-बेस्ड शिक्षक नियुक्त नहीं है। शिक्षा का यह बिना शिक्षक का सफर न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक अधिकारों के साथ अन्याय है, बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की प्रतिबद्धता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। जब एक ओर शहर के डोरंडा कालेज में दो स्थायी और दो नीड-बेस्ड शिक्षक कार्यरत हैं, वहीं दूसरी ओर सुदूरवर्ती सिमडेगा और मांडर के छात्र मूलभूत शैक्षणिक सुविधा से वंचित हैं। यह असंतुलन केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि नीति-निर्माण में समन्वय की कमी को भी दर्शाता है। शिक्षा का उद्देश्य समान अवसर प्रदान करना है, न कि भौगोलिक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण अध्यापन में भेदभाव करना। स्थिति और अधिक विचारणीय तब हो जाती है जब यूनिवर्सिटी के नागपुरी विभाग में पहले से एक स्थायी और दो नीड-बेस्ड शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद डा. मनोज कच्छप की नई नियुक्ति की गई।

सवाल यह नहीं कि नियुक्ति क्यों हुई, सवाल यह है कि क्या यह नियुक्ति उन कालेजों की तात्कालिक आवश्यकता को ध्यान में रखकर की गई, जहां शिक्षक का अभाव है। क्या संसाधनों का संतुलित वितरण यूनिवर्सिटी की प्राथमिकता में शामिल है। नागपुरी भाषा केवल एक विषय नहीं, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक अस्मिता, लोकजीवन और ऐतिहासिक चेतना की वाहक है। यदि इसके अध्ययन-अध्यापन की बुनियादी संरचना ही कमजोर रहेगी, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी मातृभाषा से कैसे जुड़ पाएंगी। यूनिवर्सिटी प्रशासन को चाहिए कि वह समग्र समीक्षा कर सिमडेगा और मांडर कालेज में शीघ्र शिक्षक नियुक्ति सुनिश्चित करे, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके।

# देवघर में साइबर ठगी पर पुलिस का शिकंजा, 11 आरोपी गिरफ्तार; 1 लाख से अधिक कैश बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर।** साइबर ठगी के आरोपितों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके तहत साइबर ठगी के आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को 11 साइबर ठगी के आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपितों में जिले के पथरौल थाना क्षेत्र के फुलराम गांव निवासी चंदन कुमार, इसी थाना क्षेत्र के सिमरातरी गांव निवासी राहुल कुमार दास, इसी गांव के राहुल कुमार दास, कुंदन कुमार, इसी थाना क्षेत्र के पितौंजिया गांव निवासी दिवाकर महरा, जिले के सारठ थाना क्षेत्र के पथरड्डा थाना क्षेत्र के उबिया गांव निवासी जब्बार अंसारी, जिले के करौं थाना क्षेत्र के जगाडीह गांव निवासी दीपक कुमार मंडल, प्रिंस कुमार मंडल, जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के पतरो गांव निवासी नीरज कुमार दास, जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के तिलौना गांव निवासी संजय कुमार दास, जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के पदनबोना गांव निवासी रोहित कुमार यादव शामिल हैं।

इन सभी को पुलिस ने पथरौल थाना क्षेत्र के सरहैता गांव के पास स्थित जंगल से पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने 11 मोबाइल फोन, 12 सिम कार्ड और 1.01 लाख रुपया नकद बरामद किया है। पैसा पकड़े गए आरोपित नीरज कुमार दास के पास से बरामद किया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये पैसा साइबर ठगी का पैसा है। उसने ये पैसा निकालकर घर में रखा था। पुलिस ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये पैसा किससे ठगी की गयी है। वहीं ये पैसा उस तक कैसे पहुंचा। पूछताछ के क्रम में इन आरोपितों ने वे मुख्य रूप से गुगल पर विभिन्न कंपनी के कस्टमर केयर नंबर की जगह अपना फर्जी मोबाइल नंबर डाल देते हैं। उसके बाद जब परेशानी होने पर लोग मदद के लिए उस नंबर पर काल करते हैं तो लोगों को अपने झांसा में ले लेते हैं। उसके बाद उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। इसके अलावा ये लोग फोनपे व पेटीएम का कस्टमर केयर पदाधिकारी बनकर लोगों को काल करते हैं। उसके बाद उन्हें इनाम व कैश का झांसा देते हैं। बाद में आफर के नाम पर उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। छापेमारी दल में साइबर थाना के इंस्पेक्टर नागेन्द्र कुमार मंडल, एसआइ संतोष कुमार मंडल, पथरौल और पथरड्डा थाना की पुलिस टीम शामिल थी। पूछताछ करने के बाद सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

# मिलावट पर एक्शनः होली से पहले रांची में ताबड़तोड़ छापामारी, जांच के लिए भेजे गए पनीर और मिठाइयों के सैंपल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** रंगों के त्योहार होली के मद्देनजर राजधानी में मिलावटी पनीर, खोआ और मिठाइयों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई, जिसमें सबसे अधिक सैंपल बूटी मोड़ क्षेत्र से एकत्रित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने के साथ मिलावट का जोखिम भी बढ़ जाता है। बूटी मोड़ और आसपास के थोक-खुदरा बाजार से पनीर, खोआ और विभिन्न मिठाइयों के सैंपल लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके अनुसार विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं, लेकिन खुदरा बाजार में फैला नेटवर्क बड़ी चुनौती है, जहां छोटी दुकानों और अस्थायी विक्रेताओं के माध्यम से मिलावटी उत्पाद खपाए जाते हैं।

**कैसे बनता है मिलावटी पनीर व मिठाई?**

विशेषज्ञों के अनुसार मांग पूरी करने और मुनाफा बढ़ाने के लिए कुछ असामाजिक तत्व कृत्रिम तरीके अपनाते हैं। पनीर बनाने में दूध की जगह स्किम्ड मिल्क पाउडर, स्टार्च, सिंथेटिक दूध या डिटर्जेंट मिश्रित घोल का इस्तेमाल किया जाता है।

कई मामलों में पनीर को अधिक सफेद और आकर्षक दिखाने के लिए रसायन मिलाए जाते हैं। इसी तरह खोआ में वनस्पति घी, आलू का पेस्ट, मैदा या स्टार्च मिलाया जाता है। मिठाइयों में कृत्रिम रंग, सस्ते फ्लेवर और निम्न गुणवत्ता के तेल-घी का उपयोग किया जाता है। बासी मिठाइयों को दोबारा तलकर या चाशनी में डुबोकर ताजा बताकर बेचने के मामले भी सामने आते हैं। मालूम हो कि पिछले सप्ताह भी हिनू से बिरसा चौक तक जांच अभियान में नौ दुकानदारों पर मिलावटी को लेकर कार्रवाई की गई थी।

**स्वास्थ्य पर गंभीर असर**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. बी कुमार के अनुसार मिलावटी खाद्य पदार्थ सीधे तौर पर पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं। ऐसे पनीर और मिठाइयों के सेवन से फूड प्वाइजनिंग, उल्टी-दस्त, पेट दर्द, एलर्जी और त्वचा पर रैशेज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लंबे समय तक रसायनयुक्त खाद्य पदार्थ खाने से लीवर और किडनी पर भी असर पड़ सकता है। डॉ. कुमार ने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए जोखिम अधिक होता है। कृत्रिम रंग और रसायन अस्थमा व एलर्जी के मरीजों में गंभीर प्रतिक्रिया पैदा कर सकते हैं।

**डॉक्टर कुमार की सलाह**

उन्होंने लोगों को सलाह दी कि पनीर व मिठाई कंपनियों के सीलबंद डब्बे या पैकेट में लें, जिसमें प्रमाणिकता का जिक्र हो। साथ ही मिठाई विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदें, अत्यधिक चमकीले रंग की मिठाइयों से बचें और पनीर को पानी में डालकर उसकी गुणवत्ता की साधारण जांच करें, यदि वह जल्दी टूटने लगे या रंग छोड़ दे तो सावधान हो जाएं।

आयोडिन से भी जांच की जा सकती है। त्योहार की खुशियों के बीच स्वास्थ्य से समझौता न हो, इसके लिए प्रशासन और आम नागरिकों दोनों की सतर्कता जरूरी है। होली पर रंगों के साथ स्वाद भी सुरक्षित रहे, यही विभाग का लक्ष्य है।

# रांची में होली-ईद पर विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश, उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि विधानसभा सत्र तथा आगामी होली, ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था हर हाल में सुदृढ़ रहनी चाहिए। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसे लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित एनआइसी सभागार में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।

**नगरपालिका चुनाव व शपथ ग्रहण की तैयारी**

उपायुक्त ने नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने पर अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने का निर्देश दिया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य को टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र प्रारंभ कराने को कहा गया।

**ध्वनि प्रदूषण व सुरक्षा व्यवस्था पर जोर**

होली और ईद सहित सभी पर्व-त्योहारों में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के तय मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी।

**मार्च क्लोजिंग में वित्तीय अनुशासन**

मार्च क्लोजिंग के मद्देनजर सभी विभागों को फर्जी निकासी और अनियमितताओं पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। अंतिम समय में किसी भी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी पर जवाबदेही तय की जाएगी।

**विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा**

समाहरणालय परिसर में सीसीटीवी कैमरों के 24 घंटे संचालन की समीक्षा की गई। सभागार के जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। रांची के प्रमुख जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और फर्जीवाड़ा रोकने पर भी जोर दिया गया। अंचल व प्रखंड कार्यालयों में बीडीओ/सीओ सहित कर्मियों को आईडी कार्ड वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। छात्रवृत्ति, धान अधिप्राप्ति और मंईया सम्मान से स्वावलंबन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा हुई। उपायुक्त ने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन ही प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय भगत, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर कुमार रजत सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान, 4 लाख किशोरियों को लगेंगे मुफ्त एचपीवी वैक्सीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** भारत सरकार के सहयोग से झारखंड में चार लाख कि शोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन मुफ्त लगाई जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत विगत 28 फरवरी को हुई है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्टेट टास्क फोस की बैठक हुई, जिसमें इस अभियान को लेकर प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने टीकाकरण के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जो भी लाभार्थी टीकाकरण से छूट जाएं, उनका फोन के माध्यम से फालोअप किया जाए।

इस कार्य के लिए एएनएम द्वारा व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर वस्तुस्थिति का आकलन किया जाएगा। साथ ही एआइ के माध्यम से काल सेंटर स्थापित कर कम मैनपावर में अधिक प्रभावी ढंग से फालोअप करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जहां भी टीकाकरण में गैप हो, उसे चिन्हित कर भरने का प्रयास किया जाए। किसी भी कर्मी द्वारा लापरवाही बरतने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में बोकारो के चंदनकियारी से संबंधित एक प्रकरण सामने आया, जिसमें एक चिकित्सक पर लापरवाही के आरोप की जानकारी दी गई। इस पर अपर मुख्य सचिव ने जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में अभियान की सफलता के लिए आइसीडीएस, पंचायती राज, शिक्षा, आइपीआरडी, कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के साथ-साथ एनजीओ के सहयोग पर जोर दिया गया। बता दें कि इस टीकाकरण अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की लगभग चार लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# ट्रेन से बिहार में शराब की तस्करी का प्लान हुआ फेल, धनबाद स्टेशन में पकड़ी गई बड़ी खेप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**धनबाद।** होली के त्योहार और बिहार में शराब की डिमांड को देखते हुए तस्कर सक्रिय हो गए हैं। शराब तस्कर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बिहार ले जाने के फिराक में थे। लेकिन धनबाद रेल मंडल की चौकसी ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की विशेष टीम ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत सोमवार देर रात धनबाद स्टेशन पर छापेमारी कर एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लगभग 20 हजार रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर गठित टास्क टीम और सीआइबी की टीम स्टेशन परिसर में संदिग्धों पर नजर रख रही थी। इसी बीच मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर दो के कालका छोर पर घेराबंदी की।

**लाल ट्रॉली में शराब की बोतलें**

वहां एक युवक लाल रंग के भारी ट्रॉली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में ट्रेन का इंतजार कर रहा था। पुलिस को देखते ही वह भागने की कोशिश करने लगा लेकिन सतर्क जवानों ने उसे दबोच लिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गयी, जिनमे आरोपी के बैग से 'रॉयल स्टैग' ब्रांड की 48 बोतलें (कुल 18 लीटर) बरामद हुई। आरोपी की पहचान बिहार के सासाराम निवासी नितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह झारखंड से सस्ती दरों पर शराब खरीदकर बिहार ले जा रहा था जहां शराबबंदी के कारण इसे होली के दौरान ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध मुनाफा कमाने की योजना थी।आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जानकारी उसके परिजनों को दे दी गई है। इस कार्रवाई में सउनि सुशील कुमार (एआईबी), सउनि जीवलाल राम (आरपीएफ पोस्ट) और हवलदार ब्रजेश कुमार सहित 10 सदस्यीय टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### झारखंडः पूर्व केंद्रीय मंत्री के बॉडीगार्ड रह चुके रिटायर्ड ASI पर ACB का शिकंजा, गिरफ्तारी के बाद बिगड़ी तबीयत

**धनबाद।** झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में रिटायर्ड जमादार (ASI) लालेश्वर सिंह को गिरफ्तार किया है। लालेश्वर सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री रीता वर्मा के बॉडीगार्ड रह चुके हैं। एसीबी में सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है। इसी सिलसिले में उनकी गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तारी के बाद उनका बीपी बढ़ गया, जिसके कारण एहतियातन उन्हें एसएनएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है। धनबाद एसीबी की टीम ने लालेश्वर सिंह के खिलाफ कार्रवाई सोमवार देर रात की गई। धनबाद स्थित उनके आवास को घेर लिया। इसके बाद गिरफ्तारी की। इस संबंध में एसीबी धनबाद थाना कांड संख्या 01/23, दिनांक 04 जनवरी 2023 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के क्रम में अभियुक्त के विरुद्ध आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के पर्याप्त साक्ष्य मिले। इसके बाद सक्षम प्राधिकारी के आदेश पर 2 मार्च 2026 को उनके हीरापुर स्थित आवास से विधिवत गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त सरायढेला थाना क्षेत्र के पुराने कोल बोर्ड कालोनी, हीरापुर के निवासी हैं। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है तथा संपत्ति से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# झारखंड भाजपा का प्रशिक्षण अभियान मार्च से शुरू, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आयोजित करने का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के मार्च महीने से अभियान प्रारंभ कर रही है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने इसे अप्रैल तक पूरा करने का निर्देश दिया है। मंडल स्तर के नव नियुक्त कमिटी के प्रशिक्षण शिविर जिलों में आयोजित किए जाएंगे। जिला और प्रदेश स्तर के नेताओं के लिए भी तीन दिनों का एक प्रशिक्षण शिविर लगेगा। इसमें केंद्रीय नेताओं की उपस्थिति रहेगी। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के सिद्धांतों की जानकारी के साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लोगों के बीच प्रचारित करने की जानकारी दी जाएगी। प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में नगर निकायों में जीते हुए भाजपा नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। स्थानीय निकाय के चुने हुए प्रतिनिधियों के जरिए भाजपा जमीनी स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों को पहुंचाने की योजना बना रही है।

**जीते हुए प्रतिनिधियों का होगा सम्मान**

स्थानीय निकाय चुनाव में जीते हुए जनप्रतिनिधियों का प्रदेश भाजपा की तरफ से आठ मार्च को सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। रांची के हरमू मैदान में रांची की मेयर रोशनी खलको, पलामू की मेयर अरुणा शंकर और आदित्यपुर से जीते संजय सरदार के अलावा नगर परिषद से जीते अध्यक्षों को इसमें सम्मानित किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने बताया कि धनबाद से मेयर निर्वाचित हुए संजीव सिंह को भी आमंत्रण देने पर विचार चल रहा है। बता दें कि उन्हें पार्टी ने कुछ दिन पहले चुनाव के दौरान नोटिस दिया था।

**डिप्टी मेयर के लिए भी जोर लगाएगी भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने तीन नगर निगम में अपने समर्थित प्रत्याशी की जीत बताई है। इनमें रांची, पलामू और आदित्यपुर शामिल है। धनबाद और हजारीबाग में पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत बता रही है। अब डिप्टी मेयर के चुनाव में भी पार्टी दम लगाएगी। चुने हुए वार्ड प्रतिनिधियों की संख्या अपने पक्ष में होने का दावा भाजपा नेता कर रहे हैं। हालांकि विपक्ष में होने की वजह से भाजपा को रणनीतिक तौर पर बढ़त नहीं है। लेकिन मेयर के जरिए पार्टी इन सीटों पर नजर बनाए हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिकारियों ने मदिरा दुकानों का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**कोंच (जालौन)**- होली पर्व को शांति सुरक्षा के बीच संपन्न कराए जाने को लेकर शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के आदेश के अनुपालन में कोंच नगर में खुली मदिरा दुकानों का रेण्डम आधार पर औचक निरीक्षण सोमवार की रात्रि में एसडीएम ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने आबकारी निरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण के दौरान करीब आधा दर्जन देशी-अंग्रेजी और कम्पोजिट मदिरा दुकानों की जांच की गई जिसमें देशी शराब दुकान संख्या 2 में रजिस्टर पूर्ण न होने एवं गन्दगी होने पर 10 और 5 हजार (कुल 15 हजार) का जुर्माना लगाया गया। देशी शराब दुकान संख्या 3 में निकासी पास का रखरखाव ठीक न होने के कारण 2 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों ने मदिरा दुकान संचालकों को साफ-सफाई रखने, अभिलेख पूर्ण रखने एवं निर्धारित मूल्य पर विक्री करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा मदिरा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे संचालित अवस्था में रखने, दुकान के अंदर बैठाकर शराब न पिलाने, निर्धारित समयावधि में ही दुकान खोलने के कड़े निर्देश दिए।

### महामूर्ख सम्मेलन आज, बैठक में व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई

**कोंच(जालौन)**- होली की प्रतिपदा पर परंपरागत रूप से होने वाले महामूर्ख सम्मेलन को लेकर सोमवार देर शाम आयोजन स्थल केलरगंज में स्थित शंकर भगवान के मंदिर पर आयोजक संस्था बुंदेली संस्कृति एवं लोक कला संवर्धन संस्थान की बैठक संपन्न हुई जिसमें तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था से जुड़े हरिश्चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि 4 मार्च को अपरान्ह दो बजे से महामूर्ख सम्मेलन प्रारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व पूर्वान्ह 11 बजे इस साल के महामूर्ख सुशील निरंजन मास्टर की बारात गाजे-बाजे के साथ गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर मार्कंडेयश्वर तिराहा, रेलवे क्रॉसिंग, सागर चौकी तिराहा, चंदकुआं, स्टेट बैंक, लवली चौराहा होते हुए नई बस्ती से आयोजन स्थल केलरगंज पहुंचेगी। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी बांटी गई और पूर्ण मनोयोग से आयोजन सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में समिति के संरक्षक पुरुषोत्तम दास रिछारिया, संजय सोनी, अतुल शर्मा, अभिषेक रिछारिया पुन्नी, कमलेश निरंजन, तरुण निरंजन, राहुल राठौर, विवेक द्विवेदी, शुभम तिवारी, अरुण पटेल, सूर्यदीप सोनी, करुणानिधि शुक्ला, अमित सोनी आदि उपस्थित रहे।

### दिल्ली एआई समिट में हंगामे पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गिरफ्तार



**ललितपुर।** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए हंगामे की आंच बुंदेलखंड तक पहुंच गई। शनिवार देर रात दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने शहर के नई बस्ती इलाके में छापेमारी की और यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रितिक उर्फ मोंटी शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। बीते शुक्रवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा घेरा तोड़कर अर्धनग्न अवस्था में प्रदर्शन किया था। दिल्ली पुलिस के अनुसार, विदेशी मेहमानों की उपस्थिति में इस तरह का कृत्य न केवल कूटनीतिक शिष्टाचार का उल्लंघन है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा में बड़ी सेंध है। मोंटी शुक्ला पर इस पूरे प्रदर्शन की साजिश रचने और उसमें सक्रिय भागीदारी का संदेह है। गोपनीय ढंग से की गई इस कार्यवाही के बाद पुलिस टीम आरोपित को लेकर दिल्ली रवाना हो गई है, जबकि परिजनों ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है।

# शादी से 12 दिन पहले युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**●6 दिन पहले ही बीमार पिता की हुई थी मौत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)**- अपनी शादी से 12 दिन पहले एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी 6 दिन पहले ही उसके बीमार पिता की मौत हो गई थी जिससे वह गहरे सदमे में थी। इसके अलावा आर्थिक तंगी भी उसकी आत्महत्या की वजह हो सकती है। इस घटना से परिवार ही नहीं, मोहल्ले में भी मातम पसर गया है। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें पिता के इलाज को लेकर पारिवारिक तनाव का जिक्र किया गया है। कस्बे के मोहल्ला गोखले नगर में मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 24 वर्षीय नेहा प्रजापति का शव घर की दूसरी मंजिल पर बनी किचिन के गेट की चौखट से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। शव देखते ही परिजन चीख-पुकार करने लगे। सूचना पर सीओ परमेश्वर प्रसाद व कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है, जबकि परिजनों को इसकी जानकारी सुबह लगभग 9 बजे हुई। नेहा बीए पास थी और उसकी शादी आगामी 14 मार्च को थी उसकी बारात इटावा से आने वाली थी। बताया गया कि उसके पिता अवध बिहारी कैंसर से पीड़ित थे और पैसों के अभाव में समुचित इलाज नहीं हो सका जिसके चलते 25 फरवरी को उनका निधन हो गया था। अभी पिता की त्रयोदशी भी नहीं हुई थी कि यह दूसरी दर्दनाक घटना सामने आ गई। परिजनों के मुताबिक नेहा चार बहनों में तीसरे नंबर की थी। बड़ी बहनें मीनू और रोली की शादी हो चुकी है, जबकि सबसे छोटी बहन रक्षा है। बताया गया कि पिता के हिस्से में करीब चार बीघा जमीन थी। नेहा पिता के इलाज के लिए जमीन बेचने पर जोर दे रही थी, लेकिन इस बात को लेकर दूसरी बहन उसका विरोध कर रही थी। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में भी इसी मानसिक तनाव का जिक्र है जिसमें नेहा ने घर में रखे पैसे और चाबियों का भी जिक्र किया है। पिता की मौत के बाद नेहा गहरे सदमे में चली गई थी। सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि नेहा के शव के पास से सुसाइट नोट मिला है जिसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इधर, आत्महत्या से पहले नेहा प्रजापति द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट उसकी जेब में मिला जिसमें नेहा ने न केवल पिता के इलाज को लेकर अफसोस जताया है, बल्कि घर के पैसों का हिसाब-किताब और परिवार के भविष्य को लेकर भी बातें लिखी हैं। नेहा ने सुसाइड नोट में लिखा है, मुझे माफ करना। घर में रखे पैसे और मेरी पासबुक में पड़े पैसों से मेरी छोटी बहन की शादी अंकित से कर देना।

## सर्व समाज के विकास में भागीदार बनें, ब्राह्मण- राम बिहारी तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखंड जिझौतिया ब्राह्मण परिवार मंच की एक आवश्यक बैठक में इस मंच के प्रमुख राम बिहारी तिवारी ने आए हुए समस्त ब्राह्मणों से अपील की ब्राह्मण सिर्फ अपना ही नहीं सर्व समाज के उत्थान हेतु प्रयासरत रहे। इसके पहले कि समस्त वर्गो के ब्राह्मणों को इकट्ठा किया जाए पहले हम अपने परिवार (जिझौतिया परिवार) को इकट्ठा करना होगा।यह विचार 1 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सीमा पर स्थित प्रसिद्ध अमझरा मंदिर पर आयोजित जिझौतिया विप्र परिवार की बैठक जीरो बुंदेलखंड जिझौतिया ब्राह्मण परिवार संस्कार मंच के तत्वाधान में आयोजित बैठक में मंच के प्रमुख राम बिहारी तिवारी उज्जैन वालों ने व्यक्त किए,सभा की अध्यक्षता तिलक राम कौशिक ने की।अपने उद्बोधन में तिवारी ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव शिक्षा दीक्षा के माध्यम से अन्य समाज को संस्कारों का ज्ञान दिया पर आज स्वयं भटक गए हैं।जिससे नवयुवक पतन की ओर जा रहे हैं जो चिंतनीय है। उन्होंने अपील की समाज क निचले पायदान पर खड़े परिवारों को चिन्हित कर उनके विकास हेतु आर्थिक व सामाजिक सहयोग हेतु हम सब को आगे आना होगा। यदि कोई विप्र आर्थिक रूप से कमजोर है और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं दे पा रहा अथवा बेटियों की शादी करने में सक्षम नहीं है तो हमारा मंच उनकी मदद हेतु सदैव तत्पर है।

बैठक में आपसी सामंजस्य बढ़ाने और छोटी छोटी बातों पर होने वाले मनमुटाव को दूर कर आपस में मिलजुल कर रहने,युवाओं में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति को रोकने शादी विवाह में फिजूल खर्च रोकने, समय से शादी करने आदि सहित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में बीना, गंजबासोदा,विदिशा, मालथोन, झांसी, मजल, जेरोन, बाँदरी, अमारी, टौरिया, नगारा, करमई, टीकरा तिवारी, दरौनी ,पचौनी, बानपुर, महरौनी, खिमलाशा निवारी, मंडी बमौरा ,पीथमपुर, उन्नाव,कुरैंचा व आसपास के लगभग बीस गांवों के जिझौतिया वर्गीय ब्राह्मण एकत्र हुए।ग्राम माल्थोंन के की समाज ने सभी की आगवानी करते हुए सभी का स्वागत किया।बैठक में संतोष रावत बानपुर, कन्हैया लाल पुरोहित, कन्हैया लाल तिवारी, विश्वनाथ रिछारिया,संजय सुडेले, सतीश तिवारी, प्रकाश नारायण लिटोरिया, प्रभाकर नायक,अमित दुबे बीना,शंभू दयाल मिश्रा, नंदकिशोर तिवारी टीकरा, संतोष तिवारी, रघुनाथ दास गोस्वामी धमना,शिव कुमार चतुर्वेदी, प्रभु दयाल मिश्रा, अखिलेश लिटौरिया, रामदेव तिवारी, आशीष पटेरिया, मनोज रावत, कृष्णकुमार रावत,जितेंद्र विदुआ, संजीव लिटौरिया, पन्ना लाल शांडिल्य, डॉ संजीव लिटौरिया, ओमप्रकाश तिवारी, पुरोहित, खिमलासा से पधारे सुरेंद्र तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, प्रमोद तिवारी,नृप किशोर बबेले,सुरेश लिटौरिया, राम किशोर नायक, विजय गोपाल हुंडेत, अरविंद शर्मा अजीत बिदुआ, सुनील तिवारी,ब्रजेश लिटौरिया, राम भगवान कौशिक,मनमोहन सरवैया,सतीश तिवारी निवारी, नारायण चौबे, शिवम तिवारी, संतोष पटेरिया,राज कुमार भोंडेले,मुकेश चौबे, आनंद लिटौरिया ,श्री मती रेखा पुरोहित,श्री मती रश्मि,श्री मती आरती नायक, श्री मती नीता तिवारी, श्याम सुंदर भोंडेले,सुनील लिटौरिया, सुरेश चौबे,मनोज कौशिक,भगवत नारायण शुक्ला, रमेश पाठक, महेश तिवारी,दीपक तिवारी,राम जी रावत आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभा के अध्यक्ष ललितपुर से पधारे तिलक राम कौशिक ने उपस्थित समस्त ब्राह्मणों से संस्कार मंच से जुड़ने का आग्रह किया और मंच को सहयोग करने की अपील की। अंत में तिलक राम कौशिक ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## सहारनपुर के पांच रेफरियों ने किया कमाल, 'चीनी कुश्ती' के लिए पास की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहारनपुर।** खेल जगत में सहारनपुर की अलग पहचान है। अब रेफरियों ने नया कीर्तिमान हासिल किया है। 20 से 22 फरवरी 2026 तक लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई शुआई जिआओ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शहर के पांच लोगों ने रेफरी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह पहली बार है जब सहारनपुर से एक साथ पांच रेफरी ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इनमें सुषमा सिंह, पुनीत वर्मा, पीयूष मित्तल, हर्षित बिंदल व श्रुति गोयल शामिल हैं। राष्ट्रीय शुआई जिआओ खेल संघ के अध्यक्ष डा. विष्णु सहाय ने सफल रेफरियों को प्रमाण-पत्र और नेशनल रेफरी बैज प्रदान किए। उन्होंने बताया कि इससे पहले प्रदीप त्यागी ने चीन के बाडिंग सिटी में आयोजित वर्ल्ड शुआई जिआओ गेम्स में अंतरराष्ट्रीय रेफरी की परीक्षा पास कर जिले का नाम रोशन किया था। उनकी उपलब्धि से प्रेरित होकर स्थानीय खिलाड़ियों और रेफरियों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का उत्साह दिखा है।

**ऐसे खेला जाता है यह खेल**

एक प्राचीन चीनी मार्शल आर्ट और कुश्ती शैली है, जो मुख्य रूप से प्रतिद्वंद्वी को तेजी से नीचे गिराने या फेंकने पर केंद्रित है। इसे अक्सर चीनी कुश्ती कहा जाता है, जिसमें खड़े रहकर पकड़ बनाने, पैरों का उपयोग करने और संतुलन बिगाड़ने की तकनीकें अपनाई जाती हैं। इसमें जमीन पर लड़ना शामिल नहीं है।

## सैंकड़ों कन्याओं का किया पूजन



**कोंच(जालौन)**- तहसील क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल जागेश्वर धाम में कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया और दक्षिणा देकर विदा किया गया। उक्त आयोजन सनक कुमार मिश्रा तथा उनके पुत्र सोमेश मिश्रा व पुत्रवधू श्वेता मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर स्वांति पटेल, दिया पटेल, नंदिनी प्रजापति, जाह्नवी चौधरी, सोनाली पांचाल, आशा गोस्वामी, नंदिनी मिश्रा, गुनगुन पटेल, मंसूरी, साक्षी गौतम, सौम्या, महक पटेल सहित तमाम नाते-रिश्तेदार तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## पीएसी कमांडेंट ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- होली पर्व को लेकर पीएसी कमांडेंट अजित कुमार सिन्हा ने मंगलवार को कोंच पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस बल के अधिकारी भी मौजूद रहे। कमांडेंट ने पीएसी यूनिट जालौन के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए पीएसी की छह टीमें सक्रिय रूप से तैनात की गई हैं, जो नगर के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रख रहीं हैं। कमांडेंट सिन्हा ने जवानों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरतें, नियमित गश्त बढ़ाएं और स्थानीय पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों के अनुसार नगर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख मार्गो पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। कमांडेंट ने आम जनता से भी अपील की है कि होली को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्योहार शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न हो सके।

## पूर्व नपाध्यक्ष ने जरूरतमंदों के बीच मनाई 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ

**●ब्राह्मण महामंडल एवं शुभचिंतकों ने किया कार्यक्रम का आयोजन, अन्नपूर्णा भोजनशाला में गरीब असहायों को कराया गया भोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं. अशोक पटेरिया 'बट्टू दादा' की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ सोमवार को मेडिकल कॉलेज ललितपुर परिसर में धूमधाम के साथ मनाई गई। ब्राह्मण महामंडल के तत्वाधान में आयोजित इस अवसर पर अन्नपूर्णा भोजनालय में निर्धन, गरीब, असहाय एवं तीमारदारों को निशुल्क भोजन कराया गया। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी, परिवारजनों एवं शुभचिंतकों सहित केक काटा।

वहीं उपस्थित उनके शुभचिंतकों ने पं. अशोक पटेरिया 'बट्टू दादा' को उनकी 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पचास वर्षो का यह पावन दांपत्य जीवन प्रेम, विश्वास, त्याग और सेवा की जीवंत मिसाल है। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं ब्राह्मण महामंडल के अध्यक्ष के रूप में उनका निस्वार्थ योगदान सदैव समाज को प्रेरित करता रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि 'बट्टू दादा' का नाम ललितपुर में किसी पद या कुर्सी से बड़ा है, जो उनकी सादगी, लोकप्रियता और समाजसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। ललितपुर के विकास में उनकी भूमिका अतुलनीय है। अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घ और सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस दौरान पं. बालकृष्ण नायक नन्ना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गुड्डू राजा, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, अवध बिहारी उपाध्याय, अजय तिवारी नीलू, महेंद्र अग्निहोत्री, राजीव बबेले सप्पू, जगदीश पाठक, विलास पटैरिया, अभय चौबे लंबरदार, राजेश यादव, धुव्र किलेदार, आशीष चौबे पुरानी बाखर, रमाकांत तिवारी, मदन शर्मा, संतोष शर्मा, पवन संज्ञा, अरविंद संज्ञा, चंद्रशेखर दुबे, विधाकांत मालवीय, दिनेश गोस्वामी, प्रमोद बबेले, मनीष पाठक, अंकुर शर्मा, रोहित पटैरिया अंकित, रमाकांत तिवारी, कुन्दन पाल, संदीप नायक, नील पटैरिया, डा. दीपक पस्तोर, केतन दुबे, राममूर्ति तिवारी, वेद प्रकाश लिटौरिया, प्रशांत शुक्ला, सत्येंद्र यादव सेतु, नीलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## होली व रमजान से पूर्व मिलावटखोरों पर प्रशासन की सख्ती

**●जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश पर दो दिन में बड़ी कार्रवाई, 4.20 क्विंटल घी सीज, 5 कुंतल दूषित खोया नष्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों के बिगड़ते स्वास्थ्य तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की आशंका पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने होली एवं रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान बाजार में बिकने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा मिलावटखोरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**शनिवार को टोडी गांव में बड़ी कार्रवाई**

दिनांक 28 फरवरी को जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तहसील तालबेहट अंतर्गत टोडी गांव स्थित आशीष यादव पुत्र तुलसीराम की डेयरी निर्माण इकाई पर छापामार कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान वहां भंडारित घी एवं खोया के नमूने संग्रहित किए गए। साथ ही लगभग 5 कुंतल दूषित खोया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1,20,000 रुपये थी, मौके पर ही नष्ट कराया गया। विभाग द्वारा संबंधित इकाई के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

**रविवार को शहर में ताबड़तोड़ छापेमारी**

रविवार को सहायक आयुक्त खाद्य प्रशासन विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन सहित टीम ने शहर क्षेत्र में सघन अभियान चलाया।

टीम ने शाहू डेरी, तालाबपुरा प्रतिष्ठान पर छापा मारकर निर्माता एवं भंडारित घी के तीन नमूने संग्रहित किए तथा लगभग 2,30,000 रुपये मूल्य का 420 किलोग्राम घी सीज किया। वैध लाइसेंस प्राप्त न होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई। इसी क्रम में नगर पालिका क्षेत्र स्थित मनोज जैन पुत्र स्वर्गीय जानकी प्रसाद के सुपरमार्केट पर छापेमारी कर 11,760 रुपये मूल्य का 42 किलोग्राम खाद्य पदार्थ नष्ट कराया गया तथा नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त नीलकमल स्वीट्स की निर्माण इकाई से मिठाइयों एवं गुजिया के नमूने तथा आर्य किराना स्टोर से सोनपापड़ी का नमूना जांच हेतु लिया गया।

**जांच रिपोर्ट के बाद होगी कठोर कार्रवाई**

सहायक आयुक्त खाद्य प्रशासन विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि सभी नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। यदि जांच में मिलावट अथवा मानकविहीनता पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। त्योहारों के मद्देनजर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आमजन से भी अपील की गई है कि संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### आजमगढ़ में तीन ग्रामीण सड़कों का 1.91 करोड़ से होगा कायाकल्प, शासन से मिली स्वीकृति

**आजमगढ़।** चुनावी वर्ष में ग्रामीण सड़कों के नव निर्माण के लिए स्वीकृति के लिए रफ्तार तेज हो गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम चरण में शासन से जिले की तीन ग्रामीण सड़कों के नव निर्माण की स्वीकृति दी है। इन तीन ग्रामीण सड़कों के नव निर्माण में कुल एक करोड़, 91 लाख, 99 हजार रुपये खर्च होंगे। अब तक इस वर्ष मुख्य रूप से सड़कों की मरम्मत व विशेष मरम्मत के प्रस्तावों की ही स्वीकृति मिल रही थी लेकिन अब नए निर्माण कार्यों को भी हरी झंडी मिलने लगी है। लोक निर्माण विभाग स्वीकृत सड़कों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराएगा। इन मार्गों के बन जाने से संबंधित गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण जिन रास्तों पर आवागमन बाधित हो जाता था, वहां अब पक्की सड़क बनने से राहत मिलेगी।

# रंग पंचमी के लिये विख्यात है राखपंचमपुर मेला

**●सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) लगाने से फोड़ा फुंसी के अलावा कई असाध्य चर्म रोग होते हैं ठीक**

**पांच दिन लगता है मेला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विकासखंड जखौरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राखपंचमपुर में होली की रंगपंचमी पर श्री श्री 1008 श्री सिद्ध बाबा मंदिर पर बड़ा ही विशाल भव्य मेला लगता है यहां का मेला बुन्देलखण्ड सहित आसपास के जिलों में प्रसिद्ध है राखपंचमपुर मेला में हर साल लाखों श्रद्धालु श्री सिद्ध बाबा की चमत्कारी मड़िया के दर्शन करने के लिये पहुंचते हैं और अपनी हाजिरी दर्ज कराते हैं यह राखपंचमपुर मेला श्री सिद्ध बाबा के चमत्कारों के लिये भी जाना जाता है

सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) फोड़ा फुन्सी पर लगाने से ठीक हो जाती है और पवित्र भभूति ( राख ) को अपने शरीर पर लगाने से कई असाध्य रोग वाले मरीजों को आराम मिलता है यह राखपंचमपुर मेला 7 मार्च से प्रारम्भ होकर 11 मार्च तक पांच दिन चलेगा होली की रंगपंचमी पर लगने वाले राखपंचमपुर मेला की प्रसिद्धि निरन्तर बढ़ती ही जा रही है इसे वार्षिक कैलेण्डर में स्थान दिया जाता है सिद्ध बाबा का मन्दिर आस्था का केन्द्र बनता जा रहा है यहां फोड़ा और फुन्सी से लेकर लाइलाज बीमारी सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) लगाने से ठीक हो जाती हैं सिद्ध बाबा मन्दिर के चमत्कार ग्रामवासियों व बाहर से आये हुये श्रद्धालुओं के मुंह से सुने जा सकते हैं लोगों का कहना है कि जब चिकित्सक उपचार करने से मनाही कर देते है तो सिद्ध बाबा ऐसे मरीजों की मदद करते हैं राखपंचमपुर में लगने वाले मेला के दौरान यहां पास से निकली रेल पटरियों पर रंगपंचमी के दिन प्रत्येक ट्रेन को रोका जाता है मान्यता है कि एक बार रंगपंचमी के दिन एक ट्रेन दोपहर के समय यहां से गुजर रही थी और जैसे ही सिद्ध बाबा मन्दिर के सामने गाड़ी का इन्जन आया और वह बन्द हो गया जिससे ट्रेन खड़ी रही ट्रेन की गड़बड़ी की जांच करने के लिये झांसी से इंजिनियर बुलवाया गया इसके बावजूद भी इन्जन ठीक नहीं हुआ तब किसी राहगीर ने ट्रेन ड्राईवर को बताया कि आज रंगपंचमी है और यहां पास में ही श्री सिद्ध बाबा का मन्दिर है और सिद्ध बाबा के मन्दिर पर मेला लगा हुआ है अगर आप सिद्ध बाबा के मन्दिर पर माथा टेकने जाओगे तो शायद ठीक हो जाये और हुआ भी ऐसा ही जब ट्रेन ड्राईवर श्री सिद्ध बाबा के मन्दिर पर माथा टेकने पहुंचा और माथा टेककर श्री सिद्ध बाबा की चमत्कारी मड़िया के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया फिर वापिस ट्रेन के पास आया और ट्रेन के इन्जन को स्टार्ट किया तो वह चालू हो गया तब से ये परम्परा चली आ रही है कि श्री सिद्ध बाबा के चमत्कारों से रंगपंचमी के दिन यहां पर अधिकान्स ट्रेन खड़ी होकर जाती है श्री सिद्ध बाबा के दर्शन करने के लिये वैसे तो साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन रंगपंचमी के दिन श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ती है कि व्यवस्थायें भी कम पड़ जाती है ललितपुर शहर से यह राखपंचमपुर श्री सिद्ध बाबा मन्दिर लगभग बीस किलोमीटर दूरी पर स्थित है । मुख्य पुजारी शिवलाल पन्डा ने बताया कि छै पीड़ियो लगभग तीन सौ पचास वर्ष से यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है यह मेला सिद्ध बाबा के चमत्कारों के लिये जाना जाता है लोगों में मान्यता है कि यहां पर कोई भी रोगी फोड़ा फुंसी, चर्म रोग,कैंसर जैसी बड़ी से बड़ी बीमारी व ऐसे रोग जो असाध्य हो गये है उपचार लेने के बाद रोगी ठीक नहीं हो रहा है सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) लगाने से ठीक हो जाता है लगभग चालीस साल से श्री सिद्ध बाबा की सेवा में लगे हुये है सिद्ध बाबा मंदिर पर आने वाले श्रद्धालु अपनी समस्या बताते है तो हम उन्हें नीम के झोंके से झाड़कर उनके शरीर पर श्री सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) का लेपन कर देते जिससे श्रद्धालुओं को आराम मिल जाता है । राजपाल सिंह यादव ग्राम प्रधान ने बताया कि रंगपंचमी के दिन श्री सिद्ध बाबा के दर्शन करने, सीदा चढ़ाने, कथा कराने के लिये उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से श्री सिद्ध बाबा मंदिर पर श्रद्धालुओं का इतना सैलाव उमड़ता है कि मंदिर पर चारो तरफ भीड़ ही भीड़ नजर आती है सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति राख लगाने से फोड़ा फुंसी ठीक हो जाती हैं व चर्म रोग से भी छुटकारा मिलता है श्रद्धालु सिद्ध बाबा मंदिर में अपनी हाजिरी लगाने के लिये अपने आप खिंचे चले आते है और जो भी श्रद्धालु सिद्ध बाबा मंदिर में अपनी मनोकामना लेकर आते हैं तो सिद्ध बाबा उन सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी करते है और यह मेला दिनांक 7 मार्च मार्च से 11 मार्च तक चलेगा ।

सीताराम कुशवाहा ने बताया कि श्री सिद्ध बाबा मंदिर पर रंग पंचमी पर बड़ा ही विशाल भव्य मेला लगता है और मेला में हर साल लाखों श्रद्धालु श्री सिद्ध बाबा की चमत्कारी मड़िया के दर्शन करने के लिये बड़ी दूर दूर से पहुंचते है और अपनी हाजिरी दर्ज कराते हैं सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति ( राख )लगाने से कई असाध्य रोग वाले मरीजों को आराम मिलता है वैज्ञानिक युग में श्री सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति (राख) का चमत्कार अब भी बना हुआ है ।

देवेंद्र शर्मा ऐडवोकेट ने बताया कि श्री सिद्ध बाबा की महिमा का अंदाजा इससे भी लगाया जाता है कि जब चिकित्सक उपचार करने से मनाही कर देते है तब श्री सिद्ध बाबा ऐसे मरीजों की मदद करते है सच्चे मन से सिद्ध बाबा का नाम लेकर जो व्यक्ति शरीर में पवित्र विभूति राख का लेपन करता है तो उसे राहत मिलना शुरू हो जाती है और जिन लोगों की मनोकामना पूरी हो जाती है वे सिद्ध बाबा मंदिर पर प्रसाद चढ़ाते हैं व कथा करवाते हैं । संजीव मिश्रा ने बताया कि होली की रंगपंचमी पर लगने वाले राखपंचमपुर मेला की ख्याति निरन्तर बढ़ती जा रही है सिद्ध बाबा का मंदिर आस्था का केंद्र बनता जा रहा है इसे वार्षिक कैलेण्डर में स्थान दिया जाता है यहां फोड़ा और फुंसी से लेकर लाइलाज बीमारी श्री सिद्ध बाबा की पवित्र भभूति राख लगाने से ठीक हो जाती है।

देवेन्द्र कुमार राय ने बताया कि श्री सिद्ध बाबा के दर्शन करने के लिए वैसे तो साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन नागपंचमी के दिन श्री सिद्ध बाबा मंदिर पर उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से श्रद्धालुओं का इतना सैलाब उमड़ता है कि हर कोई सिद्ध बाबा की चमत्कारी मड़िया के दर्शन करने व सीदा चढ़ाने के लिए लालायित रहता है यह मेला सिद्ध बाबा के चमत्कारों के लिये भी जाना जाता है और हर श्रद्धालु इस राखपंचमपुर मेले का साल भर से इन्तजार करते रहते हैं जिला ललितपुर से राख पंचमपुर श्री सिद्ध बाबा मन्दिर लगभग बीस किलोमीटर दूरी पर स्थित है।

# संक्षिप्त खबरें

## भाजपा के बागी पार्षदों की शिकायत पर Kanpur DM का एक्शन, जमीन कब्जाने में महापौर के बेटे सहित 14 पर केस

**कानपुर।** सिविल लाइंस क्षेत्र में नजूल की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में महापौर के बेटे अमित पांडेय उर्फ बंटी समेत 14 लोगों के खिलाफ वाद दर्ज किया गया है। प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पीपीई एक्ट के तहत एसीएम तृतीय यादवेंद्र सिंह वैंस की अदालत में वाद दर्ज किया गया है। प्रकरण में पुलिस कमिश्नर आवास के पीछे स्थित ब्लाक नंबर एक, प्लाट संख्या 5 व 6 से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार यहां लंबे समय से नजूल भूमि पर कब्जा कर चट्टा, पार्किंग, स्ट्रीट लाइटें, झोपड़ी, टीनशेड और ओपन जिम बना लिए गए। मौके पर गाय बंधी मिली और पानी की टंकी भी स्थापित पाई गई। बागी पार्षद पवन गुप्ता समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की लिखित शिकायत पर डीएम जितेन्द्र कुमार सिंह ने एसडीएम सदर, एसीएम सप्तम और तहसीलदार सदर की संयुक्त टीम से जांच कराई। जांच में बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई। लेखपाल हरिशंकर विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर दर्ज वाद में अमित पांडेय उर्फ बंटी, निजामुद्दीन, राम नारायण, मोहित, पप्पू, जुग्गीलाल, केदारनाथ यादव, शीला, रामकली, मन्नीलाल, अशोक, आशू, मुन्नी कश्यप, सुनीता, रज्जन, प्रेम प्रकाश व रमेश के नाम शामिल हैं। अब अदालत से नोटिस जारी कर पक्षकारों से जवाब-तलब किया जाएगा, जिसके बाद बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

## कुशीनगर के कप्तानगंज में अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर कप्तानगंज थाना पुलिस ने दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से बड़ी मात्रा में खाली पैकेट, अपमिश्रित शराब, नौसादर आदि मिला है। अवैध शराब की फैक्ट्री मथौली बाजार के पास बंद पड़े एक पोल्ट्रीफार्म में संचालित हो रही थी। धंधेबाज अवैध शराब तैयार कर होली के अवसर पर बेचने की तैयारी में थे। थानाध्यक्ष कप्तानगंज दीपक कुमार सिंह मंगलवार तड़के गश्त पर थे। मथौली के पास फर्दहा गांव के मार्ग पर पोल्ट्री फार्म में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। छापेमारी की तो मौके से करीब चार हजार बंटी बबली का खाली पैकेट, जरिकेन में छह लीटर अपमिश्रित शराब, पांच किग्रा यूरिया, तीन सौ ग्राम नौसादर बरामद हुआ। मौके से भाग रहे दो धंधेबाज पकड़े गए। उनकी पहचान दीनानाथ जायसवाल व निगम जायसवाल निवासी मथौली बाजार थाना कप्तानगंज के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि होली पर वे अवैध शराब तैयार कर इसकी बिक्री की तैयारी में थे। अपमिश्रित शराब तैयार कर वह बंटी-बबली के पैकेट में भरकर पहले से बेचते थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आबकारी अधिनियम व आइटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही। टीम में दारोगा अंकित सिंह, प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे।

## चित्रकूट में हिडन कैमरे से पकड़े जाएंगे 'लिंग चयन' के सौदागर, मुखबिरों को मिलेगा इनाम

**चित्रकूट।** भ्रूण हत्या और लिंग चयन जैसे जघन्य अपराधों पर निर्णायक प्रहार की तैयारी शुरू हो गई है। अब अवैध अल्ट्रासाउंड जांच और लिंग बताने के गोरखधंधे पर नकेल कसने के लिए प्रशासन मुखबिरों को हिडन कैमरा और आधुनिक तकनीकी संसाधनों से लैस कर मैदान में उतारेगा। जो भी व्यक्ति ऐसे गैरकानूनी कृत्यों का भंडाफोड़ करेगा, उसे इनाम दिया जाएगा। प्रशासन का साफ संदेश है बेटियों की हत्या करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने 'गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित जनपद स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक में जनपद के सभी सरकारी और निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद में कुल 11 अल्ट्रासाउंड है जिसमें पांच निजी है जबकि छह सरकारी है। सरकारी में सिर्फ चार संचालित हैं दो में विशेषज्ञ नहीं है। जिलाधिकारी स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र में लड़का या लड़की दर्शाने वाले सांकेतिक चित्र या फोटो नहीं होने चाहिए। नियम उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम उप जिलाधिकारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी को नियमित व औचक निरीक्षण के निर्देश भी दिए गए। लिंग चयन जैसे अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी ने 'मुखबिर योजना' को सक्रिय करने पर बल दिया।

# सिद्धार्थनगर में कंपोजिट मदिरा के दुकान के मुनीम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के भवनीगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नी चाफा बरघाट स्थित एक कंपोजिट मदिरा की दुकान के मुनीम मुनीराम( 43) पुत्र छेदी, निवासी जुडवनिया थाना भवानीगंज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकान के मालिक प्रवेश कुमार यादव पुत्र परशुराम, निवासी चंद्रदीप घाट ने बताया कि होली के कारण दुकान बंद थी। दुकान में माल आया था, जिसे लगवाने के लिए वह रात से ही मुनीम को फोन कर रहे थे, लेकिन फोन रिसीव नहीं हो रहा था। सुबह जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो शटर का ताला तोड़कर देखा गया। अंदर मुनीराम अपने बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया । वह इनर के सहारे सीलिंग फैन से फांसी लगाए हुए बैठे था । मालिक ने तत्काल इसकी सूचना थाना भवानीगंज के थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह को दी।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष भवानीगंज, सीओ डुमरियागंज बृजेश वर्मा और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की विधिवत छानबीन की। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।प्रथम दृष्टया मुनीम की मौत संदिग्ध लग रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और सीओ स्वयं मामले की निगरानी कर रहे हैं। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनकी जानकारी दी जाएगी।

## महराजगंज में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में घायल युवक की मौत, आरोपियों पर बढ़ाई गई हत्या की धारा

**(महराजगंज)।** शराब के नशे में दो सप्ताह पूर्व हुए विवाद में घायल युवक की उपचार के दौरान सोमवार की देर रात मृत्यु हो गई। इस मामले में आरोपितों पर हत्या का मुकदमा भी चलेगा। श्यामदेउरवा थाना अंतर्गत भटहट-पनियरा मुख्य मार्ग स्थित मंगलपुर चौराहे पर कबाड़ी की दुकान के पास 17 फरवरी की रात सुमेरगढ़ निवासी मंदीप और उसका दोस्त वारिश अंसारी (निवासी डोहरिया बाजार, थाना चिलुआताल, गोरखपुर) की मंगलपुर निवासी पवन गुप्ता, धनंजय सिंह व आशीष सिंह से कहासुनी हो गई। आरोपितों ने हमला कर मंदीप और वारिश को घायल कर दिया। मंदीप का उपचार बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा था, जहां सोमवार को देर रात उसकी मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस पहले ही श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंगलपुर निवासी पवन गुप्ता, धनंजय सिंह और आशीष सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध पूर्व में ही हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा चुका है। युवक की मृत्यु के बाद अब मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सिद्धार्थनगर में युवक का शव पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर निवासी अजीत कुमार उर्फ गोलू (20) पुत्र चंद्र प्रकाश सोमवार शाम लगभग तीन बजे घर से खाना खाकर निकला, देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करना चाहा, लेकिन फ़ोन स्विच ऑफ बता रहा था, परिजनों ने गांव के इर्द गिर्द काफी खोजबीन किया न मिलने पर नात रिश्तेदारों के पास फोन लगाकर जानकारी प्राप्त किए लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। मंगलवार की सुबह कुछ ग्रामीणों ने गांव के उत्तर स्थित बूढ़ी राप्ती नदी के समीप एक भिलोर के पेड़ से लटकता शव देखा तो, उसके गले में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका हुआ देखकर लोग करीब से जाकर पहचान किया तो उसकी पहचान अजीत कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई, इसकी सूचना परिजनों को दी , सूचना पाकर स्वजन घटना स्थल पर पहुंचकर देखा तो जैसे पांव तले जमीन खिसक गई हो, आस- पास के ग्रामीण घटना की सूचना पाकर भारी संख्या में पहुंच गए।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई,सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई, लाश को पेड़ से नीचे उतरवाया, पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि मृतक के पिता के तहरीर प्राप्त हुई घटना की सूचना पाकर मौके पर मय फोर्स पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच में पुलिस पूरी तरह से जुटी हुई है, हत्या के कारण का पता अभी तक नहीं लग पाया है।

# कोडीन युक्त सिरप का कानपुर में अवैध कारोबार, फर्म मालिक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अवैध कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप की खरीद और बिक्री के मामले में हनुमंत विहार थाने में बीते वर्ष नवंबर 25 में एनडीपीएस आदि मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में फरार चल रहा एक दवा कंपनी का प्रोपराइटर क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा है। पुलिस को उसके पास से एक लैपटाप भी बरामद हुआ है। जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आरोपित ने दस हजार पांच सौ से अधिक प्रतिबंधित सिरप की खरीद फरोख्त की है, वहीं पुलिस आगे सिंडीकेट में शामिल अन्य सदस्यों की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करेंगी। इसके अलावा बिक्री की जा चुकी बोतलों को भी रिकवर करने का प्रयास होगा। मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह बताया कि प्रतिबंधित कोडीन युक्त सिरप के मामले में कई मुकदमें दर्ज हुए हैं, जिसमें एक हनुमंत विहार थाने में 5 नवंबर 2025 को मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें वांछित हनुमंत विहार के नई बस्ती बख्तौरी पुरवा निवासी विशाल सिंह सिसोसिया (मेसर्स सिसोदिया मेडिसिन हाउस के संचालक ) को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। जो प्रतिष्ठान का संचालन अर्रा में कर रहा था।

बताया कि मामले में आरोपित विशाल ने अपनी फर्म से कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप फैंसीपिक-टी की बड़ा मात्रा में अवैध रूप से खरीद व बिक्री कर रहा था। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान अभिलेखों और ई-मेल आदि से साफ हुआ कि कई बार में बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त औषधियों की खरीद की गई। जिसमें लखनऊ की इधिका लाइफसाइंसेज से 5250 बोतल फैंसीपिक-टी सिरप खरीदीं। लेकिन, इनकी बिक्री के कोई साक्ष्य नहीं मिले। साथ ही अन्य स्त्रोतों से कोडीन युक्त कुल दस हजार पांच सौ बोतल खरीद की पुष्टि हुई है। यह भी देखा जा रहा है कि प्रतिबंधित सिरप किसी अन्य नाम से भी तो नहीं बेची जा रही थी। वहीं, निरीक्षण के दौरान आरोपित का प्रतिष्ठान बंद था। पर, इसके बाद भी आरोपित ने सिरप से संबंधित खरीद और बिक्री संबंधित अभिलेख स्टाक रजिस्टर एवं बिल-वाउचर प्रस्तुत नहीं किए गए।

**आरोपित से मिला लैपटाप, डिजिटल साक्ष्य की होगी फोरेंसिक जांच**

डीसीपी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपित विशाल सिंह सिसोदिया के पास से एक लैपटाप बरामद हुआ है। जिसका उपयोग वह फर्जी बिलिंग के अलावा अभिलेखों के हेरफेर के लिए करता था।इस लैपटाप को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जहां उनका वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से विश्लेषण होगा। साथ ही जांच में इस अवैध व्यापार में शामिल अन्य व्यक्तियों , सप्लायर्स की भूमिका की भी जांच होगी। जिसमें दोषी साबित होने पर कार्रवाई होगी।

# हरिद्वार के राजा पहलवान ने चंडीगढ़ के श्यामू पहलवान को दिखाया आसमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम शोहरतगढ़ के मैदान में दो दिवसीय आयोजित अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के दूसरे अंतिम दिन मंगलवार को चंडीगढ़ के श्यामू पहलवान व हरिद्वार के राजा पहलवान के बीच महा मुकाबला हुआ। दोनो पहलवान कुश्ती के कई दावं पेच की कुश्ती खेल प्रेमियों को देखने को मिला। राजा पहलवान ने श्यामू पहलवान को कलाजंग दाव मारकर चित कर दिया। इसी तरह पंजाब के विक्की पहलवान व आगरा के सूरज पहलवान के बीच मुकाबला हुआ। इस मुकाबले में विक्की ने सूरज को धोबी पछाड़ दाव मारकर पराजित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने दूसरे दिन का कुश्ती का शुभारंभ किया। कहा कि कुश्ती केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन परंपरा और अनुशासन का प्रतीक है। आज के युवा पहलवानों को देखकर लगता है कि भारत का भविष्य ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और भी उज्ज्वल है। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि सरकार और खेल संघों से ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं वाली खेल अकादमियां खोलने की भी अपील की ताकि मिट्टी से निकलकर पहलवान मैट पर भी अपना दम खम और दांव पेंच बखूबी दिखा सकते है । इस दौरान डीएम शिवशरणप्पा जी एन, योगेंद्र प्रताप सिंह, सन्तोष पासवान, पंकज चौवे, रवि अग्रवाल, रमेश त्रिपाठी, शिवाकांत त्रिपाठी, संजय दुबे, संजय पाण्डेय, संदीप पासवान रिजवान अहमद, रोशन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# 38 फर्जी फर्में, 250 करोड़ का खेल, कानपुर-उन्नाव गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** सर्विलांस टीम और नजीराबाद थाना पुलिस ने 250 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाले एक गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तारकर पर्दाफाश किया। पुलिस आरोपितों के हवाला का काम करने की भी आशंका जताई है। पांच आरोपित अभी फरार हैं। ये गिरोह जरुरतमंदों को बैंकों से लोन दिलाने के नाम पर उनके दस्तावेज लेते थे, फिर फर्जी फर्में बनाने व उसी नाम से खाते खुलवाकर जीएसटी चोरी करने का खेल करते थे। पुलिस की जांच में अब तक 38 बोगस फर्में मिली हैं, जिसमें पुलिस ने आरोपितों के खाते में रहे 1.50 करोड़ रुपये फ्रीज कराए हैं। आरापितों ने जिन दो लोगों के खाते खुलवाए थे। उनमें से एक ई-रिक्शा चालक का बेटा व दूसरा बीए की पढ़ाई कर रहा है। मामले में पुलिस अब बैंक के अधिकृत अधिकारी, आरबीआइ, जीएसटी विभाग को पत्र भेज रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि नजीराबाद के आरके नगर निवासी बीए का छात्र अनुराग वर्मा की बहन की शादी 22 फरवरी को थी। उसे रुपयों की काफी जरूरत थी। दिसंबर 2025 को उसे मैदान में मैच खेलने के दौरान कपिल नाम का युवक मिला। उसने बताया कि वह बैंक में लोन कराता है। इस पर अनुराग ने उससे एक लाख का उसका लोन कराने के लिए कहा।

कपिल ने उसे पांच हजार रुपये एक दिन बाद दिए और भरोसा दिलाया कि लोन करा देंगे। इसके बाद कपिल ने अपने साथी राज उर्फ अमरदीप से मिलवाया। दोनों ने उसके पैनकार्ड, आधार समेत दस्तावेज लिए, फिर उसके नाम पर कोयला नगर की एक दुकान का किराये का एग्रीमेंट कराया और जीएसटी में उसके नाम से रुद्रा इंटरप्राइजेज फर्म जीएसटी से पंजीकृत करा दी। उसी दस्तावेजों के आधार पर यस बैंक में खाता खुलवा दिया। कपिल ने अनुराग से कहा कि महीनेभर में लोन हो जाएगा, लेकिन 22 फरवरी को जब लोन नहीं हुआ तो वह बैंक चला गया, जहां पैनकार्ड दिखाने पर पता चला कि वह खाता फर्म के नाम से खुला है और उसमें पांच से छह माह में लगभग 70 लाख के लेनदेन हुए हैं। अनुराग ने साइबर ठगी की आशंका पर सर्विलांस टीम को जानकारी दी। सर्विलांस टीम ने जांच की तो पता चला कि अनुराग के दस्तावेजों पर खुले खाते में 12 फर्मों से रुपये ट्रांसफर हुए हैं, लेकिन उसे नकद निकाला गया। उन फर्मों में एक पार्वती इंटरप्राइज है। उस फर्म के खाते में उन्नाव के इंदिरा नगर निवासी बीए का छात्र उज्जव गुप्ता के दस्तावेज लगे थे। उसके बारे में जानकारी करने पर पता चला कि उसके पिता ई-रिक्शा चालक हैं। उस खाते में पांच-पांच करोड़ की कई रकम ट्रांसफर हुए, जिसके बाद सर्विलांस टीम पुलिस ने पहले कपिल फिर उसके साथ अमरदीप को दबोचा। पुलिस ने दोनों खातों में रहे 1.50 करोड़ रुपये भी फ्रीज कराए हैं। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि आरोपितों के गिरोह में उन्नाव व कानपुर निवासी पांच रिषभ शुक्ला, रिषभ पांडेय, रिषभ पटेल, रजत, साहिल फरार हैं।

**ये बरामद हुआ**

आरोपितों के पास से 30 मोबाइल, 30 से ज्यादा फर्जी सिमकार्ड, 52 दुकानों की चाबी, 12 फर्मों के साइन बोर्ड, तीन डायरियां, विभिन्न फर्मों के बैंकिंग दस्तावेज, 15 खातों के चेकबुक, दो मोहर व तीन पैड, तीन हस्ताक्षरयुक्त चेकें, दो स्कूली, किराएदारनामा समेत दस्तावेज बरामद हुए।

# महराजगंज में पत्नी ने बुजुर्ग पति को डीजल डालकर लगाई आग, कमरा बंद कर हुई फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज।** पति-पत्नी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 65 वर्षीय पत्नी सुमित्रा ने अपने 70 वर्षीय पति रामपत को डीजल डालकर जला दिया। इसके बाद बाहर से कमरे में ताला बंद कर फरार हो गई। घटना की जानकारी सुबह होने पर अफरा-तफरी मच गई। चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित वृद्धा के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपित पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बासपार कोठी टोला पिपरा गांव निवासी सुमित्रा 10 वर्ष पूर्व मुंबई में रहकर रोजगार करती थी। वहीं पर उसकी मुलाकात मुंबई के रामपत से हुई। नजदीकियां बढ़ने के बाद सुमित्रा उसे लेकर अपने गांव पिपरा में आ गई। यहां दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। हाल के वर्षों में दोनों में अनबन शुरू हो गई। इसके बाद से वह एक ही कमरे में अलग-अलग भोजन बनाने लगे। सोमवार की रात किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि वृद्धा ने चारपाई पर लेटे बुजुर्ग पर डीजल डालकर आग लगा दी। जैसे ही बुजुर्ग उठकर भागने की कोशिश किया तो, वृद्धा बाहर से कमरे में ताला बंद कर फरार हो गई। रात होने के कारण किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी। मंगलवार की सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला और कमरे से गंध आने पर ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीणों ने झरोखे से देखा तो रामपत का जला शव फर्श पर पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि चौकीदार हबीब की तहरीर पर आरोपित महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**दो वर्ष पूर्व पति पर किया था चाकू से हमला, हुई थी जेल**

करीब दो वर्ष पहले भी सुमित्रा और रामपत के बीच विवाद हिंसक रूप ले चुका था। आरोप है कि उस समय सुमित्रा ने रामपत पर चाकू से हमला कर दिया था, जिसमें वह घायल हो गए थे। मामले की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुमित्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया और दोनों फिर साथ रहने लगे थे, लेकिन खाना अलग-अलग बनाते थे।

ग्रामीणों के अनुसार दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पुराने घटनाक्रम को देखते हुए मौजूदा वारदात ने पूरे गांव को झकझोर दिया है और लोग इसे लंबे समय से चल रहे घरेलू कलह का परिणाम मान रहे हैं।

# कुशीनगर में B D O की गाड़ी में आग लगाने वाला निकला महिला रसोइया का प्रेमी, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** बीडीओ राम खेलावन सेठ के सरकारी व निजी वाहन में आग उनकी महिला रसोइया के प्रेमी ने लगाई थी। बीडीओ के व्यवहार से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने घटना के चौथे दिन उसे गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश कर दिया। पूछताछ में उसने बताया कि बीडीओ रात में उसे अपने आवास पर रोक लेते थे, यह उसे पसंद नहीं था। पुलिस उसे कोर्ट ले गई, वहां से जेल भेज दिया गया। नेबुआ नौरंगिया के बीडीओ के सरकारी आवास की मरम्मत का कार्य चल रहा। वर्तमान में वे ब्लाक के नजदीक के गांव रामपुर खुर्द में किराए का आवास लेकर रह रहे। बीते गुरुवार की आधी रात को आवास के बाहर पार्क की गई उनकी सरकारी व निजी गाड़ी में अचानक लग गई। आवाज होने पर बीडीओ जगे तो देखे कि उनकी दोनों गाड़ियां धू धू कर जल रहीं हैं। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया था। हालांकि तब तब दोनों गाड़ियां पूरी तरह जल चुकीं थीं। बीडीओ ने इसकी सूचना नेबुआ नौरंगिया पुलिस को दी। पुलिस की जांच पड़ताल में घटनास्थल के समीप खाली बोतल मिला, जिसमें पेट्रोल की गंध आ रही थी। मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच की। बीडीओ आवास में अकेले रहते हैं। उनके यहां भोजन बनाने एक युवती आती है। पुलिस ने युवती के मोबाइल का सीडीआर निकाला तो शक की सुई गोलू यादव निवासी रामपुर खुर्द की ओर घूमती नजर आई। युवक को पकड़ पुलिस ने पूछताछ की तो पहले उसने आनाकानी की पर सबूत दिखाने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

बताया कि बीडीओ के यहां भोजन बनाने वाली युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा। उनके यहां भोजन बनाने के काम से कई बार मना किया पर उसके घर वाले नहीं माने। बीडीओ अक्सर रात को उसे अपने आवास पर रोक लेते थे, यह बात मुझे पसंद नहीं थी। इससे परेशान होकर बाइक से पेट्रोल निकाली और घटना वाली रात उनके आवास पहुंच दोनों गाड़ियों पर पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। पुलिस टीम में एसएचओ चंद्रभूषण प्रजापति, दारोगा संदीप यादव, कां.यशवंत यादव, अश्विनी कुमार, संदीप कुमार, दीपक कुमार शामिल रहे।

**वाराणसी के रहने वाले हैं बीडीओ**

बीडीओ रामखेलावन सेठ मूल रूप से वाराणसी जिले के गांव कठीराव के निवासी हैं। वर्तमान में वह कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के बीडीओ पद पर तैनात हैं।

# डीजीपी राजीव कृष्ण की प्रदेशवासियों से अपील, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं होली का त्योहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों और उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं तथा उत्सव के दौरान सुरक्षा और मर्यादा का विशेष ध्यान रखें।

**होली रंगों और खुशियों का पर्व**

डीजीपी ने कहा कि होली रंगों और खुशियों का पर्व है, जो समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि होली खेलते समय केवल प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें, ताकि किसी को किसी प्रकार की शारीरिक हानि न पहुंचे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध रंग न लगाया जाए और बुजुर्गों, बच्चों तथा महिलाओं का विशेष सम्मान रखा जाए।

**यातायात नियमों का पालन करें लोग**

राजीव कृष्ण ने होली के दौरान यातायात नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार की खुशी में लोग अक्सर लापरवाही बरतते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें।

**संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात**

डीजीपी ने यह भी आश्वस्त किया कि होली के अवसर पर प्रदेशभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक सुरक्षित वातावरण में त्योहार का आनंद ले सके।

**संयम और जिम्मेदारी के साथ मनाएं होली**

अंत में डीजीपी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे संयम, जिम्मेदारी और आपसी सम्मान के साथ होली मनाएं और समाज में प्रेम व सद्भाव का संदेश फैलाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध है।

